जागरूक टाइम्स
मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित
www.jagruktimes.co.in
₹4
▸ वर्ष 21 ▸ अंक-177 ▸ मुंबई, गुरुवार, 23 जनवरी 2025 ▸ मुंबई ▸ पृष्ठ 12 ▸ मूल्य

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें



इंग्लैंड ने अमेरिका को आठ विकेट से हराया ..पेज 11

## जलगांव : पुष्पक एक्सप्रेस के यात्रियों का काल बनी कर्नाटक एक्सप्रेस, कर्नाटक में भी दो हादसे

# आग की अफवाह में जलीं 12 जिंदगियां

## महाराष्ट्र के जलगांव में बड़ा रेल हादसा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव में बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। पचोरा के पारधाड़े स्टेशन के पास पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद अफरातफरी मच गई। यात्रियों ने चेन पुलिंग की और ट्रेन से कूदना शुरू कर दिया। इसके बाद यात्री दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। हादसे में 12 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि कई यात्री घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन का कहना है कि जलगांव जिले के कलेक्टर के मुताबिक हादसे में 10 से 12 यात्रियों की मौत हुई है। वहीं विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्रेय कराले ने कहा कि महाराष्ट्र के जलगांव जिले में ट्रेन दुर्घटना स्थल से 12 शव बरामद किए गए हैं। मध्य रेलवे के मुख्य प्रवक्ता स्वप्निल नीला ने कहा कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच के अंदर हॉट एक्सल या ब्रेक-बाइंडिंग के कारण चिंगारी उठी और कुछ यात्री घबरा गए। उन्होंने चेन खींच दी, और नीचे कूदे इसी दौरान वे सामने से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए।





### गृहमंत्री ने जताई गहरी संवेदना

हादसे को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने भी दुख जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि महाराष्ट्र के जलगांव में हुआ रेल हादसा अत्यंत दुःखद है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से बात कर हादसे की जानकारी ली। स्थानीय प्रशासन घायलों को हर संभव मदद पहुंचा रहा है। इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### पहुंचे अधिकारी

नासिक के डिवीजनल कमिश्नर ने बताया कि हम मौके पर हैं। एडिशनल एसपी, एसपी, कलेक्टर और सभी अधिकारी पहुंच हैं। हम डीआरएम और रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। अंतिम जानकारी के अनुसार आठ एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई हैं।

### हेल्प लाइन नंबर

घटना की जानकारी मिलते ही पूर्वोत्तर रेलवे ने हेल्प लाइन नंबर 8957409292 जारी किया है। जिस पर रेल यात्रियों के बारे में जानकारी ली जा सकती है। वहीं जलगांव जिला अधिकारी कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### सीएम ने किया वित्तीय सहायता का ऐलान



इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने हादसे में घायलों और मृतकों के परिजनों के लिए वित्तीय सहायता का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जलगांव जिले में हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में मरने वालों के परिवारों को 5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी, और राज्य सरकार घायलों का पूरा खर्च भी वहन करेगी। मैं भगवान से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करता हूं।

## 50 मीटर गहरी खाई में गिरा ट्रक




## मुख्यमंत्री ने किया मुआवजे का ऐलान

**बेंगलुरू।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के येल्लापुरा में फल और सब्जियां ले जा रहा ट्रक 50 मीटर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 15 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना सुबह 5 बजे सावनूर-हुबली हाईवे पर हुई। स्थानीय लोग और पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे की खबर फैलते ही इलाके में शोक का माहौल बन गया। पुलिस के मुताबिक, सड़क पर कोई सुरक्षा दीवार नहीं थी। ट्रक ड्राइवर दूसरे वाहन को साइड देने की कोशिश में गाड़ी से काबू खो बैठा। इस वजह से ट्रक खाई में जा गिरा। ट्रक में 25 से ज्यादा लोग सवार थे, जो सावनूर से फल और सब्जियां लेकर येल्लापुरा के मेले में जा रहे थे।

### सिंधनूर में दूसरा हादसा, चार की मौत

वहीं कर्नाटक के रायचूर जिले के सिंधनूर में भी एक सड़क दुर्घटना हुई। कर्नाटक के रायचूर में भी एक सड़क हादसे का मामला सामने आया। यहां एक गाड़ी पलटने से चार लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। पोस्टमॉर्टम के बाद शव माता-पिता को सौंप दिया गया।

### मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने जताया शोक



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने दोनों हादसों को लेकर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "येल्लापुरा और सिंधनूर की दुर्घटनाओं में 15 लोगों की मौत से मन विचलित है।" उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायल लोगों को हर संभव मदद देने का आश्वासन भी दिया।






## महाकुंभ नगरी में योगी कैबिनेट ने किए पांच बड़े ऐलान

# एक्सप्रेसवे और कई ब्रिजों की सौगात

**लखनऊ।** यूपी के प्रयागराज में बुधवार को महाकुंभ में योगी सरकार की कैबिनट बैठक हुई। इस दौरान सीएम ने मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद संबोधित किया। इस दौरान सीएम ने कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी साझा की। सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज, वाराणसी और आगरा हमारे तीन महत्पूर्ण नगर निगम हैं। यहां के लिए बांड जारी करने जा रहे हैं। सरकार चित्रकूट और प्रयागराज को लेकर डेवलप करेगी। इसके लिए गंगा एक्सप्रेसवे को एक्सटेंशन देंगे। इससे पर्यटन और आर्थिक दृष्टि से मजबूती मिलेगी।



### सात जिले धार्मिक क्षेत्र घोषित

वाराणसी, प्रयागराज समेत सात जिलों को धार्मिक क्षेत्र की मंजूरी मिली है। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और मुरादाबाद में 10 हजार करोड़ का निवेश का प्रस्ताव पास हुआ है।

### बुंदेलखंड से जुड़ेगा गंगा एक्सप्रेस वे

इसके साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे को बुंदेलखंड से जोड़ेंगे। इससे प्रयागराज व चित्रकूट क्षेत्र में विकास को गति मिलेगी। इसके आलावा प्रयागराज से मिर्जापुर, वाराणसी और जौनपुर को जोड़ने झूंसी की ओर फोरलेन ब्रिज बनाएगी।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से भी जुड़ेगा

प्रदेश में बुनियादी ढांचे को मजबूती देने के लिए, गंगा एक्सप्रेसवे का विस्तार दिया जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे प्रयागराज से मिर्जापुर, भदोही से काशी, चंदौली और गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा..."

### महाराष्ट्र सरकार को गृह मंत्रालय का आदेश

## बांग्लादेशी घुसपैठियों पर सख्त ऐक्शन लें

**मुंबई।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र सरकार को अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा महाराष्ट्र के गृह विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। मंत्रालय ने यह पत्र शिवसेना के पूर्व सांसद राहुल शेवाले द्वारा अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ एक ज्ञापन दिए जाने के बाद लिखा है। राहुल शेवाले ने टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट के आधार पर इस विषय को उठाया था। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर पिछले साल नवंबर में एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश और म्यांमार से आने वाले अवैध प्रवासियों ने मुंबई के राजनीतिक और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।




# ट्रंप ने दिया भारत को खास सम्मान



## जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेते ही ऐक्शन में दिख रहे हैं। भारत को प्रथामिकता देते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ज़ ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ अपनी पहली द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय बैठकें कीं। दोनों देशों के नेताओं की यह बैठक फॉगी बॉटम मुख्यालय में हुई। इस द्विपक्षीय बैठक के बाद क्वाड मंत्रिस्तरीय बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें चार देशों के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया। इस बैठक में भारत के अमेरिकी राजदूत विनय क्वात्रा भी शामिल थे।

### कनाडा पर कसी नकेल, ट्रूडो तड़पे

अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और मेक्सिको पर टैरिफ लगाने की धमकी दी है, जिसके बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इसे लेकर कड़ा जवाब देते हुए कहा कि कनाडा ऊर्जा क्षेत्र में एक सुपरपावर है और उसके पास तेल और खनिज के ऐसे भंडार हैं जिनकी अमेरिका को जरूरत है। अगर जरूरत पड़ी तो कनाडा तेजी से और मजबूत जवाबी कार्रवाई करेगा। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने शपथ ग्रहण समारोह में यह वादा किया था कि वह अमेरिका और मेक्सिको पर 1 फरवरी से टैरिफ लागू करेंगे।

### ठंडे दिमाग से सोचें : क्लाउडिया

मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबॉम ने भी ट्रूडो के विचारों का समर्थन करते हुए कहा, "यह हमेशा महत्वपूर्ण है कि हम ठंडे दिमाग से सोचें और केवल बयानबाजी से न भटकें बल्कि जिन आदेशों पर हस्ताक्षर किए गए हैं उन्हें प्राथमिकता दें।"






# केजरीवाल सरकार का 382 करोड़ का घोटाला!

## अजय माकन ने लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आम आदमी पार्टी पर 382 करोड़ रुपये के नए घोटाले के आरोप लगाए हैं। अजय माकन ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में एक पार्टी का गठन भ्रष्टाचार के खिलाफ हुआ था। उस वक्त एक नेता कैग की रिपोर्ट लाकर कांग्रेस के खिलाफ झंडा उठाते थे, लेकिन अब वही कैग रिपोर्टें उनके भ्रष्टाचार के बारे में बता रही हैं। अजय माकन ने कहा कि कैग की 14 रिपोर्ट्स सामने आई हैं। ये आप सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगा रही हैं। इनमें एक रिपोर्ट काफी गंभीर है। कैग की यह रिपोर्ट बताती है कि राष्ट्रीय राजधानी में 382 करोड़ रुपये का स्वास्थ्य घोटाला हुआ है।



# हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर की हत्या

**बेरूत।** लेबनान के पूर्वी क्षेत्र बेका घाटी में हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर शेख मोहम्मद अली हमादी की अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हिजबुल्लाह के स्थानीय कमांडर हमादी को माचगारा इलाके में उसके घर के पास चलती गाड़ी से छह गोलियां मारी गईं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमादी हिजबुल्लाह के पश्चिमी अल-बका क्षेत्र का कमांडर था। उसको दो वाहनों में सवार हमलावरों ने गोली मारी है। हमादी की हत्या के पीछे का मकसद अभी भी स्पष्ट नहीं है। किसी भी समूह या व्यक्ति ने अभी तक हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, हमादी को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



▸▸ घर के बाहर मारीं 6 गोलियां

# नालासोपारा में गोलीबारी, आठ घायल

- आरोपी मेघराज भोईर गिरफ्तार
- जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

अखिलेश तिवारी/ जागरूक टाइम्स

**वसई।** नायगांव पुलिस स्टेशन अंतर्गत बापाने क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर बुधवार दोपहर तीन बजे के आसपास हुई गोलीबारी में आठ लोग घायल हो गए। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने गोली चलाने वाले मेघराज भोईर को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार नायगांव पूर्व के बापाने मौजे के चंद्रपाड़ा सर्वे क्रमांक 167 और 168 की जमीन को लेकर भोईर परिवार और हाउसिंग एलएलपी ग्रुप के सदस्यों के बीच कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद अनीश सिंह की शिकायत पर नायगांव पुलिस स्टेशन में भोईर परिवार के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।




अगले दिन बुधवार को जब उक्त स्थान पर पंचनामा की कार्रवाई की जा रही थी, तो दोनों समूहों के बीच फिर से कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने गोलीबारी कर दी। इस हादसे में हाउसिंग एलएलपी ग्रुप के सदस्य संजय जोशी, अनीश सिंह, शुभम दुबे, वीरेंद्र चौबे, वैकुंठ पांडे, सचिन राठौर और राजन सिंह आदि समेत कुल आठ लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि अनीश सिंह, वैकुंठ पांडेय और संजय जोशी को गोली लगी है। इन सभी घायलों को मुंबई अहमदाबाद महामार्ग स्थित हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

### महाकुंभ में ब्लास्ट के पीछे खालिस्तानी संगठन

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले में सिलेंडर ब्लास्ट की घटना की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने ली है। इसे लेकर कुछ मीडिया संस्थानों को ई-मेल भेजी है, जिसमें कहा गया है कि पीलीभीत फेक एनकाउंटर का बदला लेने के लिए यह किया गया है। यह ब्लास्ट सीएम योगी को केवल अलर्ट है और यह शुरुआत है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आतंकी संगठन ने ई-मेल में कहा, 'खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स कुंभ मेले के दौरान हुए विस्फोट की जिम्मेदारी लेता है।

## सेंगर को मिली अंतरिम जमानत

**उन्नाव।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्नाव दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे भाजपा से निष्कासित विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत दे दी है। दरअसल हाईकोर्ट ने 24 जनवरी को मोतियाबिंद की सर्जरी कराने के लिए अंतरिम जमानत प्रदान की है। अदालत ने उसे 27 जनवरी तक आत्मसमर्पण करने का भी निर्देश दिया है। कुलदीप सिंह सेंगर को उनकी चिकित्सा आवश्यकताओं के मद्देनजर यह राहत दी गई है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यह जमानत केवल चिकित्सा कारणों के लिए दी गई है और इसका उनके दंड से कोई संबंध नहीं है। सेंगर को गुरुवार को अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए, ताकि शुक्रवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी एम्स में भर्ती कराया जा सके।

### मोकामा में गैंगवार | अनंत सिंह पर फायरिंग

# सोनू-मोनू गैंग ने किया हमला

**पटना।** बिहार के चर्चित बाहुबली नेता अनंत सिंह पर जानलेवा हमला हुआ है, जिसमें वो बाल-बाल बच गए हैं। अनंत सिंह को निशाने पर लेकर दर्जनों राउंड गोलियां चली हैं। खबरों के मुताबिक अनंत सिंह पर हमले का आरोप इलाके के सोनू-मोनू गैंग पर लगा है। खबरों के मुताबिक अनंत सिंह से इलाके के लोगों ने शिकायत की थी कि सोनू-मोनू गैंग ने उनके समर्थकों के घर पर कब्जा कर लिया है। इसकी जानकारी मिलने के बाद अनंत सिंह वहां पहुंचे थे, तभी यह हमला हुआ। अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी राजद के टिकट पर मोकामा से विधायक हैं और इस समय नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू को समर्थन दे रही हैं। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि अनंत सिंह, सोनू-



मोनू के ही घर पहुंच गए थे जहां दोनों तरफ से गोलीबारी हो गई। पुलिस ने कहा है कि वो पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## एनकाउंटर स्पेशलिस्ट इंस्पेक्टर शहीद

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ के इंस्पेक्टर सुनील कुमार बुधवार को शहीद हो गए। सोमवार, 20 जनवरी की रात सुनील कुमार और उनकी टीम ने शामली में कग्गा गैंग के 4 बदमाशों का एनकाउंटर किया था। मुठभेड़ में इंस्पेक्टर के पेट में दो गोली लगी थी। सुनील कुमार को गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में ले जाया गया, जहां सर्जरी की गई। डॉक्टरों ने कहा- गोली से लिवर, गाल ब्लेडर और पेट में खून की बड़ी नस में चोटें बहुत गंभीर थीं। लिवर डैमेज हो गया था। ब्लड प्रेशर भी ऊपर-नीचे हो रहा था।

# ईडी पर भड़के हाइकोर्ट के जज

## बोले- दिमाग नहीं है क्या, कुछ भी करेंगे?

### ▸▸ एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने अभी हाल ही में एक रियल एस्टेट कारोबारी के खिलाफ बिना सोचे समझे मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू करने पर ना केवल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कड़ी फटकार लगाई है बल्कि केंद्रीय एजेंसी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी ठोक दिया। हाई कोर्ट ने ईडी पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि केंद्रीय एजेंसियों को कानून के दायरे में रहकर काम करना चाहिए। कोर्ट ने ईडी अफसरों पर मनी लॉन्ड्रिंग के केस में दिमाग और विवेक का भी इस्तेमाल करने की नसीहत दी। हाई कोर्ट ने इसके साथ ही अगस्त 2014 में मुंबई के एक रियल एस्टेट डेवलपर राकेश जैन को ईडी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत के आधार पर एक विशेष अदालत द्वारा जारी समन/नोटिस को भी रद्द कर दिया।

### ईडी जैसी एजेंसियों को कड़ा निर्देश देना जरूरी

अपने आदेश में जस्टिस जाधव ने कहा, "अब समय आ गया है कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां कानून को अपने हाथ में लेना बंद करें और नागरिकों को परेशान करना बंद करें।" जस्टिस जाधव ने कहा, "मैं कठोर जुर्माना लगाने के लिए बाध्य हूं, क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय जैसी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को एक कड़ा संदेश देने की जरूरत है।

### पू. सी. रेलवे के पांडु स्थित विशेष प्रशिक्षण केंद्र

# संकेत और दूरसंचार का बड़े पैमाने पर अपग्रेड

- जीएम ने ने 22 को किया उद्घाटन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मालीगांव।** प्रौद्योगिकी के तेजी से आधुनिकीकरण के साथ तालमेल बनाए रखने और कर्मचारियों को अत्याधुनिक प्रशिक्षण और कौशल विकास प्रदान करने के लिए, पू. सी. रेलवे ने पांडु, मालीगांव स्थित विशेष प्रशिक्षण केंद्र, संकेत और दूरसंचार का बड़े पैमाने पर उन्नयन किया है।

इन उन्नयनों में डिजिटल रूप से सक्षम कक्षाएं और नवीनतम सिग्नलिंग प्रौद्योगिकियों, जिनमें क्लैंप टाइप प्वाइंट मशीन के साथ थिक वेब स्विचेस, मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर आदि के पूर्ण-स्तरीय मॉडल शामिल हैं। इसका उद्घाटन 22 जनवरी को पू. सी. रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया।



#### ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन

- ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सिग्नलिंग सिस्टम महत्वपूर्ण हैं और उसकी विश्वसनीयता एवं अनुरक्षण प्रत्यक्ष रूप से ट्रेनों की सुरक्षा एवं समय की पाबंदी को प्रभावित करता है। अतः सिग्नल और दूरसंचार उपकरणों के अनुरक्षण में लगे रेल कर्मचारियों का उचित प्रशिक्षण और कौशल विकास सबसे महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए कर्मचारी प्रशिक्षण केंद्र का अपग्रेड किया गया है। क्लैंप टाइप प्वाइंट मशीन के साथ थिक वेब स्विच रेल पटरियों पर प्वाइंट्स एवं क्रॉसिंग की सुरक्षा और विश्वसनीयता को बढ़ाता है, क्योंकि यह क्लैंप स्विच और स्टॉक रेल की अतिरिक्त प्रामाणिकता उपलब्ध कराता है।

#### ट्रेनों की सेक्शनल स्पीड को 160 कि.मी. प्रति घंटे

यह ट्रेनों की सेक्शनल स्पीड को 160 कि.मी. प्रति घंटे तक बढ़ाने में भी सक्षम बनाता है। मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) एक सेफ्टी इंटीग्रिटी लेवल (एसआईएल4) उपकरण है, जिसमें उन्नत जांच विशेषता हैं। यह विश्वसनीयता को बढ़ाता है क्योंकि यह प्रणाली दोहरे मोड में कार्य करती है। ट्रैक सर्किट वाले क्षेत्रों में जलभराव जैसी समस्याओं से एमएसडीएसी उपलब्ध कराकर निपटा जा सकता है।

## अमलनेर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अहमदाबाद।** यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 09019/09020 वलसाड-दानापुर महाकुंभ स्पेशल ट्रेन को अमलनेर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है। ट्रेन संख्या 09019/09020 वलसाड-दानापुर महाकुंभ स्पेशल को अमलनेर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ठहराव वलसाड से 25 जनवरी, से तथा दानापुर से 26 जनवरी से चलने वाली ट्रेन से प्रभावी होगा। ट्रेन संख्या 09019 वलसाड-दानापुर महाकुंभ स्पेशल 13.10 बजे अमलनेर पहुंचेगी और 13.12 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09020 दानापुर-वलसाड महाकुंभ स्पेशल 04.30 बजे अमलनेर पहुंचेगी और 04.32 बजे प्रस्थान करेगी।

### पुणे में गिलियन-बैरे सिंड्रोम

# 22 संदिग्ध मामले आए सामने

- गिलियन-बैरे सिंड्रोम में अचानक सुन्नता और मांसपेशियों में कमजोरी हो जाती
- इस बीमारी में अंगों में गंभीर कमजोरी जैसे लक्षण भी होते



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में गिलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के 22 संदिग्ध मामले सामने आने के बाद नगर निगम के अधिकारियों ने मरीजों की विस्तृत जांच की है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुणे नगर निगम (पीएमसी) के स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों के सैंपल जांच के लिए आईसीएमआर-एनआईवी को भेजे हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि इनमें से अधिकतर मामले शहर के सिंहगढ़ रोड इलाके से सामने आए। डॉक्टरों के अनुसार, गिलियन-बैरे सिंड्रोम एक दुर्लभ स्थिति है, जिसमें अचानक सुन्नता और मांसपेशियों में कमजोरी हो जाती है। इसके साथ ही इस बीमारी में अंगों में गंभीर कमजोरी जैसे लक्षण भी होते हैं। नागरिक स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख डॉ. नीना बोराडे ने बताया कि शहर के तीन से चार अस्पतालों में जीबीएस के 22 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। उन्होंने बताया, "पिछले दो दिनों में गिलियन-बैरे सिंड्रोम के संदिग्ध मामलों की रिपोर्ट सामने आई हैं।" बोराडे ने बताया कि हमने विस्तृत जांच शुरू कर दी है और एक विशेषज्ञ पैनल का गठन किया है। उन्होंने बताया कि हमने इन संदिग्ध मामलों के सैंपल आगे की जांच के लिए आईसीएमआर-एनआईवी को भी भेजे हैं। अधिकांश संदिग्ध मरीजों की उम्र 12 से 30 वर्ष की बीच है। हालांकि 59 वर्षीय एक मरीज का मामला भी सामने आया है। डॉ. बोराडे ने बताया कि जीवाणु और वायरल संक्रमण आम तौर पर जीबीएस का कारण बनते हैं क्योंकि वे रोगियों की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करते हैं।

# मध्य रेलवे चलाएगा चार विशेष एसी ट्रेन

**▶▶ मुंबई-अहमदाबाद के बीच यात्रियों की यात्रा आरामदायक**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** मध्य रेल यात्रियों की मांग को पूरा करने के प्रयास में मुंबई और अहमदाबाद के बीच 4 वातानुकूलित विशेष ट्रेन सेवा चलाएगा। इन सेवाओं से प्रसिद्ध म्यूज़िकल ग्रुप "कोल्ड प्ले" के कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक प्रशंसकों को भी लाभ मिलेगा। विशेष ट्रेन सेवाओं का विवरण इस प्रकार है।

**एलटीटी-अहमदाबाद-एलटीटी वातानुकूलित विशेष (2 सेवा)**

01155 वातानुकूलित विशेष दिनांक 25.1.2025 को 00.55 बजे एलटीटी मुंबई से रवाना होगी और उसी दिन 11.00 बजे अहमदाबाद पहुँचेगी। (1 सेवा) 01156 वातानुकूलित विशेष दिनांक 26.1.2025 को 02.00 बजे अहमदाबाद से रवाना होगी और उसी दिन 11.45 बजे एलटीटी मुंबई पहुँचेगी। (1 सेवा)

**दादर-अहमदाबाद-दादर वातानुकूलित विशेष (2 सेवा)**

01157 वातानुकूलित विशेष दिनांक 26.1.2025 को दादर से 00.35 बजे रवाना होगी और उसी दिन 11.00 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। (1 सेवा)। 01158 वातानुकूलित विशेष दिनांक 27.1.2025 को अहमदाबाद से 02.00 बजे रवाना होगी और उसी दिन 12.55 बजे दादर पहुंचेगी। (1 सेवा)।

### उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल

# हिरनोदा-फुलेरा-भाँवसा सेक्शन में औटोमेटिक ब्लॉक

- सिगनलिंग सिस्टम कार्य के कारण कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मण्डल पर हिरनोदा-फुलेरा-भाँवसा सेक्शन में औटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम हेतु तकनीकी कार्य के चलते कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेगी। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

**पूर्णतः निरस्त ट्रेनें**

1. तीन फरवरी की ट्रेन संख्या 14322 भुज-बरेली एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।
2. दो फरवरी की ट्रेन संख्या 14321 बरेली-भुज एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें**

1. 01 फरवरी की ट्रेन संख्या 14702 बांद्रा टर्मिनस-श्री गंगानगर अरावली एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मारवाड़-अजमेर-जयपुर-सीकर-चुरू के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया मारवाड़-जोधपुर-डेगाना-रतनगढ़-चुरू के रास्ते चलेगी।
2. एक फरवरी की ट्रेन संख्या 20937 पोरबंदर-दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मारवाड़-अजमेर-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया मारवाड़-जोधपुर-डेगाना-सादुलपुर-रेवाड़ी के रास्ते चलेगी। 3. एक फरवरी की ट्रेन संख्या 14701 श्री गंगानगर-बांद्रा टर्मिनस अरावली एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग चुरू-सीकर-जयपुर-अजमेर-मारवाड़ के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया चुरू-रतनगढ़-डेगाना-जोधपुर-मारवाड़ के रास्ते चलेगी।
4. एक फरवरी की ट्रेन संख्या 19408 वाराणसी-साबरमती एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-अजमेर-मारवाड़ के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-लोहारु-डेगाना-जोधपुर-मारवाड़ के रास्ते चलेगी। 5. दो फरवरी की ट्रेन संख्या 22452 चंडीगढ़-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा-अजमेर-मारवाड़ के स्थान पर रेवाड़ी लोहारु-सादुलपुर-रतनगढ़-डेगाना-जोधपुर-मारवाड़ के रास्ते चलेगी।

**रिशेड्यूल ट्रेन**

दो फरवरी की ट्रेन संख्या 19411 साबरमती-दौलतपुर चौक एक्सप्रेस साबरमती से दो घंटे रिशेड्यूल होगी।

# पश्चिम रेलवे चलाएगा तीन सुपरफास्ट स्पेशल

**▶▶ मुंबई सेंट्रल और अहमदाबाद के बीच चलेंगी यह ट्रेन**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे रेल प्रशाशन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए अहमदाबाद और मुंबई सेंट्रल,अहमदाबाद-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) और अहमदाबाद-दादर (सेंट्रल रेलवे) के बीच तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनें विशेष किराए पर चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार इस स्पेशल ट्रेन का विवरण इस प्रकार है।

**ट्रेन संख्या 09009/09010 (दो फेरे)**

ट्रेन संख्या 09009 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल 26 जनवरी 2025 (रविवार) को मुंबई सेंट्रल से 08:25 बजे प्रस्थान करेगी तथा उसी दिन 14:25 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09010 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल 26 जनवरी 2025 (रविवार) को अहमदाबाद से 15:10 बजे प्रस्थान करेगी तथा उसी दिन 21:45 बजे सेंट्रल पहुंचेगी।

**ट्रेन संख्या 01155/01156 (दो फेरे)**

ट्रेन संख्या 01155 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल 25 जनवरी 2025 (शनिवार) को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 00:55 बजे प्रस्थान करेगी तथा उसी दिन 11.00 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 01156 अहमदाबाद-लोकमान्य तिलक टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल 26 जनवरी 2025 (रविवार) को अहमदाबाद से 02:00 बजे प्रस्थान करेगी तथा उसी दिन 11:45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी।

**ट्रेन संख्या 01157/01158 (दो फेरे)**

ट्रेन संख्या 01157 दादर-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल 26 जनवरी 2025 (रविवार) को दादर (सेंट्रल) से 00:35 बजे प्रस्थान करेगी तथा उसी दिन 11.00 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 01158 -अहमदाबाद-दादर सुपरफास्ट स्पेशल 27 जनवरी 2025 (सोमवार) को अहमदाबाद से 02:00 बजे प्रस्थान करेगी तथा उसी दिन 12:55 बजे दादर पहुंचेगी।

# अतिक्रमण विभाग कोपरखैरणे ने की तोड़क कार्रवाई

**▶▶ नोटिस मिलने के बावजूद लोगों ने बरती लापरवाही**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा के अतिक्रमण विभाग द्वारा नोटिस दिए जाने के बावजूद संबंधित व्यक्तियों ने नोटिस पर ध्यान नहीं दिया। इस कारण अनधिकृत निर्माण के खिलाफ नवी मुंबई मनपा विभाग ने आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार और अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग ने कोपरखैरणे विभाग में निष्कासन की कार्रवाई की। नवी मुंबई मनपा के कार्यक्षेत्र के कोपरखैरणे विभाग अंतर्गत 1) प्रताप अशोक माने/राजश्री प्रताप माने, रूम नं. 1007, सेक्टर-7, कोपरखैरणे, 2) शंकर नामदेव शेवाले, रूम नं. 1011, सेक्टर-7, कोपरखैरणे, 3) गोविंद देवजी सकपाल, रूम नं. 1009, सेक्टर-7, कोपरखैरणे, 4) सुरेश रामचंद्र अनुसे, रूम नं. 1010, सेक्टर-7, कोपरखैरणे, 5) कुंदा प्रकाश शिंदे, रूम नं. 1008, सेक्टर-7, नवी मुंबई, इनकी निर्माणाधीन संपत्तियों पर महाराष्ट्र प्रादेशिक नियोजन एवं नगररचना अधिनियम, 1966 की धारा 54 के तहत नोटिस जारी की गई थी। उक्त निर्माण पर तोड़क कार्रवाई की गई। अनधिकृत निर्माण पर कोपरखैरणे विभाग द्वारा तोड़क अभियान का आयोजन किया गया था। इस अभियान में कोपरखैरणे विभाग के सहायक आयुक्त सुनील काठोले, चंद्रकांत धोत्रे कनिष्ठ अभियंता और अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्यालय स्तर से पुलिस सुरक्षा प्रदान की गई थी। इस कार्रवाई में 09 मजदूर, 02 इलेक्ट्रॉनिक हैमर, 01 गैस कटर, और 01 पिकअप वैन का उपयोग किया गया।



### बाल चित्रकला प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

# 52 छात्र विजेता घोषित, 500 को प्रोत्साहन पुरस्कार



**मुंबई।** बृहन्मुंबई महानगरपालिका के शिक्षा विभाग की ओर से 12 जनवरी को बृहन्मुंबई क्षेत्र की सभी स्कूलों के छात्रों के लिए महापौर द्वारा आयोजित 'माझी मुंबई' विषय पर आधारित 'जागतिक कीर्तीचे व्यंगचित्रकार हिंदूहृदयसम्राट शिवसेनाप्रमुख श्रीमान बालासाहेब ठाकरे बाल चित्रकला प्रतियोगिता 2025' आयोजित की गई थी। मनपा क्षेत्र के विभिन्न 48 स्थानों पर आयोजित इस प्रतियोगिता में 88,789 छात्रों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता का परिणाम मनपा की उप आयुक्त (शिक्षा) डॉ. प्राची जांभेकर ने 22 जनवरी को घोषित किया। मनपा मुख्यालय के पत्रकार कक्ष में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में उप आयुक्त डॉ. प्राची जांभेकर ने विस्तृत परिणामों की घोषणा की। इस अवसर पर शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) राजेश कंकाल, शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) सुजाता खरे, कला अकादमी के प्राचार्य दिनकर पवार और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। यह चित्रकला प्रतियोगिता चार समूहों में आयोजित की गई थी। कक्षा पहली और दूसरी के समूह के लिए 'मी आणि फुलपाखरू,' 'मी आजीच्या कुशीत,' 'मी व माझा मित्र/मैत्रिण' जैसे विषय थे। कक्षा तीसरी से पांचवीं के समूह के लिए 'आम्ही पतंग उडवितो,' 'आम्ही अभ्यास करत ,' 'आम्ही राणीच्या बागेत,' जैसे विषय दिए गए। कक्षा छठवीं से आठवीं के समूह के लिए 'आमच्या शाळेची परसबाग,' 'आम्ही चौपाटीवर वाळूचा किल्ला बनवितो,' 'आम्ही गणपती मिरवणूकीत नाचतो,' जैसे विषय थे। वहीं, कक्षा नौवीं से दसवीं के छात्रों के लिए 'महानगर मुंबई/मेट्रोपॉलिटन सिटी मुंबई,' 'महिला सशक्तिकरण,' 'जल संरक्षण' जैसे विषय रखे गए थे।

- 88,789 छात्रों ने लिया था हिस्सा


**MSEB HOLDING COMPANY LTD**

**E-Tender Notice**

The Undersigned invites e-Tender No. EEC/MSEBHCL/ MUM/TECH/T-63-2024-25 to EEC/MSEBHCL/MUM/TECH/T-68-2024-25 from the eligible bidders for works under MSEBHCL Mumbai. The Tenders will be processed only in Electronic Tendering mode. The bid documents will be available on website dt.23.01.2025 from For further details & updates visit our Website www.mahadiscom.in. E- tender link https://etender.mahadiscom.in. Ph-022-22608383

HO PR NO 50/2024-25 dt.21.01.2025 — Executive Engineer (Civil).

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या: सीडब्ल्यू-रेट्रो-पीयू- फोम-24-25-1** भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (कैरिज वर्क्स), खड़गपुर वर्कशॉप, खड़गपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है; **कार्य का नाम:** पीयू फोम के साथ बर्थ और सीटों का रेट्रोफिटमेंट; **कार्य का स्थान:** खड़गपुर वर्कशॉप, दक्षिण पूर्व रेलवे, पोस्ट- खड़गपुर, जिला-पश्चिम मिदनापुर, पिन-721301; **मात्रा:** 300 कोच; **निविदा मूल्य:** ₹14,65,89,554.94; **बयाना राशि:** ₹8,83,000.00 ; **अनुबंध अवधि:** एलओए जारी करने की तारीख से 15 महीने; **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 28.02.2025, 15.00 बजे; **निविदा दस्तावेज की लागत:** शून्य; **बोली प्रणाली:** दो पैकेट प्रणाली; **अनुबंध का प्रकार:** कार्य; विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज ई-पोर्टल वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (PR-1044)

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्रांकः एस/सेल/611/5270/ई-नीलामी/24-25 दिनांक 22.01.2025

**प्रथम शुद्धि पत्र**

**ई-नीलामी सूचना संख्या 11 में प्रथम संशोधन पत्र**

सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरान्त फरवरी-2025 में सामान्य भण्डार डिपों कानपुर द्वारा आयोजित होने वाली ई-नीलामी कार्यक्रम में **एक अतिरिक्त तिथि 18.02.2025** बढाई जाती है। ई-नीलामी कार्यक्रम की अन्य तिथियाँ, नियम व शर्तें यथावत् रहेंगी। 93/25(DG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण**

**बांधकाम विभाग**

**निविदा सुचना क्र. 70 (2024 – 25)**

प्रशासक, कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका हे कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्रातील खालील 12 कामांकरीता B-1 नमुन्यात योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत कंत्राटदारांकडून ई – निविदा मागवित आहेत.

कोरे निविदा फॉर्म व निविदेबाबतच्या सर्व अटी शर्तींची संपूर्ण माहिती महाराष्ट्राचे www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. 23/01/2025 ते दि. 06/02/2025 रोजी दुपारी 3.00 वाजेपर्यंत उपलब्ध होईल. भरण्यात आलेल्या निविदा हया दि. 06/02/2025 रोजी दुपारी 3.00 वाजेपर्यंत वरील संकेतस्थळावर अपलोडकरणेत याव्यात. प्राप्त निविदा दि. 07/02/2025 रोजी सकळी 4.00 वाजता शक्य झाल्यास उघडण्यात येतील.

कोणत्याही कारणास्तव एक किंवा सर्व निविदा रद्द करण्याचा अधिकार प्रशासकांनी राखून ठेवला आहे, याबद्दलचा त्यांचा निर्णय अंतिम व सर्व निविदाधारकांना बंधनकारक राहील.

निविदेबाबतची अधिक माहिती www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

जाक्र. कडोंमपा/ जसंवि / मुका /79
दिनांक 22/01/2025

शहर अभियंता
कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका,
कल्याण

मी भारताचे भविष्य आहे, मी आता मतदार आहे!

**MAHAVITARAN** Maharashtra State Electricity Distribution Co. Ltd.

Office of The Executive Engineer (Civil). Prakashgad. Plot No.G-9, Bandra (E), Mumbai - 51
Phone: (O) 26474211/26472131 Fax: 2647 28 66.

**Short E-Tender Notice**

The Executive Engineer (Civil), on behalf of MSEBHCL/ MSEDCL (the Employer), invites Tender No. EEC/ BND/TECH/T-09 & T-10/2024-25 from the eligible bidders/agencies for civil works under civil division Bandra. The Tenders will be processed only in Electronic Tendering mode and open for vendors registered on e-Tendering system for work contract of MSEDCL The bid documents will be available on website from 23.01.2025 For further details & updates visit our Website www.mahadiscom.in, E-tender link https://etender.mahadiscom.in Agencies are requested to register themselves for this and future E-Tender

PRO No.49/25 dt.21.01.2025

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना सं.:** एसएनटी-आर-2025-01 दिनांक: 16.01.2025

**कार्य का नाम:** रायपुर मंडल में 5-वॉट (वॉकी-टॉकी सेट, मॉडल GP-328) व 25-वॉट VHF सेट (मॉडल GM-300/950+/338) पॉकेट के साथ चार्जर एडाप्टर, मोटोरोला का हेलिकल एंटीना, माइक्रोफोन, बिजली आपूर्ति (25-वॉट VHF सेट) आदि का एक वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक मरम्मत अनुबंध। **निविदा मूल्य:** ₹ 5,29,933.63, **ईएमडी:** ₹ 10,600.00, **कार्य पूर्णता की अवधि:** 12 (बारह) महीने। बिडर्स अपना मूल / संशोधित बिड्स केवल दि. **14.02.2025** को **15.00** बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। मैन्युअल ऑफर्स इस निविदा के विरुद्ध स्वीकार नहीं होंगे। विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। **मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, द.पू.म. रेलवे, रायपुर**

PR/R/S&T/FL/215 | South East Central Railway | @secrail

**MAHAVITARAN** Maharashtra State Electricity Distribution Co. Ltd.

**TENDER NOTICE**

The Maharashtra State Electricity Distribution Company Ltd. (MSEDCL), represented by The Chief Engineer, (Nashik Zone) wishes to intend to call tender for "New substation works in Malegaon Circle under Nashik Zone under System Strengthening MIDC Scheme as a one time activity and as described in the Bidding Data under single point responsibility "Contracts" as defined in the bid document on MSEDCL tender Website.

| Sr. No. | Circle | Tender No. | Scheme | Tender Amount Rs. Lakh |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Malegaon | CE/NSKZ/SIDBI CDF/MIDC/ T-08/2024-25 | System Strengthening MIDC Scheme | 1434.15 (Ex GST |

- Date of Availability of Bidding Documents on MSEDCL e-tendering Website:- 21/01/2025 onwards.
- Last Date & time (Hours) for submission of Bid: - 10/02/2025 up to 23.55 Hrs.
- For further details of Invitation for Bids & Bid Documents please visit our website: https://etender.mahadiscom.in/eatApp/

HO PR No- 48/25 — Chief Engineer (NSKZ)(I/C) Nashik Zone

**महावितरण**

**निविदा सूचना**

मान्यता प्राप्त विद्युत ठेकेदारांकडून सन २०२५-२६ करीता वडूज विभागांतर्गत उच्चदाब व लघुदाब वाहिन्या व रोहित्रांच्या देखभाल दुरूस्तीकरीता निविदा क्र. T – ३ ते T-५ (२०२४- २५) तसेच नवीन वीज जोडणीसाठी व पायाभूत विकास कामासाठी NSC योजनेअंतर्गत निविदा क्र. T-६ (२०२४-२५) मागविण्यात येत आहेत.

वरील निविदा ई-टेंडरींग पध्दतीनेच भरता येतील. त्याकरीता निविदा भरू इच्छिणाऱ्या ठेकेदारांचे महावितरणचे ई-टेंडरींग नोंदणी प्रमाणपत्र असणे आवश्यक आहे. संकेतस्थळावरून निविदा भरण्याची अंतिम मुदत दि.०७.०२.२०२५ सकाळी १८.१५ वाजेपर्यंत राहिल. वरील निविदा दि.१०.०२.२०२५ रोजी स. ११:०० वाजता ऑनलाईन पध्दतीने उघडण्यात येतील. अधिक माहिती व कोऱ्या निविदा www.mahadiscom.in या संकेतस्थळावर दि.२०.०१.२०२५ पासून उपलब्ध आहेत. वरील सर्व निविदा अथवा एखादी निविदा कोणतेही कारण न देता रद्द करण्याचा अधिकार खाली सही करणाऱ्यांनी राखून ठेवला आहे.

PRO No. HO PRO/47/25 — कार्यकारी अभियंता, वडूज विभाग

**नाशिक महानगरपालिका,नाशिक**

**सार्व. आरोग्य अभियांत्रिकी विभाग, पाणी पुरवठा**

**फेर निविदा सूचना क्र ०९ सन २०२४-२५**

**प्रथम मुदतवाढ**

फेर निविदा सूचना क्रं.०९ सन २०२४- २५ मधील पाणी पुरवठा मा.केंद्र शासन पुरुस्कृत अमृत २.० भियानातर्गंत नाशिक महानगरपालिका क्षेत्रात पाणी पुरवठा सुधारणा करणे. इ. कामांची ई-निविदा सुचना क.०९ सन २०२४-२५ दि. ०७/०१/२०२५ या वर्तमानपत्रात रोजी प्रसिध्द करण्यात आली होती. उपरोक्त कामासाठी खालीलप्रमाणे मुदतवाढ देण्यात येत आहे.

- ऑनलाईन निविदा संच विक्री:- दि. २१/०१/२०२५ ते दि. २७/०१/२०२५
- ऑनलाईन सादरीकरणाची अंतिम मुदत दि. २७/०१/२०२५ दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत राहील
- निविदा उघडण्याचा दिनांक २८/०१/२०२५
- उर्वरित निविदा अटीशर्ती मध्ये कुठलाही बदल नाही.

स्वाक्षरीत/-
अधीक्षक अभियंता
सार्व. आरोग्य अभियांत्रिकी विभाग, पा. पु
नाशिक महानगरपालिका, नाशिक.

स्वाक्षरीत/-
आयुक्त तथा प्रशासक
नाशिक महानगरपालिका,
नाशिक.

जनसंपर्क/जा.क्र/३४३/२०२५ दि.२२/०१/२०२५

सर्व नागरिकांनी पाणी काटकसरीने वापरावे.

**पश्चिम रेलवे मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद के बीच सुपरफास्ट विशेष ट्रेन चलाएगा**

| गाडी नं. | प्रारंभ एवं गंतव्य स्टेशन | परिचालन दिनांक | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09009 | मुंबई सेंट्रल - अहमदाबाद | 26.01.2025 | 08:25 बजे (रविवार) | 14:25 बजे (उसी दिन) |
| 09010 | अहमदाबाद - मुंबई सेंट्रल | 26.01.2025 | 15:10 बजे (रविवार) | 21:45 बजे (उसी दिन) |

**विराम:** बोरीवली, वापी, उधना, भरूच और वडोदरा स्टेशन दोनों दिशाओं में।

**वर्गीकरण:** अनुभूति क्लास, एग्जीक्यूटिव चेयर कार, एसी चेयर कार और विंस्टाडोम एसी कोच।

विराम एवं वर्गीकरण संबंधित समय के विस्तृत विवरण हेतु यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।


गाड़ी संख्या 09009 और 09010 की बुकिंग 23.01.2025 से पीआरएस काउंटर्स और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ये ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेनों के रूप में चलेंगी।

**पश्चिम रेलवे**
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

सभी आरक्षित टिकटों के लिए कृपया मूल पहचान पत्र साथ लाएं।

## शिवसेना शिंदे गुट के नेता राहुल शेवाले का दावा

# एनडीए में शामिल होंगे कांग्रेस-उद्धव के विधायक-सांसद



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई। शिवसेना शिंदे गुट के नेता और पूर्व सांसद राहुल शेवाले ने दावा किया है कि आने वाले दिनों में उद्धव ठाकरे शिवसेना और कांग्रेस के कुछ विधायक और सांसद एनडीए में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से केंद्र और राज्य में बीजेपी की सरकार है, ऐसे में विपक्ष के विधायक और सांसदों में काफी अस्वस्थता है। उनके चुनाव क्षेत्र में फंड और विकास काम को लेकर उन्हें चिंता सता रही है। इसलिए वह सत्ता पक्ष के साथ आना चाहते हैं।**

▸▸ कांग्रेस और शिवसेना यूबीटी में बड़ी टूट की संभावना

### आज राजनीतिक भूकंप की संभावना

▪ मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व लोकसभा सांसद ने कहा कि 23 जनवरी को एक बड़े राजनीतिक भूकंप की संभावना है, जहां कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के लगभग 10 से 15 विधायक शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो जाएंगे। शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार गुट) के साथ विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के प्रमुख घटक हैं। 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) ने क्रमशः 20, 16 और 10 सीटें हासिल कीं।

### महायुति के बड़े नेताओं के साथ हो रही वार्ता

▪ राहुल शेवाले ने कहा कि इस बारे में महायुति के बड़े नेताओं के साथ उनकी बातचीत चल रही है। कुछ क़ानूनी पहलुओं पर भी बातचीत चल रही है। जब सही समय आएगा तब ये विधायक और सांसद एनडीए में शामिल होंगे। इससे पहले राहुल शेवाले ने सोमवार को दावा किया था कि विपक्षी कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के 10 से 15 विधायक 23 जनवरी को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होंगे।

### शिंदे शिवसेना की रैली आज

23 जनवरी को बाला साहब ठाकरे की जयंती के अवसर पर मुंबई के बिकेसी मैदान में शिंदे शिवसेना एक बड़ी रैली करेगी। आने वाले मुंबई महानगरपालिका चुनावों को देख शिंदे शिवसेना एक तरह से प्रचार अभियान भी शुरू करेगी और शक्ति प्रदर्शन भी दिखाएगी। उन्होंने कहा कि रैली को शाम 7 बजे बाद उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे संबोधित करेंगे। उधर, दूसरी तरफ उद्धव ठाकरे की शिवसेना भी गुरुवार को ही मुम्बई के अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रैली करेगी। उद्धव ठाकरे की शिवसेना भी बीएमसी चुनाव तैयारियों को लेकर प्रचार अभियान शुरू करेगी।

## नागपुर से गोवा मात्र आठ घंटे में

**मुंबई।** महाराष्ट्र में जल्द ही नागपुर और गोवा को जोड़ने वाला एक नया एक्सप्रेसवे शुरू होगा। इसका नाम है नागपुर-गोवा शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे। यह एक्सप्रेसवे 802 किलोमीटर लंबा है और इसमें छह-लेन कॉरिडोर हैं। इसे महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमएसआरडीसी) द्वारा विकसित किया जा रहा है। यह एक्सप्रेसवे यात्रा के समय को 18-20 घंटे से घटाकर केवल 8-10 घंटे कर देगा। इससे महाराष्ट्र के टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा। इस विशाल परियोजना की लागत लगभग 86,000 करोड़ रुपये है। यह एक्सप्रेसवे 12 जिलों को जोड़ते हुए क्षेत्रीय विकास में मददगार साबित होगा। नागपुर-गोवा शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे वर्धा जिले के पवनार से शुरू होकर महाराष्ट्र-गोवा सीमा के पास पत्रादेवी पर खत्म होगा। यह वर्धा, यवतमाल, हिंगोली, नांदेड़, परभणी और सिंधुदुर्ग सहित 12 जिलों से होकर गुजरेगा।

# मुंबई में कांग्रेस की 'संविधान गौरव यात्रा' 26 को : वर्षा गायकवाड़

▸▸ पार्टी सदस्यता अभियान भी चलाएगी

▸▸ 26 जनवरी को संविधान के 75 वर्ष पूरे

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** डा. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा देश को दिया गया संविधान 26 जनवरी को 75 वर्ष पूरे कर रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर कांग्रेस पार्टी की ओर से मुंबई में 'संविधान गौरव यात्रा' का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष और सांसद वर्षा गायकवाड़ ने दी। मुंबई कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक राजीव गांधी भवन में संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी मुंबई मनपा चुनाव, संविधान के 75 वर्ष, भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों सहित विभिन्न मुद्दों पर पदाधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि वर्तमान समय में देश में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। एक ओर महामानव भारतरत्न डा. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा दिया गया संविधान है, जो एकता, समानता, प्रेम और सम्मान का संदेश देता है। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी-आरएसएस की विभाजनकारी विचारधारा है, जो संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है। देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर पहुंचाना बेहद जरूरी है। इसी संदेश के साथ 26 जनवरी से मुंबई में कांग्रेस का सदस्यता अभियान भी चलाया जाएगा।

सांसद वर्षा गायकवाड़ ने भाजपा-शिवसेना युति सरकार पर जनविरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह सरकार दलित, वंचित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यक समाज के खिलाफ नीतियां बना रही है। कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी और अन्यायकारी सरकार से सवाल पूछेगी। जरूरत पड़ी तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। भाजपा की विभाजनकारी और अत्याचारी नीतियों का कांग्रेस पूरी ताकत से जवाब देगी।

## 'पोईसर जिमखाना' का स्थापना दिवस

# चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन आज से




**कांदिवली।** कांदिवली-पश्चिम के प्रख्यात 'पोईसर जिमखाना' के स्थापना दिवस निमित्त चार दिवसीय विभिन्न आयोजनों की श्रृंखला पोईसर जिमखाना के साथ-साथ सम्पूर्ण उत्तर मुम्बई की शान बढ़ाने के लिए तैयार है। 23 से 26 जनवरी तक विभिन्न आयोजनों की यहां दी जानेवाली प्रस्तुतियां हजारों नागरिकों का मन मोह लेंगी। उत्तर मुम्बई के पूर्व सांसद जनसेवक गोपाल शेट्टी पोईसर जिमखाना के प्रेरणाश्रोत और प्रमुख मार्गदर्शक हैं, जिनके विजन पर चलते हुए पोईसर जिमखाना ने विभिन्न उपलब्धियाँ अर्जित की हैं और उत्तर मुम्बई को गौरवान्वित किया है। पोईसर जिमखाना के अध्यक्ष मुकेश भंडारी, उपाध्यक्ष करुणाकर शेट्टी तथा अन्य पदाधिकारियों और सहयोगियों द्वारा जिमखाना स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए चार दिवसीय विभिन्न आयोजनों की 'पॉवर पैक्ड' तैयारी की गई है। 23 जनवरी को शाम 6 बजे से नेताजी सुभाषचंद्र बोस तथा हिन्दू ह्रदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे की जीवनी पर व्याख्यानमाला के आयोजन से पोईसर जिमखाना के चार दिवसीय 'स्थापना दिवस समारोह' की यात्रा का शुभारंभ होगा। 24 को शाम 5.30 बजे से राष्ट्रप्रेम पर आधारित गीत, नृत्य और समूह नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, 25 को पोईसर जिमखाना के विशाल मैदान पर ग्रेटर बॉम्बे बॉडी बिल्डिंग एसोशिएशन के सहयोग से शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता "पोईसर जिमखाना श्री-2025" का आयोजन, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सुबह 8 बजे पोईसर जिमखाना मैदान पर झंडा वन्दन तथा राष्ट्रभक्ति से जुड़े अन्य कार्यक्रम और फिर शाम 6 बजे से सांस्कृतिक कला मंच द्वारा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

▪ आयोजनों की श्रृंखला से गौरवान्वित होगी उत्तर मुंबई

## नवी मुंबई में विशेष चिकित्सा शिविरों का आयोजन



▪ 368 शिविरों में 1,58,975 नागरिकों ने लिया भाग

नवी मुंबई। नवी मुंबई मनपा के स्वास्थ्य विभाग द्वारा मनपा आयुक्त के मार्गदर्शन में मलेरिया/डेंगू जैसे रोगों के प्रति जनजागृति फैलाने के उद्देश्य से विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 26 नागरिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक शिविरों का आयोजन किया गया। इसी प्रकार गणेशोत्सव और नवरात्रोत्सव के दौरान मलेरिया/डेंगू जैसे रोगों के बारे में जनजागृति फैलाने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया गया था। अब तक कुल 368 शिविरों में 1,58,975 नागरिकों ने भाग लिया है और कुल 14,610 नागरिकों के रक्त नमूने लिए गए। जांच के उपरांत सभी रक्त नमूने नेगेटिव पाए गए हैं। इसी क्रम में, कार्यक्षेत्र में अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचकर जनजागृति करने के उद्देश्य से 23 जनवरी को निम्नानुसार विशेष सार्वजनिक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

# श्री बाबा रामदेवपीर भजन सत्संग 31 को

**मीरा-भायंदर।** श्री बाबा रामदेवपीर ट्रस्ट, मुंबई द्वारा माही बीज के अवसर पर श्री बाबा रामदेवपीर भजन सत्संग का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 31 जनवरी शुक्रवार को प्रातः 8 बजे से ही इस कार्यक्रम का शुभारंभ हो जाएगा। लोकमान्य तिलक महानगर पालिका हॉल, सरस्वती नगर, नवघर रोड, गुरुद्वारा के पास, भायंदर (पूर्व) जिला ठाणे में आयोज्य यह कार्यक्रम प्रातः वरघोड़ा, आरती-पूजा, मंदिर स्थापना, दीप प्रज्ज्वलन सहित विभिन्न धार्मिक गतिविधियों के साथ दिनभर मनाया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रघुनाथपीर धुणी ट्रस्ट अध्यक्ष मुन्नालाल मेंशन, सालरिया से सूरज नगाराम गहलोत, अखिल मेघवाल विकास संस्था प्रदेश (दिल्ली) मुख्य संरक्षक नारायण लाल राठौड़, मेघवाल एवं कंपनी वाणगांव (घणसोली) से गोविंदराम घीसाराम वामणिया (धामणी), सफाल (पालघर) के रे. स्टेशन मास्टर चुन्नीलाल मनाराम आगलेचा (भागली), पीराराम दलाराम चौहान मेवीकला एवं लखाराम रूपाराम परमार जैला (सिरोही) उपस्थित रहेंगे। समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। यह जानकारी नैनाराम लागेंचा ने दी।



### राजस्थानी कलाकार देंगे प्रस्तुति

इस अवसर पर भजन सम्राट एंड पार्टी सुमेरपुर किशोर पालीवाल, शीतल वैष्णव एवं मुकेश चौहान भजनों से भक्ति की सरिता बहाएंगे। वहीं वायोसा म्यूजिकल ग्रुप आहोर के मदनसिंह राठौड़ एवं डांसर टीना प्रजापत शानदार प्रस्तुतियां देंगे। पप्पू मारवाड़ी अपनी भव्य झांकियां प्रस्तुत करेंगे।

## गांजा के साथ एक गिरफ्तार



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** डोंबिवली पश्चिम के विष्णु नगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के सिद्धार्थ नगर ऐश्वर्या होटल के पास एक व्यक्ति द्वारा मादक पदार्थ गांजा बेचने की प्रारंभिक जानकारी प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर तीनों जोन में कार्रवाई करने हेतु एक टीम गठित की गई। साई चव्हाण, पीसी/8135 गौतम जाधव, पीसी/2898 गूजर, पीसी/6102 सोनावणे, लीलाधर सुरेश ठाकर नामक व्यक्ति, उम्र 35, कोपर क्रॉस रोड, सिद्धार्थ नगर, हनुमान मंदिर के पास, डोंबिवली पश्चिम में रहने वाले को गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 3207 ग्राम गांजा जब्त, जिसकी कीमत 80,175 रुपये है। विष्णु नगर पुलिस स्टेशन ठ. आर। एनडीपीएस अधिनियम संख्या 58/2025 की धारा 8(ए), 20(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

▪ तीन किलों दो सौ ग्राम गांजे की कीमत 80 हजार रुपए

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कवि सम्मलेन कल

कार्यक्रम नालासोपारा पूर्व के एमपीडी विद्यालय प्रांगण में

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

नालासोपारा। बहुजन विकास आघाड़ी (बविआ) पुरस्कृत उत्तर भारतीय विकास संस्था के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर 24 जनवरी की शाम पांच बजे से राष्ट्रीय कवि सम्मलेन आयोजित किया जाएगा। उक्त आयोजन नालासोपारा पूर्व स्थित केएमपीडी विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। संस्था अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के मार्गदर्शन एवं प्रेरणाश्रोत पूर्व उपमहापौर उमेश नाईक एवं समारोह अध्यक्ष पूर्व सभापति वंशनारायण मिश्रा (टिकोरी) हैं। इस राष्ट्रीय कवि सम्मलेन में लोकप्रिय हास्य कवि महेश दुबे, गीतकार अभिनेता डा. रजनीकांत मिश्रा, वीर रस गीतकार कवियत्री ज्योति त्रिपाठी, गीतकार निडर जौनपुरी, जितेंद्र कुमार चौबे, श्वेता मिश्रा और गजलकार विवेक सिंह एवं कार्यक्रम का सूत्र संचालन अनुराग अंकुर करेंगे। इस दौरान समारोह श्रृंगार लोकनेते एवं पूर्व विधायक हितेंद्र ठाकुर, मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम महापौर राजीव पाटील, पूर्व विधायक क्षितिज ठाकुर, प्रथम महिला महापौर प्रवीणा ठाकुर और पूर्व विधायक राजेश पाटील उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि संस्था के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारियों में लगे हुए है। इस दौरान संस्था के प्रमुख सलाहकार के. डी. शर्मा, उपाध्यक्ष राम सिंह, महासचिव शैलेश तिवारी, उप कोषाध्यक्ष रविंद्र उपाध्याय, सह सचिव कुंवर संजय सिंह, संगठन मंत्री अनुराग अंकुर, प्रवक्ता अजय तिवारी, राम नाईक पाण्डेय, विभाग अध्यक्ष विजय सिंह (डब्लू), चंद्रशेखर मिश्र, विजय तिवारी (गुड्डू), प्रवक्ता मुकेश तिवारी, दिवाकर शुक्ला और अजय सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## साहित्यकार प्रमिला शर्मा लिखित नाटक

# 'सत्य- अहिंसा के साथ गांधीजी' पुरस्कृत





▪ 'गांधी स्मारक निधि एवं मणि भवन गांधी संग्रहालय' की ओर से आयोजित नाट्य प्रतियोगिता में रायन इंटरनेशनल स्कूल, चेम्बूर द्वारा मंचित सुरुचिपूर्ण नाटक 'सत्य- अहिंसा के साथ गांधीजी' को मिले प्रतिष्ठित पुरस्कार के साथ तथा नाटक के पात्रों की वेशभूषा में स्कूल के नाट्यकर्मी विद्यार्थी और नाटक की लेखिका।

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई महानगर की वरिष्ठ साहित्यकार एवं महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी, मुंबई की सदस्या श्रीमती प्रमिला शर्मा द्वारा लिखित और रायन इंटरनेशनल स्कूल, चेम्बूर के विद्यार्थियों द्वारा मंचित सुरुचिपूर्ण नाटक 'सत्य- अहिंसा के साथ गांधीजी' को "गांधी स्मारक निधि एवं मणि भवन गांधी संग्रहालय" की ओर से आयोजित नाट्य प्रतियोगिता में प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि "गांधी स्मारक निधि एवं मणि भवन गांधी संग्रहालय" द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में मुंबई के एक सौ से अधिक स्कूलों एवं कॉलेजों ने हिस्सा लिया। मंगलवार, 21 जनवरी, 2025 को भारतीय विद्या भवन के चर्नी रोड स्थित सभागार में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुंबई उच्च न्यायालय के के भूतपूर्व जज गौतम पटेल द्वारा प्रतियोगिताओं के विभिन्न विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। रायन इंटरनेशनल स्कूल, चेम्बूर के विद्यार्थियों ने नाट्य प्रतियोगिता में 'सत्य- अहिंसा के साथ गांधी जी' नाटक मंचित किया, जिसे सभी दर्शकों ने खूब सराहा। रायन विद्यालय को इस नाटक के प्रभावी मंचन के लिए द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। श्रीमती प्रमिला शर्मा द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन सुश्री निवेदिता गांगुर्डे ने किया। जिन विद्यार्थियों ने इस नाटक में अहम भूमिका निभाकर विभिन्न किरदारों को जीवंत कर दिया, उनमें अदिति शाह, तारिनी श्रीकान्त, नमिष कटारे, अन्वी फोकमारे, हिनल ओसवाल, निवी राठौड़, अनन्या भोसले, मनस्वी आगाज, आराध्य तिवारी और अहमद ख़ान मुख्य रूप से शामिल हैं।

रायन इंटरनेशनल स्कूल, चेम्बूर के छात्रों ने किया मंचन

## दीवार तोड़कर नीचे गिरी कार

**पुणे।** पुणे में कार पार्किंग के वक्त ड्राइवर ने गलती से बैक गियर डाल दिया। इसके बाद कार दीवार को तोड़ते हुए सीधा फर्स्ट फ्लोर से नीचे आ गिरी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। यह वीडियो पुणे के विमाननगर इलाके का बताया जा रहा है। यहां स्थित शुभ्रा अपार्टमेंट में एक कार फर्स्ट फ्लोर से उस वक्त नीचे आ गिरी, जब पार्किंग के वक्त कार चला रहे व्यक्ति ने गलती से रिवर्स गियर लगा दिया। कार के नीचे गिरते ही वहां अफरातफरी मच गई। आस-पास मौजूद लोगों ने तुरंत कार में मौजूद ड्राइवर को बाहर निकाला। वीडियो में देखा जा सकता है कि इसी दौरान एक सफेद रंग की दूसरी कार भी पार्किंग के अंदर जा रही थी।



# आस्था का केंद्र बन रहा चतुरेश्वर महादेव मंदिर

▸▸ सनातन की अलख जगाने का प्रयास : अजय राजपूत




**मीरा भायंदर।** सनातनियों के आस्था का केंद्र बन रहा मीरा रोड पूनम सागर कॉम्प्लेक्स स्थित चतुरेश्वर महादेव मंदिर। यह कहना है मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अजय सिंह राजपूत का। राजपूत ने कहा कि सनातन की अलख जगाने का एक प्रयास वे कर रहे है जिसमे उन्हें सबका साथ मिल रहा है। चतुरेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के साथ माता दुर्गा,माता काली, माता सरस्वती ,बजरंगबली,सूर्य देवता,कुबेर,शनि देव,भगवान विश्वकर्मा,राम दरबार, राधा कृष्ण,श्री गणेश की प्रतिमा विराजित है। मीरा भायंदर का यह पहला मंदिर है, इतने देवी देवताओं की प्रतिमा विधिवत पूजा पाठ के साथ विस्थापित की गई है। इस मंदिर में रोजाना सुबह शाम भक्तों का तांता लगा रहता है। अजय सिंह राजपूत ने बताया कि नवरात्रि शिवरात्रि कृष्ण जन्माष्टमी पर यहां बड़े पैमाने पर भक्त आते है, जिनकी सेवा में भजन और भंडारे की व्यवस्था ट्रस्ट करता है। ट्रस्ट आने वाले दिनों में सनातन धर्म की अलख जगाने के साथ ही समाजसेवा के कई कार्यक्रम आयोजित करने वाला है। इस मंदिर को शिवशक्ति मंदिर के नाम से भी लोग जानते है।

## पथमेड़ा धाम के सदस्यों ने की आशित मोदी से मुलाक़ात

▪ **मुंबई।** मुंबई महानगर में गोवत्स विठ्ठलकृष्ण,गोभक्त बलवंत अणखोल एवं गोभक्त मनीष रणोदर ने प्रसिद्ध धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा के निर्देशक आसित कुमार मोदी को गोमाता का विग्रह भेंटकर सत्कार किया एवं उन्हें गोधाम पथमेड़ा आने का निमंत्रण दिया। इस अवसर आशित मोदी ने गोसेवार्थ आस्तिक जनसमाज से गोसेवा हेतु आह्वान किया।



# सैफ ने की ऑटो चालक से मुलाकात

▪ गले में हाथ डाले और मुस्कुराते नजर आए अभिनेता
▪ खून से लथपथ एक्टर को पहुंचाया था अस्पताल

**मुंबई।** ठीक एक हफ्ते पहले बीते गुरुवार की रात सैफ अली खान पर धारदार चाकू से हमला हुआ था। खून से लथपथ एक्टर जैसे-तैसे ऑटो से अस्पताल पहुंचे थे। इन तस्वीरों से जाहिर हो रहा है कि ये लीलावती अस्पताल की हैं। ये तस्वीरें बीते दिन एक्टर के डिस्चार्ज होने से पहले ही ली गई हैं। सैफ अली खान इन तस्वीरों में मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं।

उन्होंने ब्लू डेनिम के साथ ही व्हाइट शर्ट कैरी की है। इसके साथ ही उन्होंने ब्लैक गॉगल भी लगाए हैं। हाथ में उनके चोट पर लगाए जाने वाला कवर दिख रहा है। बैकग्राउंड में अस्पताल का बिस्तर भी दिख रहा है। नीली शर्ट पहने ऑटो चालक भजन सिंह साथ नजर आ रहे हैं।



### सैफ ने मेरी तारीफ की और सेल्फी ली : ड्राइवर

अभिनेता सैफ अली खान को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाने वाले ऑटो रिक्शा ड्राइवर भजन सिंह राणा ने बताया कि अभिनेता और उनके परिवार ने उनको मिलने के लिए बुलाया और बहुत सम्मान दिया। इस दौरान सैफ अली खान ने रिक्शा चालक की काम की तारीफ भी की। सैफ ने हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने से पहले राणा से मुलाकात की थी। भजन ने बताया कि सैफ ने हॉस्पिटल पहुंचाने के लिए रिक्शा चालक का धन्यवाद किया और उनसे कहा कि कभी कोई जरूरत पड़े तो खुलकर बताना। सैफ की मां शर्मिला टैगोर ने भी भजन सिंह राणा का आभार जताया।

### मां की इलाज के लिए किसी अमीर को लूटना चाहता था आरोपी



▪ आरोपी बांग्लादेशी नागरिक है और अपनी मां के इलाज के लिए बांग्लादेश भागने के लिए किसी अमीर व्यक्ति को लूटना चाहता था। आरोपी पहले भी कई अपराध कर चुका है। वह पहले पश्चिमी मुंबई के अपमार्केट वर्ली इलाके स्थित रेस्तरां में काम करता था। बाद में वह ठाणे के एक रेस्तरां में चोरी करते पाया गया। इसके बाद उसे वहां से निकाल दिया गया था। औरोपी शहजाद, सैफ के घर में केवल इसलिए घुसा क्योंकि उनका अपार्टमेंट बिल्डिंग के अंदर स्थित है।

### ड्राइवर को मिला 50 हजार का मिला ईनाम

जब से पूछा गया कि क्या उन्हें पैसे भी मिले तो ड्राइवर ने कहा वो तो वही जानते हैं। हम बात नहीं कर सकते। हमारी कोई मांग नहीं है। वो जो दे वो ठीक ना दे वो ठीक। उन्होंने जो भी दिया हमने ले लिया। बताया जाता है कि सैफ ने ऑटो ड्राइवर को 50 हजार रुपये दिए हैं।

## सैफ पर संजय निरुपम का तंज



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान 16 जनवरी को हुए हमले घायल हुए थे। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां उनकी सर्जरी के साथ ही अन्य ट्रीटमेंट भी किया गया। सैफ बीते दिन मंगलवार (21 जनवरी) को पांच दिनों बाद अस्पताल से डिस्चार्ज होकर अपने घर पहुंचे। फिलहाल वे अगले कुछ दिनों तक अपने घर पर आराम ही करेंगे। डॉक्टरों ने उन्हें रेस्ट की सलाह दी है। इस बीच शिवसेना नेता संजय निरुपम ने सैफ अली खान का वीडियो ट्वीट करते हुए सवाल खड़े किए हैं। संजय निरुपम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि डॉक्टरों का कहना था कि सैफ अली खान की पीठ में 2.5 इंच अंदर तक चाकू घुसा था। संभवतः अंदर ही फंसा था। लगातार 6 घंटे ऑपरेशन चला था।

# हिंदुस्तान चेंबर ऑफ कॉमर्स का अभिनंदन समारोह कल

**मुंबई।** हिंदुस्तान चेंबर ऑफ कॉमर्स का अभिनंदन समारोह 24 जनवरी को सायं चार बजे अर्जुनदास पचेरीवाला सभागृह, कालबादेवी रोड, मुंबई में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और महाराष्ट्र सरकार में कौशल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा को आमंत्रित किया गया है। हिंदुस्तान चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं कार्यसमिति के सदस्य सुशील गाडिया ने यह जानकारी दी।

## राजस्थान व्यापारी एसोसिएशन मंडल का उद्घाटन 25 को

▪ **मुंबई।** राजस्थान व्यापारी एसोसिएशन मंडल, मुंबई का भव्य उद्घाटन समारोह 25 जनवरी की शाम चार बजे किया जाएगा। यह उद्घाटन समारोह श्री पंचतीर्थ मंदिर, बीएमसी स्कूलके बगल में वैभव नगर, गोवंडी, मुंबई में किय जाएगा। इसका उद्घाटन महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा करेंगे। राजस्थान व्यापारी एसो. मंडल का कार्यालय सतीमाता जनरल एंड गिफ्ट स्टोर, शेठ हाईट बिल्डिंग, आरसीएफ रोड पर स्थित है।

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

### बॉर्डर पर बीएसएफ का हाई अलर्ट

# गणतंत्र दिवस को लेकर चलाया 'ऑपरेशन सर्द हवा'

## ▶▶ बीएसएफ आधुनिक हथियारों के साथ लैस, 24 घंटे पहरा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** भारत-पाकिस्तान सरहद पर सीमा सुरक्षा बल का ऑपरेशन सर्द हवा 22 जनवरी से शुरू हुआ। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को लेकर सरहद पर बीएसएफ कल से हाई अलर्ट पर है। 22 से 29 जनवरी तक चलने वाले 'ऑपरेशन सर्द हवा' के तहत बीएसएफ के सभी जवान व अधिकारी इस दौरान सरहद पर मौजूद रहेंगे।

आधुनिक हथियारों के साथ सरहद पर निगरानी बरतेंगे। दरअसल, सरहद पर कड़ाके की सर्दी के मौसम में किसी भी तरह की घुसपैठ व अवांछनीय गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से बीएसएफ की ओर से गणतंत्र दिवस से ठीक पहले ऑपरेशन सर्द हवा के नाम से अभियान चलाया जाता है। इस अभियान में बीएसएफ की तरफ से निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए सुरक्षा पहरा और कड़ा करने के लिए नफरी बढ़ाई जाती है।



### जवान-अधिकारी सरहद पर तैनात

▪ बीएसएफ डीआईजी नॉर्थ सेक्टर योगेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया- हालांकि सरहद पर साल भर चौकस हैं, मगर इन दिनों ज्यादा सतर्कता बरती जा रही है। इसके साथ ही आधुनिक हथियारों के साथ 24 घंटे सरहद पर पहरा रहेगा। ताकि किसी भी तरह की अवांछनीय घटना पर तत्काल एक्शन हो सके। इस ऑपरेशन सर्द हवा के तहत सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी भी सीमा चौकियों में दिन-रात रहकर चौकसी पर नजर रखेंगे। बल के अधिकारी सीमा चौकियों पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ सीमा चौकियों में रात्रि विश्राम भी करते हैं। गौरतलब है की ऑपरेशन सर्द हवा के दौरान सीमा क्षेत्र में अतिरिक्त नफरी तैनात की गई है। बटालियन और सेक्टर मुख्यालयों पर नियुक्त सीमा सुरक्षा बल के जवानों को तारबंदी की निगरानी के लिए भेजा गया है।

### सरहद पर बढ़ाई गश्त और पेट्रोलिंग

▪ ऑपरेशन सर्द हवा के दौरान बीएसएफ की तरफ से अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पैदल जवानों, वाहनों के साथ रेगिस्तान के जहाज कहलाने वाले ऊंटों पर सवार होकर गश्त बढ़ाई गई है। किसी भी तरह की अवांछनीय हरकत को रोकने और सीमा पार से घुसपैठ जैसे किसी भी नापाक मंसूबे को विफल करने के लिए सुरक्षा प्रबंधों को चाक-चौबंद किया गया है। अभियान के दौरान सुरक्षा प्रहरियों को विशेष सतर्कता बरतने व हर सूचना से उच्चाधिकारियों को अवगत करवाने के दिशा निर्देश दिए जाते हैं। सीमा सुरक्षा बल के सेक्टर और बटालियन मुख्यालय से रिजर्व जाब्ते और कार्यरत अधिकारियों, साजो-सामान को सीमा पर भेजा गया है ताकि सरहद पर 24 घंटे चौकस निगाहें रहे। ऑपरेशन सर्द हवा के दौरान सीमा पर आधुनिक हथियारों और तकनीकी उपकरणों का इस्तेमाल किया जाता है।

## सलूंबर में दिखा लेपर्ड

▶▶ मुंडेर से नीचे झांक रहा था



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** बाजार में व्यापारियों ने लेपर्ड को देखा तो उनके होश उड़ गए। शोर मचाने पर लेपर्ड तेजी से भागा और घर की छत पर चढ़ गया। यहां एक से दूसरी छत पर इधर-उधर घूमता रहा। इसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई है और लेपर्ड के रेस्क्यू के प्रयास किए जा रहे हैं। मामला सलूंबर के नागदा बाजार का सुबह आठ बजे का है। लेपर्ड बाजार में ही एक घर की छत पर मौजूद है। उसे पकड़ने के लिए वन विभाग ने उदयपुर से टीमें आई है। कस्बे के नागदा बाजार में सलूंबर के क्षेत्रीय वन अधिकारी दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि सूचना मिलने पर हमने यहां से स्थानीय वनकर्मियों को मौके पर भेजा और उदयपुर से भी टीम को बुलाया गया। लेपर्ड को रेस्क्यू किया जाएगा।

# जेएसएम शूटिंग रेंज प्रतियोगिता में हर्षवर्धन कविया ने जीता सिल्वर

▪ 67वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में देश भर से आए 200 शूटर्स में लहराया परचम



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** पश्चिमी राजस्थान की पहली 'जेएसएम शूटिंग रेंज' के हर्षवर्धन कविया ने राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल हासिल कर जैसलमेर का नाम रोशन किया है। जेएसएम शूटिंग रेंज के हैड कोच केसरी सिंह नाचना ने बताया- 67वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन, डाक्टर करणी सिंह रेंज, दिल्ली में हुआ। इस प्रतियोगिता में देश भर के पांच हजार से भी ज्यादा शूटर्स शामिल हुए। वहीं डबल ट्रेप जूनियर मेन केटेगरी में 200 शूटर्स शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में 200 शूटर्स को पराजित करते हुए जेएसएम शूटिंग रेंज के हर्षवर्धन कविया ने सिल्वर मैडल जीता। कविया को सभी लोग बधाई व शुभकामना दे रहे हैं।

### पंजाब के केशव ने जीता गोल्ड

जेएसएम शूटिंग रेंज के हैड कोच केसरी सिंह नाचना ने बताया- राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में जेएसएम शूटिंग रेंज जैसलमेर के शूटर हर्षवर्धन ने हिस्सा लिया। 12 बोर की डबल ट्रेप जूनियर मेन केटेगरी में 200 से भी ज्यादा शूटर्स शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में मैडल के लिए 110 निशाने लगाने पड़ते हैं। इसमें जेएसएम शूटिंग रेंज के हर्षवर्धन कविया ने 97 सटीक निशाने लगाए और सिल्वर मैडल जीता। इस प्रतियोगिता में पंजाब के केशव चौहान ने 105 सटीक निशाने लगाते हुए गोल्ड अपने नाम किया।

### दूसरे स्थान पर हर्षवर्धन का नाम अंकित

जेएसएम शूटिंग रेंज के हर्षवर्धन कविया ने पहली बार कोई नेशनल मैडल जीत कर जैसलमेर का नाम रोशन किया है। केसरी सिंह नाचना ने बताया कि जैसलमेर के शूटर्स राष्ट्रीय स्तर कि प्रतियोगिता में जैसलमेर का नाम रोशन कर रहे हैं। ये जैसलमेर के लिए बहुत बड़ी बात है। उन्होंने आशा जताई है कि आने वाले समय में यहां के खिलाड़ी ओलिम्पिक मैडल जीतकर लाए। हर्षवर्धन ने अपना बेहतरीन खेल दिखाते हुए दूसरे स्थान पर अपना नाम अंकित करवाया है जो पश्चिमी राजस्थान के लिए गर्व करने वाली बात है।

## राजसमंद में एक डिग्री तापमान गिरा

### तीसरे दिन भी मौसम साफ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** राजसमंद में लगातार तीसरे दिन भी मौसम साफ है। बादल छटने से आसमान साफ रहा व सुबह के समय धूप निकली। वहीं कोहरा भी पूरी तरह साफ होने से सुबह के समय वाहन चालकों ने बड़ी राहत महसूस की। इस दौरान गोमती-उदयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या आठ व राजसमंद-भीलवाड़ा फोरलेन सहित सड़कों पर वाहनों की आवाजाही रही। वहीं बाजारों में अब लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी। हालांकि तापमान के उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। बुधवार को फिर से एक डिग्री तापमान कम होने से न्यूनतम तापमान 14 डिग्री दर्ज किया गया जबकि अधिकतम तापमान 26 डिग्री से अधिक रहने की संभावना है। सर्दी कम पड़ने से अब सामान्य रूप से राजसमंद झील की नौ चौकी पाल व इरिगेशन पाल पर मार्निंग वॉक पर स्थानीय लोगों व पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। वहीं खुले व मैदानी क्षेत्र में भी सर्दी का असर कम हुआ है।

### अपराध के पैसों से खरीदी संपत्ति होगी कुर्क

# जैसलमेर पुलिस ने चोरी के पैसों से खरीदी दो गाड़ियां की जब्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर में दो चोरों पर नए कानून के तहत कार्रवाई करते हुए चोरी के पैसों से खरीदी दो गाड़ियां पुलिस ने जब्त की। जैसलमेर जिले में इस तरह की ये पहली कार्रवाई की है। जैसलमेर एसपी सुधीर चौधरी ने बताया- भणियाना व सांकड़ा थाना के दो अलग-अलग चोरी के मामलों में चोरों ने चोरी के पैसों से गाड़ियां खरीदी थी। नए कानूनों में चोरी की घटनाओं व आपराधिक मामलों से अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वालों की संपत्ति को कोर्ट के मार्फत कुर्क करवाने का प्रावधान है। इसी के तहत ये दो कार्रवाई की गई है, जिसमें एक बोलेरो कैंपर व एक कार को जब्त कर कुर्क किया गया है। एसपी ने बताया कि आगे भी जिला पुलिस द्वारा समस्त थानाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे तत्वों की पहचान कर एसपी ऑफिस के मार्फत उनकी सम्पति को भी जल्द से जल्द अटैच करने की कार्रवाई की जाएगी।

### आरोपी पर धारा 107

जैसलमेर एसपी ने बताया- सभी थानाधिकारियों को चोरी की घटनाओं व आपराधिक क्रियाकलापों से अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वालों के खिलाफ अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी के तहत भणियाणा थानाधिकारी देवाराम द्वारा आरोपी वीरमाराम मेघवाल निवासी गुजरों का बेरा, कानासर शिव, पर चोरी की घटना कर सोने, चांदी व नकद राशि से खरीदी गई कार आई-20 को कुर्क करवाने के लिए संबंधित न्यायालय में कार्रवाई की गई। इसके साथ ही सांकड़ा थानाधिकारी राणसिंह ने आरोपी अनोपसिंह निवासी मोकला पर चोरी व विद्युत अधिनियम की घटनाओं से खरीदी गई बोलेरो कैंपर को कुर्क करवाने के लिए संबंधित न्यायालय में धारा 107 बीएनएसएस 2023 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में इस्तगासा पेश किया।





### आपराधिक तत्वों के पहचानें

गौरतलब है की एसपी ने बताया की नए कानूनों में चोरी की घटनाओं वारदातों और आपराधिक क्रियाकलापों से अवैध रूप से संपति अर्जित करने वालों की संपति को न्यायालय में धारा 107 बीएनएसएस 2023 के तहत के माध्यम से कुर्क करवाने का प्रावधान है। जिसके तहत आगे भी पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सूचना संकलित कर ऐसे तत्वों की पहचान कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के माध्यम से संपति को भी जल्द से जल्द अटैच करने की कार्रवाई की जाएगी।

### राजसमंद मानक लेखन प्रतियोगिता

# प्रतियोगिता में योगिता व पूजा बनी टॉपर

## ▶▶ स्कूली बच्चों को भारतीय मानक ब्यूरो की दी गई जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** राजसमंद के मुंडोल गांव में स्कूली बच्चों को भारतीय मानक ब्यूरो व हॉलमार्क सहित उत्पादों की शुद्धता व गुणवत्ता मापने की जानकारी दी गई। राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल मुंडोल में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) शाखा कार्यालय जयपुर के तहत गठित मानक क्लब की तृतीय गतिविधि- मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मानक क्लब के 36 सदस्यों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में योगिता जाट व पूजा कुंवर ने प्रथम स्थान, कृष्णा कुंवर व मनीषा कुंवर ने द्वितीय स्थान, प्रिया कुंवर व खुशबु व्यास ने तृतीय स्थान, वहीं ओम भोई व हिमांशु ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।



### पीपीटी से समझाया मानक लेखन

मानक क्लब के मेंटॉर टीचर सतीश कुमार हेड़ा ने क्लब के उद्देश्यों ओर भारतीय मानक ब्यूरो के आईएसआई मार्क, हॉलमार्क एवम उत्पादों की शुद्धता के मानकीकरण और गुणवत्ता की पहचान के बारे में जागरूकता पर जोर दिया एवं मानक लेखन को पीपीटी से समझाया। व्याख्याता पंकज मेवाड़ा ने बीआईएस केयर ऐप के बारे में जानकारी दी व अपील की कि वो अपने परिवार और समाज में इस जानकारी का प्रचार प्रसार करें।

## स्कूली बच्चों को साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

**राजसमंद।** राजसमंद में साइबर शील्ड अभियान के तहत लक्ष्मीपत सिंघानिया स्कूल में बच्चों को साइबर सुरक्षा की जानकारी व साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए। राजसमंद में साइबर अपराध की रोकथाम के लिए महानिदेशक पुलिस जयपुर की ओर से विशेष अभियान 'साइबर शील्ड' चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के सुपर विजन में साइबर थानाधिकारी सरोज बैरवा एवं प्रोगामर खैरूल वसीम, कॉन्स्टेबल डालूराम एवं रतन लाल की टीम ने स्कूलों में बच्चों को साइबर अपराध से बचने के तरीके बताए।



### मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का भाव | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 850 | 849 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 260 | 227 |
| जिंक स्लैब | 277 | 281 |
| लीड इन्गॉट | 181 | 181 |
| टिन स्लैब | 2673 | 2692 |
| निकल | 1400 | 1405 |
| मेटल स्क्रैप | आज का भाव | पूर्व बंद |
| सभी दरें रुपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 804 | 804 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 796 | 798 |
| कॉपर आर्मेचर | 784 | 781 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 735 | 735 |
| कॉपर सीट | – | – |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 535 | 535 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 574 | 572 |
| एल्युमिनियम | 197 | 197 |

### लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9123 | -125 |
| टिन | 29970 | +35 |
| लीड | 1943 | -1800 |
| जिंक | 2862 | -2175 |
| एल्युमिनियम | 2615 | -4100 |
| निकल | 15485 | +1992 |

# व्यापार जगत

# सोना पहली बार 80 हजार के पार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोना 22 जनवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 689 रुपए बढ़कर 80,142 रुपए हो गया है। इससे पहले मंगलवार को इसके दाम 79,453 रुपए प्रति दस ग्राम थे। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी की कीमत में भी आज तेजी है। ये 634 रुपए बढ़कर 91,167 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 90,533 रुपए पर थी। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

| ₹76,162 | ₹80,142 |
|---|---|
| 31 दिसंबर 2024 | 22 जनवरी 2025 |

### चार महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,240 रुपए है। **मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,090 रुपए है। **कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 75,250 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 82,090 रुपए है। **चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,090 रुपए है। **भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,140 रुपए है।



### किसानों को मोदी सरकार का तोहफा

# कच्चे जूट की एमएसपी में 2.35 गुना बढ़ोतरी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार 22 जनवरी को मार्केटिंग सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट के लिए 5,650 रुपए प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी, जो पिछले एमएसपी से छह प्रतिशत या 315 रुपए अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक के बाद वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि नई एमएसपी अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर 66.8 प्रतिशत का रिटर्न सुनिश्चित करता है और इससे किसानों को लाभ होगा। सरकार ने कच्चे जूट के एमएसपी को 2014-15 में 2,400 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2025-26 मार्केटिंग सत्र के लिए 5,650 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है, जो 2.35 गुना वृद्धि है। 2025-26 सत्र के लिए कच्चे जूट (टीडी-3 ग्रेड) का एमएसपी 5,650 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। इससे उत्पादन की अखिल भारतीय भारित औसत लागत पर 66.8 प्रतिशत का रिटर्न सुनिश्चित होगा। मार्केटिंग सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट का स्वीकृत एमएसपी, बजट 2018-19 में सरकार द्वारा घोषित अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर एमएसपी तय करने के सिद्धांत के अनुरूप है। मार्केटिंग सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट का एमएसपी पिछले मार्केटिंग सत्र 2024-25 की तुलना में 315 रुपए प्रति क्विंटल अधिक है। भारत सरकार ने कच्चे जूट का एमएसपी 2014-15 में 2400 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2025-26 में 5650 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है, जो 3250 रुपए प्रति क्विंटल (2.35 गुना) की वृद्धि दर्ज करता है। वर्ष 2014-15 से 2024-25 की अवधि के दौरान जूट उत्पादक किसानों को दी गई एमएसपी राशि 1300 करोड़ रुपए थी, जबकि वर्ष 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान दी गई राशि 441 करोड़ रुपए थी।



40 लाख किसान परिवारों की आजीविका डायरेक्ट या इनडायरेक्ट रूप से जूट उद्योग पर निर्भर करती है। करीब चार लाख श्रमिकों को जूट मिलों और जूट के व्यापार में डायरेक्ट रोजगार मिलता है। पिछले वर्ष एक लाख 70 हजार किसानों से जूट की खरीद की गई थी। 82% जूट किसान पश्चिम बंगाल के हैं, जबकि शेष असम और बिहार में जूट उत्पादन में 9-9% की हिस्सेदारी है। भारतीय जूट निगम मूल्य समर्थन संचालन करने के लिए केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में जारी रहेगा और ऐसे संचालन में होने वाले नुकसान, यदि कोई हो, की पूरी भरपाई केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी।

# मेटा की पूर्व सीओओ पर ईमेल डिलीट करने पर रोक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**वॉशिंगटन।** सोशल मीडिया की दिग्गज कंपनी मेटा की पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) शेरिल सैंडबर्ग को कैंब्रिज एनालिटिका गोपनीयता मामले से जुड़े ईमेल डिलीट करने के लिए अदालत द्वारा दंडित किया गया है। गौरतलब है कि शेरिल सैंडबर्ग को उन ईमेल्स को सुरक्षित रखने के लिए कहा गया था। डेलावेयर की अदालत के जज वाइस चांसलर ट्रैविस लास्टर ने कहा कि सबूतों से पता चलता है कि सैंडबर्ग ने फर्जी नाम से एक व्यक्तिगत ईमेल खाता बनाया और उनमें से कुछ ईमेल्स को पहले ही हटा दिया, जो संभवतः मामले के हितधारकों से जुड़े थे।

### प्रतिबंध के चलते शेरिल सैंडबर्ग की बढ़ी परेशानी

प्रतिबंध के चलते अब शेरिल सैंडबर्ग के सामने अपना पक्ष रखना और अप्रैल में होने वाले आठ दिवसीय, गैर-जूरी परीक्षण में देयता से बचना मुश्किल हो जाएगा। जज ने शेरिल को शेयरधारकों द्वारा किए गए प्रतिबंध प्रस्ताव से संबंधित खर्चों का भुगतान करने का भी आदेश दिया। हालांकि सैंडबर्ग ने अपने जीमेल खाते से कुछ ईमेल्स पहले ही हटा दिए हैं, इसलिए आशंका है कि मामले से जुड़ी अहम और संवेदनशील जानकारी पहले ही खत्म हो चुकी है। अदालत द्वारा शेरिल पर प्रतिबंध लगाने पर अभी तक मेटा या सैंडबर्ग की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

### क्या है मामला

यह मामला साल 2018 का है, जब फेसबुक पर लाखों उपयोगकर्ताओं के डेटा को कैंब्रिज एनालिटिका द्वारा एक्सेस करने की अनुमति देने का आरोप लगा था। कैंब्रिज एनालिटिका एक राजनीतिक परामर्श फर्म है, जिसने साल 2016 में अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए डोनाल्ड ट्रम्प के प्रचार अभियान का काम किया था। कंपनी के निदेशकों और अधिकारियों पर उपयोगकर्ताओं के इस्तेमाल और संघीय व्यापार आयोग के साथ साल 2012 के सहमति आदेश का उल्लंघन करके निवेशकों को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे थे। कोर्ट के रिकॉर्ड के अनुसार, मुकदमे की शुरुआत से पहले जुकरबर्ग के दूसरी बार पेश होने की उम्मीद है।

# सेंसेक्स 566 अंक चढ़कर 76,404 पर बंद

## ▶▶ निफ्टी में भी 130 अंक की बढ़त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** शेयर बाजार में 22 जनवरी को बढ़त देखने को मिली है। सेंसेक्स 566 अंक की तेजी के साथ 76,404 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 130 अंक की तेजी रही, ये 23,155 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और नौ में गिरावट देखने को मिली। आईटी, एफएमसीजीऔर बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा बढ़त रही। वहीं मेटल और एनर्जी स्टॉक्स पर दबाव देखने को मिला।



गौरतलब है की एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.58% और कोरिया के कोस्पी में 1.15% की तेजी रही। वहीं चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.89% की गिरावट देखने को मिली। एनएसई के डेटा के अनुसार, 21 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 5,920 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 3,50 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 21 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 1.24% की तेजी के साथ 44,025 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.88% चढ़कर 6,049 पर बंद हुआ।

## आपका राशिफल 23 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-4-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक 2 3 7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-3-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। शुभांक-3-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-1-3-4

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रू रे रो ता ती तू ते): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। पुराने मित्र मिलेगें। शुभांक-3-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेलजोल से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पहुंचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्यों में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक 4 5 6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक 3 6 7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक 1 3 5

# अब शादियों में शिक्षा नेग देने की पहल

- पूर्व सांसद माणकलाव ने किया था छत्तीस कौम का आह्वान
- कुम्पावत ने शादी में शिक्षा नेग देकर पेश किया उदाहरण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर के समाजसेवी योगेंद्र कुम्पावत ने अपनी भतीजी की शादी में शिक्षा नेग देकर उदाहरण पेश किया। पद्म श्री डा.नारायण सिंह माणकलाव पूर्व सांसद ने शिक्षा नेग को लेकर सर्व समाज से आह्वान किया है। उन्हीं की प्रेरणा से कुम्पावत ने अपने पैतृक गांव सिंगासनी के किशन सिंह कुपावत की पुत्री और अपनी भतीजी रवीना कंवर के विवाह पर 5100 रुपए शिक्षा नेग दिया। शादी विवाह समेत अन्य समारोह में अन्य नेग देने की परंपरा में शिक्षा नेग भी अब परंपरा का हिस्सा बन रहा है। यह राशि राजपूत शिक्षा कोष में जमा होगी।

समाजसेवी योगेंद्र सिंह एडवोकेट पुत्र खुमान सिंह कुम्पावत सिंगासनी हाल जालौर निवासी की भतीजी रवीना कंवर का विवाह महावीर सिंह जी भाटी सावत कुआं के साथ हुआ। इस विवाह के अवसर पर स्वयं की



ओर से अग्रणीय होकर जरूरतमंद प्रतिभावान छात्रों की शिक्षा के लिए काम कर रहे राजपूत शिक्षा कोष को 5100 रुपए का शिक्षा नेग दिया।

राजपूत शिक्षा कोष के सचिव श्याम सिंह सजाड़ा ने बताया कि पद्म श्री पदम भूषण डा.नारायण सिंह माणकलाव पूर्व सांसद ने सर्व समाज को आह्वान किया था कि आजकल शादियों में लाखों रुपए दिखावे के लिए खर्च हो रहे हैं अगर उनमें से अन्य नेग जो दिए जाते हैं के साथ शिक्षा नेग देने की भी परंपरा शुरू होनी चाहिए, जिसका सभी समाजों ने व्यापक स्वागत हुआ और अब बढ़चढ़ कर के शिक्षा नेग दे रहे हैं। इस अवसर पर कल्याण सिंह, जबर सिंह श्याम सिंह, अर्जुन सिंह, भवानी सिंह, किशन सिंह, जितेंद्र सिंह, भैरू सिंह, शूरवीर सिंह, प्रताप सिंह, राणावत, जेठू सिंह चौहान, उदय सिंह कुम्पावत, महिपाल सिंह कुम्पावत, रघुनाथ सिंह कुम्पावत, रविंद्र सिंह कुम्पावत, दलपत सिंह चौहान, भंवर सिंह खींची सहित कई सामाजिक बंधुगण उपस्थित थे।

### विवाह में नशे से रखी दूरी, नहीं लिया टीका

■ वरपक्ष ने टीका नहीं लिया, न दहेज लिया। पूरे समारोह में किसी प्रकार का नशा नहीं किया गया। शराब पूर्णतया वर्जित रही। इस तरह समाज सुधार के सभी प्रस्तावों का पालनकर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

# दुकानदार पर हमले के आरोपियों की निकाली परेड

- स्वास्थ्य परीक्षण को पैदल अस्पताल ले कर गई पुलिस

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बागोड़ा।** कस्बे में सायला गुड़ामालानी सड़क पर स्थित एक मशीनरी पार्ट्स की दुकान में बैठे दुकानदार पर मंगलवार को दिनदहाड़े हमला करने के चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। आमजन में पुलिस का विश्वास व अपराधियों में खौफ करने के लिए चारों बदमाशों को थानाधिकारी हुकमाराम के नेतृत्व में भारी पुलिस जाब्ता द्वारा मुख्य मार्गो से स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पैदल राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

पुलिस निरीक्षक हुकमाराम ने बताया कि पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्यवाही करते हुए नादिया निवासी प्रदीप दान (26) पुत्र सरेदान चारण, गणपत लाल (28) पुत्र रुपाराम जाति



दर्जी निवासी नादिया, उम्मेद सिंह उर्फ चिकु सिह(25) पुत्र छैलसिंह राजपूत निवासी मोरसीम व शिकंदर शाह (22) पुत्र निजाम शाह जाति शाह मुसलमान निवासी राह पुलिस थाना बागोड़ा को दस्तयाब कर लिया गया है। आरोपी प्रदीप चारण के खिलाफ मारपीट, लूट, अपहरण व एससी एसटी मे 5 मुकदमा दर्ज है। उम्मेदसिंह उर्फ चिकु सिंह राजपूत के खिलाफ 3 मुकदमा मारपीट, झगड़ा व अनुसूचित जाति जनजाति एक्ट में पंजीबद्ध हैं। वहीं सिकंदर शाह के विरुद्ध भी 4 मुकदमे मारपीट, अपहरण व एससी-एसटी के तहत विभिन्न थानों में दर्ज है और आरोपियों के न्यायालय में विचाराधीन चल रहे हैं। पीड़ित की पेश रिपोर्ट पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

गौरतलब है कि तिलोड़ा निवासी प्रेम कुमार पुत्र देवाराम माली ने रिपोर्ट पेश कर आरोप लगाया है कि उसका भाई अर्जुन कुमार जो शाम करीब 4 बजे अपनी मशीनरी पार्ट्स की दुकान में बैठा था कि नादिया निवासी आदतन अपराधी प्रदीप दान पुत्र सरेदान चारण व अन्य चार पांच व्यक्ति हाथों में धारदार हथियार व लाठियां लेकर अंदर आए और रुपए की डिमांड की। मेरे भाई अर्जुन ने रुपए देने से मना किया तो आरोपियों ने सिर व शरीर के अन्य अंगों पर मारपीट कर जान लेने के लिए गंभीर चोटें मारी जिससे वो बेसुध होकर गिर पड़ा। आरोपी प्रदीप चारण व अन्य इस दौरान काउंटर के गल्ले में रखे 70-80 हजार रुपए लूट कर ले गए और जाते जाते बाहर खड़ी स्कार्पियो एन गाड़ी के कांच तोड़कर पेट्रोल से भरी बोतल से जलाने का प्रयास किया। मगर बोतल छिटक कर गाड़ी में गिर गई। गंभीर घायल अर्जुन कुमार अभी अस्पताल में उपचाराधीन है।

# अस्थाई मेले, बाजार व दुकान की अनुमति का विरोध



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** मनिहारी व रेडिमेट व्यापार संघ भीनमाल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर दौलतराम चौधरी के नाम नायब तहसीलदार मीठालाल जोशी व नपा अधिशाषी अधिकारी तेजराज भंडारी को ज्ञापन सौंपकर भीनमाल नगरपालिका परिधी में व्यापार मेले ओर अस्थाई बाजार व दुकान खोलने की अनुमति नहीं देने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि कुछ बाहरी लोगों द्वारा भीनमाल नगरपालिका परिधि में अस्थाई मेले, बाजार व दुकान खोलकर सस्ते दाम के लिए भ्रमित कर भीनमाल का बाजार खराब कर रहे हैं, जिसका असर स्थानीय व्यापारियों पर पड़ रहा है। यदि यही हालत रहे तो बाजार में कई दुकानें बंद हो जाएंगी। व्यापारियों ने बताया कि मेले में बड़ी संख्या में बाहरी लोग भी कर्मचारी के रूप में आते हैं, जिनका पुलिस वेरिफिकेशन नहीं करवाया जाता है। पूर्व में स्थानीय तलबी तालाब स्थित खेल मैदान में आयोजित मेले का कर्मचारी भीनमाल की एक लड़की को बहला फुसलाकर साथ लेकर भाग गया था, जिसे अन्य राज्य से पुलिस द्वारा बड़ी मुश्किल से लाया गया था। ज्ञापन में इस प्रकार के अस्थाई बाजार, मेले या दुकान की अनुमति नहीं दिलवाने की मांग की है। इस अवसर पर रेडिमेड वस्त्र व्यापार संघ अध्यक्ष श्रवणसिंह राव, संरक्षक अशोक शर्मा, विधि सलाहकार सत्यवानसिंह राजपुरोहित, उपाध्यक्ष भंवरलाल मेहता, कांतिलाल पुरोहित, भलाराम माली, संगठन मंत्री कल्पेश श्रीमाली, प्रदीप भाटी, लियाकत खान, मीठालाल माली, ललित होंडा, मणियारी फुटवियर व्यापार संघ अध्यक्ष भोपालसिंह, संरक्षक नवल किशोर राठी, महासचिव चेतन गहलोत, उपाध्यक्ष दिनेश लखारा, राजूभाई चौधरी, कोषाध्यक्ष पीयूष रेठी, संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, संरक्षक शेखर व्यास, श्यामलाल खेतावत, वस्त्र व्यापार संघ अध्यक्ष महादेवाराम घांची व स्टेशनरी व्यापार संघ अध्यक्ष देवेंद्र भंडारी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मोजूद थे।

# 48 बालिकाओं को साइंकिल वितरित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बड़गाव।** राउमावि बड़गाव में राज्य सरकार द्वारा दी जा रही कक्षा 9 की बालिकाओं सत्र 2024-25 को निःशुल्क साइकिल मुख्य अतिथि रावत मानवेंद्र देव देवड़ा के आतिथ्य में वितरण की गई। देवड़ा ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की ओर चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने हेतु शिक्षा से जुड़े रहने का आह्वान किया। अधिक से अधिक बालिकाओं को विद्यालय से जोड़ने हेतु प्रेरित किया। प्रधानाचार्य कैलाशदान चारण ने सरकार द्वारा चलाई जा रही बालिका शिक्षा हेतु योजनाओं का विस्तार से परिचय करवाया गया। योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया। निःशुल्क साईकिल प्रभारी कमला बिश्नोई ने बताया कि कक्षा 9 में अध्ययनरत कुल 48 बालिकाओं को साईकिल वितरित की गई। व्याख्याता दिनेश कुमार ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए साईकिल का उपयोग करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में रमेश कुमार व्याख्याता, श्रीमती अनीता कुमारी व्याख्याता, कालूराम बिश्नोई, बुधाराम, मोहनलाल समेत कई जन उपस्थित रहे।

# आकलन टेस्ट को विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण

- विद्यार्थियों का निरंतर अभ्यास से होगा शिक्षा में निखार : विश्नोई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** शिक्षा विभाग आधारित कक्षा प्रथम से अष्टम के विद्यार्थियों के तीन विषय आधारित पूर्णता को लेकर मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान की पालना में विद्यालयों का मासिक अवलोकन की कड़ी में पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कविता बिश्नोई द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय उमा की ढाणी अगार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। स्थानीय विद्यालय के अध्यापक पीरचंद चितारा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पोर्टफोलियो फाइल, उपस्थिति रजिस्टर, एमडीएम, दुग्ध वितरण, क्लास वार बालकों की शैक्षिक स्थिति मय वर्क बुक जांच स्थिति, लाइब्रेरी पुस्तक वितरण



रजिस्टर, शाला दर्पण शिक्षक एप, पौधों की नामांकन अनुसार जिओ टैगिंग, खाद्यान्न की संधारण स्थिति, भोजन मेन्यू, कृष्णा भोग से लाभान्वित विद्यार्थी एवं भामाशाह सहयोग, टैंक, टॉयलेट की सफाई मय तारीख इंद्राज की स्थिति के बारे में विभागीय निर्देशों की पालना से अवगत करवा कर शालादर्पण के विभिन्न ऑनलाइन कार्यों की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। विद्यालय में गुणवत्ता युक्त बेहतर शैक्षिक माहौल बनाने एवं गणतंत्र दिवस आयोजन पूर्व अभ्यास के बारे में अध्यापकों को निर्देश दिए गए।

व्यवस्थाओं को जांचने के बाद संतोषजनक स्तर पाया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक भरत कुमार सैन द्वारा अवलोकन अधिकारी कविता बिश्नोई पी.ई.ई.ओ को विजिट करने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

**पश्चिम रेलवे**
**नवीनीकरण कार्य**
उप प्रमुख अभियंता (निर्माण), पश्चिम रेलवे, 8 वा तल, स्टेशन भवन, चर्चगेट, मुंबई 400020 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. डीवाय. सीई(सी)/सीसीजी/346, कार्य का नाम:** पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल के चर्चगेट स्टेशन के सीएओ (सी) कार्यालय, डीवाय.सीईई (सी) कार्यालय, प्रथम तल, डीवाय.सीआरएस कार्यालय 2 रे तल, एफए एवं सीएओ (सी) चर्चगेट कार्यालयों तथा 6 ठे तल पर सीएसटीई/सी/चर्चगेट कार्यालय, 8 वे तल पर डीवाय.सीई (सी) कार्यालय, डीवाय.सीएसटीई (सी) (एफ) कार्यालयों के कॉंफ्रेंस हॉल, मेन हॉल का नवीनीकरण। **एनआईटी लागत:** रु. 3,81,83,101.94, **बोली प्रतिभूति:** रु. 3,40,900/-, **बोली प्रारंभ की दिनांक:** 28.01.2025, **बोली जमा करने की अंतिम दिनांक:** 11.02.2025 को 15.00 बजे, **निविदा दस्तावेज खुलना:** आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **0989**
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

### निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेवड़ी में मुख्यमंत्री निःशुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन सरपंच माधुसिंह की मौजूदगी में हुआ। इस दौरान सरपंच ने बताया कि साईकिल वितरण योजना से छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने व उनकी पहुंच को सुगम बनाने की दिशा में राज्य सरकार की सराहनीय पहल है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य सोहनी कुमारी ने कहा कि दूरदराज इलाकों से आने वाली बालिकाओं को स्कूल आने में सुगमता होगी तथा राज्य सरकार की समस्त लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। अधिक से अधिक छात्राओं को स्कूल से जोड़ने के बारे में अवगत करवाया तथा कक्षा -9 की 31 छात्राओं को साईकिल वितरण कीं। इस अवसर पर वचनाराम देवासी, भरत, भीखाराम, श्रवण जाट, रामलाल विश्नोई, प्रकाश कलबी, पांचाराम विश्नोई, पुखराज परमार, तिलकाराम, रामेश्वरी विश्नोई, मोहनलाल व टिकमाराम सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से महिला की मौत, तीन गंभीर



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** थानाक्षेत्र के बावतरा गांव में रायलानाडा के पास स्टेट हाइवे पर बुधवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली का संतुलन बिगड़ने से पलट गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि तीन जने गंभीर घायल हो गए तथा अन्य को मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार बावतरा गांव निवासी एक ही परिवार के करीबन एक दर्जन सदस्य ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर जीवाणा में रिश्तेदार के यहां मिलने जा रहे थे। इस दरम्यान बावतरा गांव के कुछ ही दूरी पर रायलानाड़ा के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली का संतुलन बिगड़ने से पलट गई। जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार महिला सुखीदेवी पत्नी आसाराम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में गलीदेवी पत्नी जुठाराम देवासी, फाऊदेवी पत्नी खेताराम देवासी, पारूदेवी पत्नी वीजाराम देवासी गंभीर घायल हो गए। जिनको प्राथमिक उपचार के बाद भीनमाल रेफर किया गया। जबकि मकाराम, छैलाराम, जगाराम पुत्र धीराराम, हरसनराम पुत्र नारणाराम, रमकुदेवी पत्नी हरसनराम, सोगीदेवी पत्नी नारणाराम, लूंगीदेवी पत्नी मकाराम, डिम्पल व गुड़िया पुत्री वीजाराम को मामूली चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही सायला पुलिस मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सायला पहुंचाया। वहीं मृतका सुखीदेवी का शव राजकीय मोर्च्युरी में रखवाया गया।

# साइबर अपराध रोकथाम को जागरुकता अभियान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रामसीन।** पुलिस मुख्यालय राजस्थान, जयपुर के आदेशानुसार और जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशन में साइबर अपराध रोकथाम सायबर जागरुकता अभियान ;साइबर शील्ड एवं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मोटाराम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जालोर और अन्नराज सिंह राजपुरोहित उप अधीक्षक पुलिस वृत भीनमाल के सुपरविजन में पुलिस थाना रामसीन के थानाधिकारी तेजु सिंह और उनकी टीम ने तवाव, मोदरा, सेरणा और धाणसा के राजकीय विद्यालयों और आम नागरिकों को साइबर अपराध से बचाव और यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव साइबर क्राइम से बचाव साइबर ठगी या धोखाधड़ी



की घटना होने पर तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करें। गूगल जैसे सर्च इंजन पर किसी कस्टमर केयर नंबर की खोज करते समय केवल आधिकारिक वेबसाइट का ही उपयोग करें। किसी भी एप्लिकेशन को इंस्टॉल करने से पहले उसकी पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त करें। यातायात सुरक्षा के नियम शराब पीकर वाहन नहीं चलाएं। मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य करें। जागरुकता अभियान के प्रमुख कार्य पोस्टर और पेम्पलेट वितरण, जागरुकता फैलाने के लिए विभिन्न स्थलों पर पोस्टर और पेम्पलेट वितरित किए गए। सड़क सुरक्षा नियमों पर चर्चा, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस अभियान का उद्देश्य न केवल साइबर अपराधों से बचाव करना है, बल्कि सड़क पर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना भी है।

# अवैध गतिविधियों पर पुलिस की कार्रवाई

**रामसीन।** अवैध जुआ गतिविधियों पर पुलिस की सख्त कार्यवाही रामसीन पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध धंधों के खिलाफ विशेष अभियान के तहत रामसीन थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा एवं वृताधिकारी अन्नराज सिंह राजपुरोहित के सुपरविजन में रामसीन थानाधिकारी तेजू सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने जुआ की पर्चियां काटकर लोगों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाले आरोपी नवाराम पुत्र पांचाराम मेघवाल निवासी रामसीन को गिरफ्तार किया।

**पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल**
**परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी की नियुक्ति**
**ई-निविदा संख्या : DyCSTE_Works_BRC_PSSA_01 दिनांक 21/01/2025 निविदा संख्या** : DyCSTE_Works_BRC_PSSA_01 **विभाग :** सिग्नल और दूरसंचार। **कार्यकारी :** उप मुख्य सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियर वर्क्स, पश्चिम रेलवे, वडोदरा। **कार्य एवं स्थान :** पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल में एस एंड टी विभाग की विभिन्न सिग्नलिंग परियोजनाओं के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं प्रदान करने हेतु परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी की नियुक्ति। **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹69330951.84 **निविदा फॉर्म की लागत :** शून्य **विशेष कार्यालय जहां ई-निविदा खुलेगी :** उप सीएसटीई / वर्क्स (एसएंडटी), द्वितीय तल, एनेक्सी बिल्डिंग, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, प्रतापनगर, वडोदरा-390 004. **बयाना जमा राशि :** ₹496700.00 **पूर्ण होने की अवधि :** 24 महीने **ऑफर की वैधता :** खुलने की तारीख से 120 दिन **ई-टेंडर का प्रकार :** ओपन ई-टेंडर, सिंगल स्टेज दो पैकेट सिस्टम **प्री-बिड कॉन्फ्रेंस तिथि और समय :** 07/02/2025 (15:00 बजे IST) **निविदा समापन तिथि समय :** 03/03/2025 (15:00 बजे IST) निविदा को वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। **278**
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**
**भुसावल मंडल**
**ई - निविदा आमंत्रण सूचना निविदा सं. :- भुसावल_ईलेक्ट_टीआरडी_14_2025 दिनाक 21.01.2025.**
भारत के महामहिम राष्ट्रपति हेतु सीनियर डिवीज़नल बिजली इंजीनियर (क०वि०) मध्य रेल,भुसावल द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु डीजीटेली हस्थाक्षरित ऑनलाइन ओपन ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** निम्नलिखित कार्यो के संबंध में 25 केवी, सिंगल फेज, एसी ओएचई कार्यो का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण परीक्षण और कमीशनिंग: **(1)** जलंब-खामगाव अनुभाग में कि.मी. 545/21-22 पर एलसी नंबर जेके-6 के बदले में आरयूबी का निर्माण। **(2)** जलगाव-शिरसोली अनुभाग में रेलवे कि.मी. 417/23एन-25एन पर आरओबी का निर्माण। **कार्य की लागत:** रु. 48,43,590.60. **बयाना राशि:** रु. 96,900/-. **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख, समय:** 24.02.2025 up to 15:00 hrs. **अतिरिक्त जानकारी के लिए वेब साइट का पता:** **www.ireps.gov.in** **DE-35**
अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

# मनुष्य जीवन से ही मिल सकता मोक्ष : मणिप्रभसुरीश्वर



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** मरडीया परिवार द्वारा आयोजित चितलवाना से जीरावला छःरी पालित संघ का तीसरे दिन का पड़ाव उनके मूल गांव कारोला में पहुंचा। इससे पूर्व आचार्य की मांगलिक से साथ छःरी पालित संघ हाड़ेचा से प्रस्थान किया एवं धमाणा के जिनालय के दर्शन करते हुए कारोला पहुंचे। यहां गांव की सीमा पर कारोला निवासियों द्वारा गुरुदेव का सोमैया से स्वागत किया। आचार्यश्री ने तीसरे दिन के नियमित प्रवचन में कहा कि मनुष्य जीवन ही एक ऐसा रास्ता है जिसमें मोक्ष मिल सकता है। अतः मनुष्य को अपने जीवन में आत्मा के कल्याणार्थ अच्छे कार्य सामयिक, एकासना, उपवास आदि करते रहना चाहिए और मनुष्य को अरिहंत परमात्मा की आज्ञा के विरुद्ध कोई कार्य नहीं करना चाहिए। इस छःरी पालित संघ का नाम शांति पार्श्व संघोत्सव इसलिए रखा गया है कि जहां से यात्रा आरंभ हुई है वहां के मूलनायक शांतिनाथ भगवान यात्रा में शांति देवे। जिस मंजिल की ओर पहुंचना है, जीरावला तीर्थ वहां के मूलनायक पार्श्वनाथ भगवान हैं।

इस अवसर पर कारोला राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के लगभग 100 बच्चों को संघपति परिवार द्वारा मिष्ठान, शिक्षा सामग्री एवं गर्म कंबल वितरण किए गए। इस अवसर पर छःरी पालित संघ में कारोला गांव के ईश्वरसिंह, भगवान सिंह का संघवी परिवार द्वारा बहुमान किया गया। बाड़मेर नूतन जिनालय एवं केयूप भवन के लाभार्थी बाबूलाल छाजेड़, अंजनशलाका प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के चेयरमेन जगदीश भंसाली एवं कुशल वाटिका ट्रस्टी रतनलाल सकलेचा का संघवी परिवार द्वारा बहुमान किया गया। आरती का लाभ सुंदरदेवी मांगीलाल वनेचंद देसाई ने लिया चौथे दिन का पड़ाव सत्यपुर सांचौर रहेगा।

# गुड़ामालानी : वीडीओ व पोस्टमैन के खिलाफ मामला दर्ज

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गुड़ामालानी।** सूचना आयोग जयपुर के आदेशों पर सूचना के अधिकार के तहत सूचना देने की जगह फर्जी रसीद सूचना आयोग को पेश करने के मामले में तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी गुड़ामालानी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी रघुवीर चौधरी को सूचना के अधिकार के आवेदन पर सूचना आयोग जयपुर की निर्णय की पालना करते हुए एक सूचना प्रार्थी दिनेश कुमार निवासी मौखाबा को देनी थी। रघुवीर चौधरी ने डाक विभाग कर्मचारियों के सहयोग से फर्जी रसीद बनाकर सूचना आयोग में 20 फरवरी 24 को सूचना देने की जानकारी पेश कर दी। इसको लेकर परिवादी को पता चला तो पुलिस में शिकायत की लेकिन मामला दर्ज नहीं हुआ। जिस पर उसने सीजेएम कोर्ट गुड़ामालानी में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर जांच की मांग की थी। सीजीएम कोर्ट गुड़ामालानी ने पुलिस थाना गुड़ामालानी को मुकदमा दर्ज कर जांच करने के आदेश दिए गए। गुड़ामालानी थाने में 21 जनवरी को तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी रघुवीर चौधरी व पोस्टमेन कमलेश के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।




### इन धाराओं में हुआ मामला दर्ज

धारा 420, 465, 468, 471, 120B सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज आईडी नं. | **बोली क्र. 2025-एमसीजीएम-1140185-1** |
| संस्था का नाम | **बृहन्मुंबई महानगर पालिका** |
| विषय | ई.ई. (मैक.) दक्षिण अंतर्गत महापालिका पॉवर लॉंड्री में धुलाई प्रक्रिया हेतु सरफेक्टेंट (डिटरजेंट ड्राय पावडर) की आपूर्ति। |
| निविदा शुल्क | रु. 3300 + 18% जीएसटी |
| ई-निविदा की लागत | मद दर |
| बोली प्रतिभूति/ईएमडी | रु. 38,100/- |
| निविदा जारी एवं विक्रय की दिनांक | 22.01.2025 को 12.00 बजे से |
| बोली प्रतिभूति जमा करने की अंतिम दिनांक व समय | 28.01.2025 को 12.00 बजे तक |
| लिफाफा ए, बी तथा सी (ऑनलाइन) जमा करना | 28.01.2025 को 16.00 बजे तक |
| प्री-बिड मीटींग | लागू नहीं |
| लिफाफा ए खुलना | 29.01.2025 को 16.00 बजे पश्चात |
| लिफाफा बी खुलना | 29.01.2025 को 16.00 बजे पश्चात |
| लिफाफा सी खुलना | 31.01.2025 को 16.00 बजे पश्चात |
| संपर्क हेतु पता | कार्यालय ई.ई. मैक. (दक्षिण) बीएमसी महापालिका वर्कशॉप, 103, आर.एस. निमकर मार्ग, भायखळा, मुंबई 400008 |
| बोली खुलने का स्थान | कार्यालय सहायक अभियंता (महापालिका पॉवर लॉंड्री), नायगांव पुलिस ट्रेंनिंग सेंटर, स्ट्रीट नं. 39, स्कीम नं. 57, भोईवाडा, परेल, मुंबई 400012 |
| ई-मेल पता | aempl.me@mcgm.gov.in |

यह निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय है।
एमसीजीएम के पास किसी भी आवेदन का स्वीकार करने या उक्त विषय में किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
PRO/2314/ADV/2024-25 कार्य. अभि. मैक. (दक्षिण)
बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## सुविचार

मेहनत करनी है तो कमर सीधी करनी ज़रूरी है झुक कर ज़्यादा देर काम नहीं किया जा सकता।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## 18,000 भारतीयों की वापसी!

डोनाल्ड ट्रंप की बादशाहत आते के साथ ही अमेरिका में रह रहे भारतीयों के जीवन में निश्चित ही एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अपने जीवन के सपनों को पूरा करने की आस रह रहे भारतीयों को अब ट्रंप की नीतियों से निश्चित ही झटका लगने वाला है। ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान ही ये वायदा किया था कि वह सत्ता में आते ही अवैध प्रवासियों को फ्लाइट में बैठाकर उनके मूल देश रवाना कर देंगे। यही नहीं उन्होंने इसके लिए कई कड़े प्रतिबंध एवं नियम बनाने का भी उल्लेख किया था। अमेरिका की कुर्सी संभालने के साथ ही ट्रंप अपने इस वायदे को पूरा कर दिखाने की उत्सुकता में दिखाई दे रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति बनते ही अवैध प्रवासियों को निकालने के आदेश दिए हैं। ट्रंप के इस आदेश के बाद भारत सरकार ने भी वहां रह रहे 18,000 भारतीयों को वापस लाने की तैयारियां शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत सरकार ने ट्रंप प्रशासन के साथ मिलकर इस पर काम भी शुरू कर दयिा है। यह संकेत है कि नई दिल्ली अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ सहयोग को इच्छुक है और व्यापार युद्ध से बचना चाहता है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों देशों (अमेरिक और भारत) की सरकारों ने लगभग 18,000 अवैध भारतीय प्रवासियों की पहचान की है, जिन्हें वापस भेजा जाना है। अवैध भारतीय प्रवासियों की यह संख्या कितनी है, यह अभी स्पष्ट नहीं है। ऐसा बताया जा रहा है कि यह संख्या और भी अधिक हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई अन्य देशों की तरह, भारत भी ट्रम्प प्रशासन को खुश करने और व्यापार खतरों से बचना चाहता है। इतना ही नहीं, भारत उम्मीद कर रहा कि ट्रंप प्रशासन के साथ उसके रिश्ते इसमें काफी काम आएंगे। साथ ही, ट्रंप के साथ पीएम नरेंद्र मोदी के निजी रिश्तों की वजह से छात्र वीजा और एच-1बी वीजा से जुड़े लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। आपको बता दें कि अवैध प्रवास पर कार्रवाई ट्रंप के चुनावी अभियान का प्रमुख वादा है। ट्रंप ने सोमवार को शपथ ग्रहण के कुछ घंटों के भीतर इस वादे को पूरा करने की दिशा में कदम उठाया है। इन फैसलों में जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त करना और अमेरिकी-मेक्सिको सीमा पर सैनिकों की तैनाती करना शामिल है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपने सहयोग के बदले में काफी उम्मीद है। भारत को उम्मीद है कि ट्रंप प्रशासन भारतीय नागरिकों को अमेरिका में प्रवेश के लिए दिए जाने वाले वैध प्रवासन चैनलों जैसे कि छात्रा वीजा और कुशल श्रमिकों के लिए H-1B कार्यक्रम को संरक्षित रखे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2023 में दिए गए 386,000 एच-1बी वीजा में से लगभग तीन-चौथाई भारतीय नागरिकों को मिले थे।

### बधाल में फैली रहस्यमय बीमारी

# आपराधिक साजिश या महज संयोग



संजय श्रीवास्तव

बायो वेपन के परीक्षण, आपराधिक साजिश और षडयंत्र से अलग देश में रोगों के मानचित्रीकरण, जीनोम मैपिंग, जीनोम सीक्वेंसिंग, ऑरल ऑटोप्सी, रेयर डिसीज मैपिंग और बीमारियों और कारकों के विश्वसनीय तथा आद्यतन आंकड़ों का अभाव हर साल कुछ नई और रहस्यमय बीमारियों के उद्गम का कारण बनता है। बधाल की रहस्यमय बीमारी इस आवश्यकता की ओर ध्यान दिलाने वाली है। जम्मू के राजौरी जिले के गांव बधाल की एक रहस्यमय बीमारी इन दिनों राष्ट्रीय चर्चा का विषय बनी हुई है। इस बीमारी ने अब तक 17 से अधिक जानें ली हैं और करीब 40 लोग अभी भी अस्वस्थ हैं। देश में हर साल कुछ रहस्यमय बीमारियां सीमित क्षेत्रों तक फैलती हैं। कभी मौतों या प्रभावितों की संख्या दहाई के भीतर रहती है, कभी सैकड़ा पार कर जाती है।

- इमेज

किसी किसी बीमारी या स्वास्थ्य विसंगति की पहचान हो जाती है और बहुत बार ये रहस्य ही बनी रह जाती हैं। अभी तक अचानक फैलने वाली अज्ञात बीमारियों की आशंकाओं के आगत, रोकथाम या पहचान का कोई सुगठित, सुनिश्चित तंत्र नहीं बन पाया है। देश का कौन सा क्षेत्र किस तरह की बीमारी अथवा स्वास्थ्य विसंगति के प्रति आशंकित है, अथवा किस आयु, वर्ग, अथवा प्रकार के लोग किस मौसम में किन बीमारियों के किन नए प्रकारों से प्रभावित हो सकते हैं, देश और राज्य के स्तर पर इस पुख्ता आंकड़े या जानकारी का सर्वथा अभाव है। तब जबकि इसकी, तकनीक, तरीके, प्रविधियां मौजूद हैं और कई देश इसको इस्तेमाल कर रहे हैं। आवश्यकता है ऐसी स्वास्थ्य समस्याओं को गंभीरता से लेने के अलावा इनका समग्रता के साथ समाधान तलाशने की। बधाल की मौजूदा स्थिति इन सवालों और जरूरतों को एक बार फिर प्रकाश में ले आई है, इस परिदृश्य ने व्यवस्था को स्मरण दिलाया है कि इस दिशा में सुविचारित तथा समष्टिपूर्ण समाधान के महती प्रयासों की कितनी आवश्यकता है। बधाल में कुल 17 मौतों में डेढ़ किलोमीटर के दायरे में रहने वाले, एक प्रीतिभोज में खाना खाने वाले दो परिवार के 7 लोग हैं। 5 बच्चे और दो वयस्क। अन्य मृतकों में कुछ स्त्री पुरुष बुजुर्ग भी शामिल हैं। यह तथ्य बताता है कि संबंधित बीमारी ने हर आयु वर्ग को प्रभावित किया है, यहां जमीन के लिए होनी वाली साजिशों, हत्याओं की ओर भी इशारा करता है। जहां तक पारिवारिक आपराधिक साजिश या खाद्य विषाक्तता का प्रश्न है, वह पुलिस अभी तक साबित नहीं कर पाई है। राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं ने पाया है कि किसी तरह के जीवाणु अथवा वायरस के प्रकोप का संबंध इस बीमारी से नहीं है। इससे किसी तरह की संक्रामक बीमारी की आशंका स्वतः खारिज हो जाती है। सामान्य विषाक्तता या मिलावट का भी मामला नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट यह कहती है कि उल्टी, तेज़ बुखार, सांस लेने में तकलीफ और बेहोशी के बाद मरने वालों के दिमाग में सूजन पाई गई। सुदूर क्षेत्र होने के चलते मरीज को लाने में देरी हुई थी, इसने दिमाग इस स्तर तक प्रभावित हुआ कि इनका इलाज मुमकिन नहीं था। विशेषज्ञों ने मृतकों के नमूनों में पाए जाने वाले 'न्यूरोटॉक्सिन' को इसका दोषी माना। तंत्रिकातंत्र को प्रभावित करने वाला यह रसायन प्राकृतिक जीवों, जैसे बैक्टीरिया, पौधों या जानवरों द्वारा उत्पादित किए जा सकते हैं या सिंथेटिक केमिकल हो सकते हैं। सुदूर क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच तमाम दावों के बावजूद लचर है इसलिए न्यूरोटॉक्सिक से प्रभावित दिमाग को समय से इलाज न मिल पाना समझा जा सकता है; लेकिन लाख टके का सवाल यह कि यह रसायन मृतकों के शरीर में कैसे पहुंचा, इसका अभी तक कोई जवाब नहीं मिला। बधाल में पहली मौत के बाद अगले 48 घंटे में आधा दर्जन मौतें उन्हीं लक्षणों के चलते हुईं और तकरीबन सारे परीक्षण तभी प्राप्त हो चुके थे लेकिन तकरीबन डेढ़ महीना बीतने के बाद स्वास्थ्य सहित तमाम विभाग किसी निर्णायक परिणिति पर कैसे नहीं पहुंच पाए, यह भी एक रहस्य ही है। आंध्र प्रदेश में रहस्यमयी बीमारी के चलते जिसमें लोग चक्कर खाकर अचानक बेहोश हो जाते थे, एक समय 400 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती हुए थे कुछ मर भी गए। महाराष्ट्र के बुलढाना शहर में अचानक 60 लोग गंजेपन का शिकार हो गए, जिसमें महिलाएं भी शामिल थीं। आजतक इसका रहस्य नहीं खुला, ये महज कुछेक उदाहरण हैं। बेशक हर ऐसी घटना अकारण नहीं होती। उसके पीछे कुछ कारण, कारक अवश्य होते हैं। ऐसी परिस्थितियां न आएं या आ जाएं तो इससे सफलता पूर्वक निपटा जा सके, वे रहस्यमयी या पूर्णतया अबूझ न बनी रह जाएं, इसके लिए उन कारकों पर निगाह रखना, उनके निदान हेतु व्यवस्था बनाकर काम करना, सचेत रहना इन जैसी परिस्थितियों के समाधान हेतु आवश्यक है जिन्हें सरकारी व्यवस्थाएं लगातार नजरअंदाज करती रही हैं। बहुतेरे देशों में बीमारियों के प्रकार और उनके प्रभाव क्षेत्र दर्शाने वाले मानचित्र होते हैं। देश में किस क्षेत्र में लोग कौन सी बीमारी से सबसे ज्यादा जूझ रहे हैं, किस शहर में किस प्रकार के डाक्टर की सबसे ज्यादा जरूरत है और लोग किस विशेषज्ञ की खोज सबसे ज्यादा कर रहे हैं, इसके वार्षिक आंकड़े मौजूद होते हैं। अपने देश में बीमारियों का कोई न मानचित्र है न ही इस तरह के विश्वसनीय सरकारी आंकड़े, जिससे यह पता लगाया जा सके कि फलां क्षेत्र में इस तरह की बीमारी आशंकित है। कुछ देश दुर्लभ बीमारियों का राष्ट्रीय मानचित्र बनाते हैं, इसमें जीनोटाइप बीमारियां या क्षेत्र विशेष की आनुवांशिक बीमारियों का ब्योरा होता है, तो फीनोटाइप का भी। इससे क्षेत्र विशेष में किसी भी नई बीमारी के उभार या सघनता का पता चलता है। बीमारी का हॉट स्पॉट नियत हो पाता है, बीमारी रहस्य नहीं रहती बल्कि इनके इलाज का पहले से ही प्रबंध रहता है। क्लिनिकल रिसोर्स समय से वहां उपलब्ध हो जाता है। रोगनिरोधी भविष्य के साथ स्वास्थ्य देखभाल रणनीतियों और नई बीमारियों के रहस्य से पर्दा उठाने के लिए जीनोम मैपिंग और जीनोम सीक्वेसिंग बड़े काम की चीज है पर इस क्षेत्र में हमारी जो पोल कोरोना के समय खुली, अभी ढंकी नहीं है। ऑरल ऑटोप्सी की प्रक्रिया के तहत गांव गिरांव में मौखिक सर्वेक्षण के जरिये अदृश्य और अज्ञात रोगों का पता लगाने की तो देश में कभी बात ही नहीं हुई। यह दूर की कौड़ी सही पर चीन ईरान सरीखी कोई ताकत अपने बायो वेपन या जैविक हथियार का परीक्षण भी इस तरह कर सकती है, क्या हमारे पास इसका शीघ्रता से पता लगाने का कोई मैकनिज्म है? शायद नहीं। डेढ़ महीने से ज्यादा समय के बाद भी रहस्य बनी हुई कथित बीमारी के पीछे किसी अज्ञात बीमारी, खाद्य विषाक्तता, संदूषण, साजिश, अपराध, अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र, बायोटेररिज्म, किसी दुश्मन देश द्वारा जैविक हथियार के परीक्षण जैसे कई कोण शामिल हैं। स्थानीय और राज्य का पुलिस महकमा अपनी स्पेशल टास्क फोर्स बनाकर इसमें लगा है, वहीं राज्य का स्वास्थ्य मंत्रालय इस पहेली को सुलझाने के लिए पुणे के भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, दिल्ली के राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, ग्वालियर के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन तथा पीजीआई चंडीगढ़ जैसे अनेक राष्ट्रीय संस्थानों की मदद ले रहा है।

## पंचांग

23 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| ● विक्रम संवत् | - | 2081 |
| ● शक संवत् | - | 1946 |
| ● ऋतु | - | शिशिर |
| ● माह | - | माघ |
| ● पक्ष | - | कृष्ण |
| ● तिथि | - | नवमी 17.38 तक |
| ● वार | - | गुरुवार |
| ● नक्षत्र | - | विशाखा 29.09 तक |
| ● योग | - | गंड 29.07 तक |
| ● करण | - | वणिज 30.37 तक |
| ● सूर्योदय | - | 07.16 (मुंबई) |
| ● सूर्यास्त | - | 06.24 (मुंबई) |
| ● सूर्योदय | - | 07.27 (भीनमाल) |
| ● सूर्यास्त | - | 06.18 (भीनमाल) |
| ● चंद्र राशि | - | तुला 22.32 तक |
| ● अभिजित् मुहूर्त | - | 12.28 से 13.12 |
| ● राहु काल | - | 14.14 से 15.38 |
| ● व्रत, त्यौहार | - | नेताजी जयंती, बिच्छुड़ा 22.32 प्रारंभ, सूर्य श्रवण में 28.45, भद्रा 30.37 प्रारंभ |
| ● दिशा शूल | - | दक्षिण |

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## कलयुग का राजा राहु, अगर प्रसन्न कर लिया तो बना देगा मालामाल

ज्योतिष में शनि देव को सबसे क्रूर ग्रह माना जाता है जबकि देवगुरु बृहस्पति और ग्रहों के राजा सूर्य को बहुत शुभ और बलवान माना जाता है। लेकिन ज्योतिष में सभी नौ ग्रहों का अपना अलग-अलग महत्व होता है। कलयिुग में एक ग्रह बहुत ही प्रभावशाली माना जाता है। कलयुग में जन्म कुंडली में राहु ग्रह को सबसे अधिक प्रभावशाली माना जाता है। माना जाता है कि राहु के पास रातों-रात चुटकियों में किसी की भी किस्मत बदलने की ताकत है। चाहे कुंडली कितनी ही खराब हो या बाकी ग्रह कितने भी बलवान हों पर यदि राहु चाहे तो व्यक्ति को फर्श से उठाकर अर्श पर और अर्श से उठाकर फर्श पर पटक सकता है। किसी भी जातक को यदि राहु की कृपा प्राप्त हो जाती है तो रातों-रात वह है करोड़पति बन जाता है।

**अशुभ राहु के लक्षण :** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यदि जन्म कुंडली में राहु नकारात्मक परिणाम दे रहा है तो आपको इसके अनेक लक्षण दिखाई देंगे। आपके हाथ में नाखूनों का अपने आप टूटना, मन में तरह-तरह के वहम बने रहना, दोस्त और रिश्तेदारों से धोखा मिलना, लगातार बीमार बने रहना और दवा न लगना, परिवार में लगातार क्लेश बने रहना, करियर बुरी तरह डिस्टर्ब हो जाना। अगर आपके साथ इस तरह की समस्याएं लगातार बन रही हैं तो आपको राहु से संबंधित उपाय करने की आवश्यकता है।

**राहु बना देता भाग्यवान :** जन्म कुंडली में यदि राहु की महादशा अंतर्दशा के दौरान उसके उपाय कर लिए जाए तो राहु अपने सकारात्मक परिणाम देना शुरू कर देता है। राहु को कलयुग में राजा माना जाता है। जिनका राहु जन्म कुंडली में अच्छा होता है वह लॉटरी, शेयर बाजार एवं युवा सट्टा घर बैठे धन कमाते हैं।

**यह करें उपाय :** यदि आपकी जन्म कुंडली में महादशा अथवा अंतर्दशा में राहु सक्रिय है, तो प्रतिदिन राहुकाल में राहु के मंत्र का 108 बार अर्थात एक माला नित्य जाप करें। कपड़े धोने में प्रयोग होने वाला सुख नील नहाने के पानी में डालकर उससे नित्य स्नान करें। घर के अंदर बने शौचालय को बुधवार एवं शनिवार के दिन तेजाब से साफ करें। इन उपायों को करने से आपका राहु आपके लिए सकारात्मक परिणाम देने लगेगी आपकी किस्मत रातों-रात पलट सकती है।

## तारीख विशेष

### पराक्रम दिवस

पराक्रम अर्थात शौर्य, विक्रम, बल, शक्ति, सामर्थ्य, साहस। भारत में हर साल साहस और वीरता का जश्न मनाया जाता है और इसी दिन को पराक्रम दिवस के नाम से जाना जाता है। पराक्रम दिवस हर भारतीय के लिए एक प्रेरणादायक दिन है। इस दिन



नेताजी सुभाष चंद्र बोस के महान योगदान और उनके द्वारा दिखाए गए साहस के महत्व को समझने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। नेताजी आज भी हर भारतीय के दिल में बसे हुए हैं और पराक्रम दिवस उनके उस अदम्य साहस, निस्वार्थ सेवा और देशभक्ति को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। हर साल 23 जनवरी को भारत में पराक्रम दिवस मनाया जाता है। यह दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य पर मनाया जाता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नायकों में से एक थे। नेताजी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने साहस और बलिदान से अंग्रेजों के खिलाफ डटकर संघर्ष का नेतृत्व किया। उनके नेतृत्व और आज़ादी के प्रति असीम समर्पण ने लाखों भारतीयों को प्रेरित किया। वर्ष 2021 में भारत सरकार ने नेताजी के जन्मदिन को "पराक्रम दिवस" के रूप में घोषित किया ताकि युवाओं को उनकी साहसिक और देशभक्तिपूर्ण विचारधारा से प्रेरित किया जा सके। नेताजी का यह दृढ़ विश्वास था कि स्वतंत्रता केवल संघर्ष और बलिदान से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान युवाओं में जोश जगाने के लिए कई महत्वपूर्ण नारे दिए। उनके दिए गए 'दिल्ली चलो' और 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा' जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। भारत सरकार ने 2021 में इस दिन को "पराक्रम दिवस" के रूप में घोषित किया ताकि नेताजी के साहसिक कार्यों और देशभक्ति की भावना को सम्मानित किया जा सके। यह विशेष थीम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन और उनके आदर्शों को प्रतिबिंबित करता है।

### समसामयिक

# तेजी से उभर रही साहित्य की हाइब्रिड शैली

लोकमित्र गौतम

**अंशु मालवीय का कविता संग्रह, 'कोलाज कविता' एक ऐसा कविता संकलन है, जिसे कई पारंपरिक साहित्यकार तो शायद कविता संग्रह मानने से ही इंकार कर सकते हैं; ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें कविताओं की जो शैली है, वह निबंधनुमा भी है, डायरीनुमा भी है और कविताओं में गद्य के लंबे लंबे अंश भी इनमें मौजूद हैं। हालांकि यह इन कविताओं की कोई सीमा नहीं बल्कि असीमितता का परिचायक है, क्योंकि कई कविताएं बेहद भावनात्मक और असीम गहराई लिए हुए हैं। कुछ ऐसा ही हाल प्रियंवद के उपन्यास 'तट' का भी है।**

- इमेज

कभी यह शॉर्ट स्टोरी लगने लगता है, कभी आत्मकथा सरीखा सुख देता है, तो कई बार इसका स्वर किसी अजनबी शैली का सा महसूस होने लगता है। ऐसे ही इतिहास और कला आलोचना को मिलाकर तैयार की गई सदन झा की किताब 'गांधी इन द गैलरी' भी है, जो गांधीजी के जीवन को समकालीन चश्मे से देखने का प्रयास करती है। वास्तव में ये तीन किताबें, दूसरी किताबों की तरह तीन और किताबें भर नहीं हैं बल्कि हाल के सालों में ऐसी सैकड़ों किताबें आई हैं, जिनको साहित्य की किसी भी एक पारंपरिक शैली में सीमित करके नहीं देखा जा सकता। आलोचना की किताबों में कहानियां हैं, कहानियों में लंबी लंबी कविताएं भरी हुई हैं और हद तो यह है कि कविताओं में निबंध के बड़े पठनीय खंड मौजूद हैं। सवाल है आखिर साहित्य में इस कदर का शैलीगत घालमेल क्यों उभर रहा है? क्या यह साहित्य की गहराई की कम होती समझ का नतीजा है? क्या नई पीढ़ी के साहित्यकारों द्वारा किसी एक विधा पर मास्टर न हो पाने की वजह से यह शैलीगत अनिश्चितता उभरकर सामने आई है या फिर यह अपने आपमें एक नई शैली है? यह अंतिम बात ही सही है। हमने ऊपर जिन किताबों का जिक्र किया, वो किताबें अपने लेखकों की किसी सीमा का नतीजा नहीं हैं, बल्कि ये इनकी अभिव्यक्ति में आई उदारता का नतीजा हैं।

दरअसल साहित्य में ये हाइब्रिड शैली की देन है। बड़ी तेजी से हाइब्रिड शैली विकसित हो रही है, जिससे मुराद यह है कि किसी भी रचना के लिए किसी एक शैली पर ही क्यों निर्भर रहा जाए? वास्तव में हाइब्रिड साहित्य की वह शैली है, जिसमें साहित्य की सभी विधाओं, आशाओं या तकनीकों का बेफिक्र मिश्रण होता है। हाइब्रिड साहित्य शैली पारंपरिक शैलियों की सीमाओं को तोड़ते हुए आधुनिक समाज की जटिलताओं को अधिक से अधिक व्यवहारिक और समग्र रूप से अभिव्यक्त करने का जरिया है। हाइब्रिड शैली दुनिया में साहित्य की किसी एक विधा के एकाधिकार को तोड़कर इसे सहज बनाना है। साहित्य की हाइब्रिड शैली इन दिनों एक ऐसी शैली के रूप में उभर रही है, जिसमें एक ही जिल्द के भीतर उपन्यास, कविता संग्रह, नाटक और संस्मरणों को जगह मिलती है। हाइब्रिड साहित्य शैली के अंतर्गत कोई भी रचना किसी एक शैली की बाध्य नहीं है। यह जिस भी संभव तरीके से अभिव्यक्ति की जा सके, उसकी छूट देती है। इसलिए उपन्यास, कविता, नाटक, संस्मरण, सब एक ही रूप में देखे और पढ़े जा रहे हैं। यह साहित्य की दुनिया में तेजी से आकार ले रही एक ऐसी रचनाशैली का पाठ है, जो भविष्य में आपको कई ऐसी जटिल अभिव्यक्तियों के लिए रास्ता साफ करेगी, जैसा अब के पहले कभी नहीं था। भारत में तो फिर भी ज्यादातर हाइब्रिड प्रयोग अभी तक साहित्य और पारंपरिक कहानियों और कविताओं तक ही सीमित हैं। लेकिन अंग्रेजी साहित्य में बात इसके भी ऊपर की है। अंग्रेजी में क्वेस्ट गेम्स नामक एक ऐसा हाइब्रिड संग्रह आया है, जिसमें ज्यादातर कहानियां हाइब्रिड उभार, के चलते कभी कहानियां लगती हैं और कभी वर्जिनिया वुल्फ का आत्मकथात्मक फंटैसी उपन्यास 'ओरलैंडो' का एक्सटेंशन लगती हैं। क्योंकि यह उपन्यास भी एक साथ अपने में कई शैलियां छिपाए हुए है। इसमें भरपूर समावेशिता है, सज्जनात्मक स्वतंत्रता है, जो भविष्य के जटिल जीवन को साहित्य के सांचे में ढालती है। हाइब्रिड शैली इसलिए भी आज प्रासंगिक हो गई है, क्योंकि इसमें मल्टीमीडिया अभिव्यक्ति की संभावनाएं हैं, इसके अलावा बाकी किसी भी पारंपरिक साहित्य की शैली में आज के जटिल और मल्टीमीडिया अभिव्यक्ति के लिए गुंजाइश नहीं है। जबर्दस्ती अभिव्यक्ति की भी जाए तो भी पूर्णता से अपने को व्यक्त नहीं कर पाएगी। इसलिए साहित्य की हाइब्रिड शैली तेजी से उभर रही है और इस क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि साल 2025 में युवाओं द्वारा इस शैली को बहुत अच्छी तरह से अपनाया साहित्य में हाइब्रिड शैली का तेजी से उभरना एक दिलचस्प और विचारोत्तेजक परिघटना है। यह शैली विभिन्न विधाओं, माध्यमों और तकनीकों का संगम है, जैसे कविता और गद्य का मेल, साहित्य में मल्टीमीडिया का समावेश, या एआई जैसे उपकरणों का प्रयोग। हालांकि यह नवाचार साहित्य को समृद्ध बना रहा है, लेकिन इसकी सीमाओं पर विचार करना महत्वपूर्ण है। मसलन इस शैली से कई बार लगता है साहित्य कहीं मशीनी तो नहीं हो रहा है? क्योंकि हाइब्रिड शैली में जिस तरह एआई और तकनीकी उपकरणों का उपयोग बढ़ रहा है, उससे यह डर भी लग रहा है कि कहीं यह आगे चलकर साहित्य को 'मशीनी' न बना दे। क्योंकि कई साझा विधाओं का साहित्य किसी भी एक विधा में गहराई तक नहीं उतरता। जब साहित्य का निर्माण तकनीकी उपकरणों से होता है, तो उसमें मानवीय अनुभवों और भावनाओं की गहराई कम हो सकती है, ऐसी स्थिति में साहित्य एक कला रूप की बजाय 'उत्पाद' बन जाता है।



## गीता सार

**एवं परम्पराप्राप्तमिमं राजर्षयो विदुः।**
**स कालेनेह महता योगो नष्टः परन्तप ॥2॥**
**-: हिंदी भावार्थ :-**


हे परन्तप अर्जुन! इस प्रकार परम्परा से प्राप्त इस योग को राजर्षियों ने जाना, किन्तु बहुत काल बीतने के बाद वह योग- परम्परा (पृथ्वी से) लुप्त हो गई॥

## बोले तो...



पटना, कोलकाता और लखनऊ में हितधारकों से मिलने के लिए जेपीसी दौरे के कार्यक्रम 21 जनवरी को पूरे हुए। यह अजीब है कि जेपीसी की अगली बैठक की तारीखों की घोषणा बिना किसी औपचारिक चर्चा के जल्दबाजी में की गई। जबकि जेपीसी पहले से ही दौरे पर थी।

-ए राजा



कोई भी किसी प्रदेश आए और चुनाव प्रचार करें लेकिन आप सरकारी तंत्र का उपयोग करें। अभी मैंने एक फोटो एसएचओ को भेजी थी जिसमें पंजाब पुलिस की गाड़ियों में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता आ रहे हैं। तो ये गलत चीज है।

- संदीप दीक्षित



लव जिहाद के जरिए केवल लड़कियों का इस्तेमाल किया जाता है। उनका शारीरिक शोषण होता है, उन्हें खत्म कर दिया जाता है। फिर हरिद्वार में टुकड़े मिलते हैं और कई के फ्रिजों में टुकड़े मिलते हैं। हिंदू बेटियां जागरूक नहीं हो रही हैं तो उन्हें जागरूक होने की आवश्यकता है।


- प्रदीप मिश्रा

## कुछ अलग | अजब गजब

# 16वीं शताब्दी का एक किला, जहां आज भी भटकती नर्तकी की आत्मा

हिमाचल प्रदेश को देव भूमि के नाम से जाना जाता है, लेकिन यहां की कहानियां भी उतनी ही दिलचस्प हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही अनोखे किस्से के बारे में बताएंगे जिसे सुनकर आप हैरान रह जाएंगे। यह किस्सा कांगड़ा जिले के नूरपुर का है, जो 16वीं शताब्दी के अंत में बना था। यह आज भी चर्चा में रहता है। इस ऐतिहासिक किले का नाम है 'नूरपुर किला' है, जिसे पहले धामड़ी किले के नाम से जाना जाता था। इस किले का निर्माण पठानकोट के शासक राजा बसु देव ने करवाया था। बाद में इस किले में कई और निर्माण हुए। मुगल बादशाह जहांगीर की प्रिय पत्नी नूरजहां जब पहली बार यहां आईं, तो धामड़ी का नाम बदलकर नूरपुर रख दिया गया। नूरजहां को यह किला और यहां का प्राकृतिक सौंदर्य बहुत पसंद आया था और वह नूरपुर छोड़कर जाना नहीं चाहती थीं।

नूरी की आत्मा की कहानी यह किला नर्तकी 'नूरी' की याद दिलाता है। नूरी का नाम नूरजहां से प्रेरित होकर रखा गया था। किंवदंती है कि नूरी नूरजहां से भी ज्यादा खूबसूरत थी, जिससे नूरजहां जलती थी। नूरजहां को डर



था कि नूरी अपनी सुंदरता से ज्यादा प्रसिद्ध हो जाएगी, इसलिए उसने नूरी को महल में परफॉर्म नहीं करने दिया। कहा जाता है कि नूरी के पायल की आवाज जब महल में गूंजती थी, तो आसपास के लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

**नूरजहां ने कटवा दी थी नूरी की जीभ**

नूरी नाचने के साथ-साथ गाने में भी माहिर थी। बेगम नूरजहां को उसका गाना बहुत पसंद था, लेकिन उसकी खूबसूरती से जलती थी। नूरजहां को शक हुआ कि नूरी अपनी सुंदरता से जहांगीर को लुभा सकती है, इसलिए उसने नूरी की जीभ कटवा दी। तब से यह किला सुनसान पड़ा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यहां आज भी नूरी की आत्मा भटकती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने अपने परिवारजनों से सुना है कि आज भी किले में नूरी की आत्मा भटकती है, इसलिए रात के समय किले की तरफ नहीं जाते। इस बात में कितनी सच्चाई है ये तो पता नहीं लेकिन आज भी लोग वहां जाने से डरते हैं।

## पाठक पाती

### पराली जलाएं नहीं, बल्कि खाद बनाना सीखें

पराली जलने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के प्रयासों के परिणाम संतोष जनक नहीं निकले और प्रभावी समाधान नहीं निकलने से राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) के वैज्ञानिकों ने पराली को खाद में बदलने की खोजी तकनीक से खेतों में पराली से किसान खाद में बना सकते हैं। आग लगने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति के साथ मृदा से कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटैशियम जैसे तत्व नष्ट होते हैं तथा जहरीला धुआं, वायु प्रदूषण के साथ सांस की बीमारियां बढ़ाता है। एनबीआरआई के वैज्ञानिकों ने फंगस व बैक्टीरिया से 'एक्स्ट्रा फेस्टर' नामक तरल पदार्थ तैयार किया है जो पराली की जड़ों पर छिड़कने से उसे गला कर खाद में बदल देता है जिससे 'मृदा संजीवनी' नामक खाद तैयार हो रहा है। किसानों के लिए यह खाद अतिरिक्त आय का साधन बन सकेगा। अस्तु इस तकनीक को किसान व्यवहार में लाएं।

**बी एल शर्मा 'अकिंचन' तराना-उज्जैन**

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# थाली में जूठन नही छाड़नें तथा उपहास्वरूप वैदिक साहित्य अपनाने का संकल्प लिया

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सादुलपुर।** नौरंगपुरा के अमर शहीद शीशराम निमड़ के निवास स्थान पर आयोजित जन्मोत्सव प्रीतिभोज कार्यक्रम में युवा भारत मातृभूमि अभ्युदय इकाई भगतसिंह नवयुवक मण्डल संस्थान की ओर से ग्राम विकास अभियान अंतर्गत अन्न ब्रह्म एवं वैदिक आर्ष ज्ञान साहित्य जागरूकता अभियान के निमित्त जिला ग्राम विकास संयोजक व स्वदेशी प्रवक्ता योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय ने बालक जिव्यांश एवं बालिका विनाया को वैदिक वंदना प्रस्तुत कर जीवेम शरद शतम आरोग्यम धनम सम्पदा की शुभाशीष मंगलकामनाएं वीरांगना विमला देवी निमड़,वीरपुत्र विक्रम-अमित निमड़,श्रीमती पंकज देवी व शिक्षिका प्रियंका देवी को वैदिक संसार विशेषांक आकर्षक विज्ञान साहित्य व महापुरुष चित्रावली भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित की। उपस्थितजनों को भगवान ऐसी शक्ति जगा भारत में महातेज निर्माण करें थाली में झूठन नही छोडक़र अन्नदाता किसान,देवी माँ अन्नपूर्णा,देश की सीमाओं के रक्षक जवान का सम्मान करें और हम अपने घर प्रतिष्ठान को पवित्र मंदिर बनाएं उपहारस्वरूप महापुरुष जीवनी व वैदिक साहित्य अपनाएं की थीम पर । जन जन में अन्न के प्रति ब्रह्म भाव तथा भारत भारतीय संर्स्का युक्त संस्कृति के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प करवाया । कार्यक्रम में कैप्टन ताराचंद निमड़,विजेंद्र,प्रोफेसर सुमेर सिंह, सुनील कंस्ट्रक्टर,प्राध्यापक रविन्द्र कुमार,वीरांगना सुमित्रा गोदारा,वीरांगना सुमित्रा पूनियाँ, वीरांगना राजकुमारी नेण,पूर्व सरपंच राजवीर शर्मा,शास्त्री केदार शर्मा,चौधरी भगवान सिंह झाझडिया,जीवनराम,राव वीरेंद्र मिस्त्री, बलवीर फौजी, दीपक, सुनील शेरावत, मोहर सिंह कुल्हरी, रामकिशन फौजी, पिटिआई सवाई सिंह यादव, सूबेदार हीरांन्द,दयाराम धनखड़, वेदप्रकाश मोटसरा, एसआई वीरेन्द्र, मनोज नेवी,एडवोकेट अमरदीप,सूबेदार मेजर राजपाल, अभिप्रिया देवी, बिरमा देवी, किताबों, अनितासिंह, भविष्या, ऋतू, पुष्पापाठक, कविता देवी, निरु, बनीता,विजेंद्र स्वामी, पिंटू भाम्मू, मनोज नेवी, महेंद्र नोरंगपुरा, मोहित कटेवा, आरजू, मेहुल, परीक्षित, अंकित पचार, सचिन पूनियाँ, प्रधानाचार्या मंजू देवी,नंदू सुरा, रामनिवास बुडानिया, शिक्ष्यविद अमरसिंह,राहुल् जांगिड़, अंकित काजला, कपिल डाटीक, कर्मपाल बोला, अंकित पचार आदि ने मांगलिक कार्यक्रमों में थाली में झूठन नही छोड़ने की शपथ ली। जनप्रतिनिधियों यथा चूरू सांसद राहुल कस्वां,चिड़ावा प्रधान रोहतास धांगड़,कमल्कांत पार्षद, रामप्रताप,अध्यापक राकेश चौधरी जांदु,भाजपा नेता जोगेंद्र झाझडिया, पूर्व उप जिलाप्रमुख सुरेंद्र स्वामी,सोमवीर बैरासर, डॉ.कौशल पूनियाँ, कृष्ण जांगिड़,बीडीसी धर्मवीर पूनियाँ,डॉ सतपाल चाहर डीडीसी,राजपाल मास्टर, विशाल मैचू, भगतसिंह सुलखनिया, शिक्षाविद् कुलदीप पूनियाँ, बिरसिंह लीलावठी,युवा समाजसेवी सरपंचप्रतिनिधि अनिल श्योराण आदि ने जागरूकता अभियान की सराहना करते हुये भूमि सुपोषण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त जीमणवार पर ध्यानाकर्षण करवाया।

## फार्मर रजिस्ट्री के शिविर 5 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक होंगे आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** फार्मर रजिस्ट्री कृषि एवं संबंधित विभाग के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्टर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूरे देश में किसानों के लिए एक व्यापक और एकीकृत रजिस्ट्री बनाने का कार्य किया जा रहा है। यह रजिस्ट्री किसानां के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ एवं उनका लाभ सभी लाभार्थियो तक कुशलता एवं शीघ्रता से पहुंच सके, को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिला नोडल अधिकारी एवं उपखण्डाधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने बताया कि जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री के शिविर 5 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक आयोजित किये जायेंगे। शिविर में इस योजना के अन्तर्गत किसान की जमाबंदी को उसके आधार कार्ड से जोडकर एक यूनिक आईड़ी बनाई जाएगी, जिससे भविष्य में किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके। फार्मर रजिस्ट्री आईड़ी हेतु जिले के समस्त किसान अपने आधार कार्ड को वर्तमान में उपलब्ध मोबाईल नम्बर से जुडवायें जिससे 5 फरवरी से ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविर के दौरान फार्मर आईडी सुगमता से बन सके, जिससे भविष्य में केन्द्र एवं राज्य सरकार से मिलने वाली योजनाओ का लाभ निरन्तर प्राप्त हो सकें।

## पूर्व सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष का हार्ट अटैक से हुआ निधन

**फुलेरा।** ब्लॉक कांग्रेस सेवादल फुलेरा के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण गोपाल साहू हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया । मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार साय 5.30 बजे उन्हें हार्ट अटैक आया और कुछ ही देर में उनकी सांसें थम गई। इस घटना से पूरे कस्बे व जनप्रतिनिधियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बताते चलें कि और ब्लॉक अध्यक्ष रहे कृष्ण गोपाल साहू ने लोगों के बीच अपनी साफ सुथरी छवि को छोड़ दुनिया से विदाई ले ली।

# हेलमेट को माने सर का ताज

### वाहनों पर लगाए गये स्टीकर और यातायात नियमों की पंपलेट का किया वितरण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** जिला कलक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव द्वारा गुलाब बाग चौराहे पर वाहन चालकों के वाहनों पर विभाग की ओर से स्टीकर लगाए गये, जिसमें परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा द्वारा 10 दर्जन से अधिक वाहनों पर यातायात नियमों से संबंधित स्टीकर लगाए गये और उन्हें यातायात नियमों की पंपलेट का वितरण किया गया। उन्होंने दोपहिया वाहन चालक जो सर पर हेलमेट लगाए हुए थे उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि हेलमेट को सदैव सर का ताज समझना चाहिए इससे हमारे शरीर की सुरक्षा होती है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर देखा जा रहा है कि युवा वर्ग मोटर साइकिल को तेज स्पीड में चलना अपना स्टेटस मानते हैं और वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना तो अब आम होता जा रहा है जिस कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही है और सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर में सर्वाधिक युवा वर्ग देखा जा रहा है ऐसे में हम होश से काम ले और सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्रहित में कार्य करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का ध्येय वाक्य परवाह है। इस दौरान टेंपो चालकों को हिदायत दी कि वह क्षमता से अधिक सवारियां ना बैठा ले अन्यथा उनके टेंपो का परमिट निरस्त कर दिया जाएगा। इस अवसर पर यातायात पुलिस की ओर से पुलिसकर्मियों ने भी विशेष सहयोग प्रदान किया।

## एडीजे ने किया उपकारागृह का औचक निरीक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** कस्बे के नरेना रोड़ स्थित उप कारागृह का बुधवार को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश पवन जीनवाल ने औचक निरीक्षण कर कारागृह में साफ सफाई, विधि व्यवस्था जायजा लिया। इस दौरान एडीजे पवन कुमार ने कारागृह में निरुद्ध बंदियों से जाति,धर्म व सामाजिक स्तर से जुड़े भेदभाव के संबंध में बातचीत की।



साथ ही बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं के संदर्भ में जानकारी दी गई। बंदियों ने किसी भी प्रकार का विरोधाभास नहीं दिखाया बंदियों ने कहा कि यहाँ किसी भी प्रकार का सामाजिक, जातिगत धर्म के स्तर पर भेदभाव नहीं किया जाता है,और ना ही इस मापदंड के अनुसार बैरक निर्धारित किये गये हैं, सभी के लिए समान सुविधाएं लागू हैं। इस दौरान बंदीयों को फ्री लीगल एड बंदी की तरफ से पैरवी हेतु सरकारी वकील से संबंधित जानकारी देते हुए राष्ट्रीय विकास सेवा प्राधिकरण व राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विधिक जानकारी दी गयी। निरीक्षण के दौरान एडीजे पवन कुमार ने उप कारागृह की व्यवस्थाओं व साफ सफाई की बुरी बुरी प्रशंसा की । इस मौके पर उप कारापाल भरत लाल मीणा,प्रसून दीक्षित, लीगल एड असिस्टेंट चान्दमल सांभरिया सहित कारागृह स्टाफ मौजूद रहा।

## नागरिक परिषद रतनगढ़ दिल्ली ने गणेशमल बैद स्कूल में किया कम्प्यूटर, प्रिंटर भेंट



**चूरू।** नागरिक परिषद रतनगढ़ ट्रस्ट दिल्ली एन सी आर द्वारा शैक्षिक उन्नयन हेतु राजकीय विद्यालयों में किए जा रहे सहयोग के अंतर्गत मंगलवार को एम जी जी एस गणेशमल बैद स्कूल में कंप्यूटर और प्रिंटर का सैट भेंट किया। संस्थाप्रधान अनिल कुमार ने बताया परिषद् के उपाध्यक्ष एवं विद्यालय भवन निर्माता भामाशाह डालमचंद बैद के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मोतीलाल तातेड, मनोज जोशी, कमल बैद, पवन सराफ, राजकुमार बैद, विष्णु चौधरी आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ थे। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और गणेशमल बैद की मूर्ति पर माल्यार्पण से शुरू हुए कार्यक्रम में ट्रस्ट के स्थानीय समन्वयक कुलदीप व्यास ने ट्रस्ट के जनसेवी कार्यों की जानकारी दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में इंदौरिया ने विद्यालय के साथ अभिभावकों के जुड़ाव और संस्कारयुक्त शिक्षा पर बल दिया। विद्यालय परिवार की ओर से हिम्मतसिंह चारण ने शाब्दिक स्वागत किया और अनिल कुमार, नवीन कुमार, प्रीतम कौर, सुशीला आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जगदीश शर्मा, बजरंग बोथरा, सुरेन्द्र श्यामसुखा, साबिर मंडेलिया, मोहम्मद खोखर, फारुख, शकील मंडेलिया, मदीना, हारून किलानिया आदि उपस्थित थे।

**तमिलनाडु के त्रिची में होगा डायमंड जुबली जम्बूरी का आयोजन:** भारत स्काउट गाइड के 75 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय स्काउट गाइड डायमंड जुबली जम्बूरी का आयोजन 28 जनवरी. से 03 जनवरी तक त्रिची तमिलनाडु में होगा। इस जंबूरी में सम्पूर्ण भारत सहित विश्व के 15 देशों के लगभग 20 हजार स्काउट गाइड सम्मिलित होंगें। राजस्थान प्रदेश के 1100 स्काउट गाइड के दल में स्काउट सीओ महिपाल सिंह तंवर के नेतृत्व में जिले के राउमावि, गुडावडी के 08 स्काउट राजेन्द्र सिंह ढाका व राउमावि भालेरी की 08 गाइड प्रेमलता शर्मा के साथ सम्मिलित होने के लिए जयपुर पहुंचे।

# स्किल एग्जीबिशन कम कॉम्पिटिशन का हुआ आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** समग्र शिक्षा अभियान धौलपुर द्वारा व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत स्किल एक्जीबिशन कम कंपटीशन 2024-25 का आयोजन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी धौलपुर महेश कुमार मंगल के मुख्य आतिथ्य में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में आयोजित किया गया। स्किल एग्जीबिशन कम कंपटीशन में छात्र छात्राओं ने मॉडल के जरिए अपने कौशल, ज्ञान और विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया।

कंपटीशन के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी विशेषता दिखाते हुए मॉडल के जरिए तकनीकी जानकारी प्रदर्शित की। छात्र-छात्राओं द्वारा मॉडल का मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पर महात्मा गांधी खेरली के सुमित शर्मा, करन, अजीत सिंह, पंकज कुमार एवं द्वितीय स्थान पर दयेरी के राहुल कुशवाह रहे। एपेरल मेड अप होम फर्निशिंग में निधेरा खुर्द की आमना प्रथम, मनियां के नितिन द्वितीय एवं सिंघावली बरेह की शिवानी तृतीय स्थान पर रही। ब्यूटी एंड वेलनेस में बिरौंधा की परी शर्मा प्रथम, टोंटरी की मधु परमार, रौनक, शिवानी द्वितीय एवं बाड़ी की रश्मि राठौड़ तृतीय स्थान पर रहीं। प्लम्बर में मछरिया के सचिन सैंगर प्रथम, जसूपुरा के अभिषेक एवं कल्याण सिंह द्वितीय एवं करीमपुर के अभिषेक और सुन्दर सिंह तृतीय स्थान पर रहे। बीएफएसआई में धनौरा की मोनिका प्रथम एवं नौराहा के विवेक कुमार परमार द्वितीय रहे।

## महिला सशक्तीकरण के हर प्रयास में हमारी सक्रिय भागीदारी होः सहारण

**चूरू।** विधायक हरलाल सहारण व एडीएम अर्पिता सोनी ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर इंद्रमणी पार्क से महिला अधिकारिता विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में एवं राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के तहत आयोजित महिलाओं की वाहन रैली



को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सहारण ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए किए जाने वाले हर प्रयास में हमारी सक्रिय भागीदारी हो। महिला सशक्तीकरण बालिका शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। हम अपने समाज के उत्थान के लिए संकल्पित रहें और बालिका शिक्षा की दिशा में अपना योग दें। बालिकाओं की शिक्षा व संरक्षण के साथ उन्नत जीवन स्तर के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में हम अपनी भूमिका निभाएं। एडीएम अर्पिता सोनी ने कहा कि सभी के संकल्पित प्रयासों से ही एक सक्षम समाज का निर्माण संभव है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हम सभी मिलकर प्रयास करें। शिक्षा से वंचित बालिकाओं को जोड़ें और किन्हीं कारणों से शिक्षा से देर हो जाने वाली बालिकाओं को हम सक्रिय प्रयास करते हुए पुनः शिक्षा की ओर बढ़ाएं। शिक्षा सक्षम समाज की नींव है। वाहन रैली इन्द्रमणी पार्क से रवाना होकर लोहिया महाविद्यालय, बस स्टैण्ड, डॉ अंबेडकर सर्किल होते हुए महिला पुलिस थाने पहुंची। संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में एवं राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सुपरवाईजर कृष्णा, सुनिल ढाका, जेंडर विशेषज्ञ ज्ञानप्रकाश गोदारा, पुलिस विभाग की कालिका टीम, सखी केन्द्र टीम सहित महिलाएं व बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# प्राथमिक विद्यालय में शिक्षण सुचारु रूप से करने के लिए कार्ययोजना तैयार : भेरूलाल डोडियार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बांसवाड़ा।** ग्राम पंचायत अमरथुन स्थित राप्रावि भौम पाड़ा में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने,विद्यालय में बच्चों सहित महिला कार्मिको के लिए मूत्रालय शौचालय स्छ्रूकक्ष पुराने बर्तन मरम्मत और नवीन खरीद करने, जर्जर भवन मरम्मत कार्य,चार दिवारी निर्माण सहित दो कक्षा कक्ष की आवश्यकता के प्रस्ताव पारित कर उच्चाधिकारियों को अग्रेषित किए जाने हेतु विद्यालय प्रबंध समिति में पारित किए गए।

**समस्याएं अनेक सुझाव ओर ज्ञापन एकः** इस अवसर पर वर्षो से विद्यालय भवन मरम्मत कार्य, रंग रोगन,मूत्रालय- शौचालय जर्जर स्छ्रू कक्ष खंडहर होने ,बर्तन पुराने ओर जर्जर होने पर कड़ा आक्रोश अभिभावकों ने जताया ओर दिन भर बच्चियों ओर महिला कार्मिको द्वारा मूत्रालय शौचालय के अभाव में रोके जाने पर दु:ख जताया ओर शीघ्र नव निर्माण करने की मांग की गई जिसे हाथों हाथ वाजिब समस्याओं को अग्रेषित करने का भरोसा पीओ प्रधानाचार्य अरुण व्यास ने दिया। राउमावि अमरथुन पीओ स्कूल प्रतिनिधि के वरिष्ठ अध्यापक संस्कृत भेरूलाल डोडियार ने परीक्षा पर चर्चा कर प्रतिमाह बच्चों की पढ़ाई, MSRA परीक्षा की तैयारी,MDM, विद्यालय परिसर की साफ सफाई, शौचालय विहिन विद्यालय होने के कारण शौचालय निर्माण, जर्जर अवस्था मे किचन शेड की मरम्मत कराने जो कि वर्तमान मे अनुपयुक्त हैं उस पर आगे अग्रेषित किए जाने का भरोसा दिलाया और समसा कार्यालय से शीघ्र राहत मिलने की आशा जताई। इस अवसर पर बैठक में अभिभावकों ने जर्जर अवस्था में चार दिवारी की मरम्मत कराने तथा विद्यालय की विभिन्न समस्याओं के बारे मे विस्तृत रुप से चर्चा की गई। बैठक में अभिभावको, विद्यालय के छात्र/ छात्राओं, स्टॉफ साथी, एसएमसी के सदस्यों, ग्रामीणों, जन प्रतिनिधियों तथा पीईईओ प्रतिनिधि ने भाग लिया। पीईईओ प्रतिनिधि भेरूलाल डोडियार वरिष्ठ अध्यापक, हरिशंकर चरपोटा पंचायत सहायक,



संस्था प्रधान किरपा कुमारी, रिशा परमार, एसमसी अध्यक्ष बालकृष्ण जी चरपोटा, गणेशलाल जी निनामा, पवन कुमार सारेल, सविता सारेल, अनिता चरपोटा, नागेंद्र सारेल, गुणमाला देवी तथा तुलसी सारेल ने विद्यालय हित तथा बच्चों हित में अपने अपने विचार रखें। बैठक का संचालन किरपा कुमारी ने किया और आभार रिशा परमार ने व्यक्त किया।

## भजनों पर झूमे श्रद्धालु

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**चूरू।** श्री ढांढ़ण शक्ति भक्त मंडल की ओर से टीडा गेला दादी के अखिल भारतीय रजत जयंती बसंतोत्सव के तहत निकाली गई 47 दिवसीय रथ यात्रा के 41 वें ठहराव के दौरान मंगलवार रात्री को श्रीराम मन्दिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दादी की दिव्य ज्योत प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में कोलकाता के मूलचन्द बजाज ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अकोला की नेतल शर्मा ने दादी आओ तो सही थारा टाबरिया बुलावे सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति प्रस्तुति देकर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया।। कोलकाता के मोनू मोर ने दादी म्हारे घरां पधारो कदसै तरसै मनडो म्हारो व म्हारे थारो एक सहारो सहित एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर वाहवाही लूटी। इस अवसर पर दादी के भव्य दरबार को सजाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों व कलाकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पुष्प वर्षा कर कलाकारों का उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाएं व पुरुष भजनों पर झूमने लगे।

## जिला कारागार में ब्लेजर वितरण कार्यक्रम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** सांचल ड्रेसेस चुरु के सौजन्य से अणुव्रत समिति, चूरू द्वारा जिला कारागार, चुरु में ब्लेजर वितरण कार्यक्रम का आयोजन जेल अधीक्षक नरेंद्र कुमार स्वामी की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर जिला कारागार चूरू में जीवन विज्ञान पर एक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि अहमदाबाद निवासी प्रवक्ता उपासिका चांद छाजेड़ रही, जिन्होंने बंदियों को जीवन विज्ञान की उपयोगिता समझाते हुए जीवन विज्ञान की अनेकों क्रियाएं करवाई। समिति अध्यक्ष रचना कोठारी ने बंदियों को अपना जीवन सुधारने के लिए अणुव्रत जीवन शैली को अपनाने हेतु प्रेरित किया तथा अणुव्रत के छोटे-छोटे नियमों से जीवन को कैसे उत्कृष्ट बनाया जा सकता है इस बारे में बताया। जेल अधीक्षक स्वामी द्वारा समिति के कार्यों की सराहना करते हुए सभी बंदियों को नियमित रूप से अपने जीवन में जीवन विज्ञान की क्रिया करने हेतु कहा और बताया कि बंदी जेल में रहकर भी कैसे अपनी जीवनशैली सुधार सकते हैं। समिति मंत्री एडवोकेट ताहिर खान ने बंदियों को अणुव्रत के नियमों से संकल्पित करवाया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया।



**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं. 13420242025 दिनांक : 20.01.2025

**ई–निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएं निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **13.02.2025 को 13.30 बजे** तक आमंत्रित की जाती है । कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-

| | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं** : 1 | **निविदा नं.**: 270 | **अनुमानित मूल्य (₹)** : ₹ 10157017.50 |
| **कार्यों का विवरण**: सहायक मण्डल इंजीनियर/अलीगढ़ के अधीन ट्रिम्बल जिडो वोर्सिस ट्रॉली सिस्टम का उपयोग करके प्री और पोस्ट टैंपिंग ट्रैक माप सर्वेक्षण का कार्य। | | |
| **बयाने की रकम** ₹ : ₹ 200800.00 | **कार्य समापन की अवधि** : 6 माह | |
| **निविदा खुलने की तिथि** : 13.02.2025 | | |
| **सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार**: रेलवे लाइन का इंजीनियर सर्वेक्षण/रोडवे | | |

**बिड कैपेसिटी की आवश्यकता नही है । 1-** ई - निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क निर्गत किये जायेंगे । **2-** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित **IREPS** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि दिनांक **13.02.2025 समय 13:30 बजे** तक उपलब्ध है । **3-** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको **I.T. Act-2000** के अन्तर्गत **C. C. A.** द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **4-**निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर प्रमाणपत्र जैसा निविदा पत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी । **5-** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है । **6 -** निविदादाता को जी. सी. सी. 2022 भाग- I के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अन्यथा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी । **133/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना संख्याः- वरि.म.बि.इजि./चलस्टाक/वि.लो.शेड/कानपुर/2024-25/ई.टी-15 दिनांकः 20.01.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता, चल स्टाक, उत्तर मध्य रेलवे, अनवरगंज, कानपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदा में आमन्त्रित की जाती है, जो कि निविदा खुलने की तारीख एवं समय तक प्राप्त की जायेंगी। निविदा विवरण निम्न प्रकार हैः

| | |
|---|---|
| **निविदा सं:** ELS-CNB-2024-25-ET-15 | **कार्य सम्पादन की अवधि** : 24 महीने |
| **कार्य का विवरणः** रिहैब्लीटेशन एण्ड ओवरहाउलिंग ऑफ नॉर ब्रेमसे मेक इम्प्रूव्ड सीसीबी ब्रेक सिस्टम ड्यू फॉर आई.ओ.एच. शेड्यूल ऑफ 3-फेज लोको ऐट ई.एल.एस./सी.एन.बी.। | |
| **अनुमानित मूल्य (रु.)**: Rs. 3,96,49,793.25 (रुपये तीन करोड़ छियानवे लाख उनचास हजार सात सौ तिरानबे और पच्चीस पैसे मात्र) | |
| **बिड सिक्यूरिटी (रु.)**: Rs. 3,48,300.00 (रु. तीन लाख अड़तालीस हजार तीन सौ मात्र) | |
| **निविदा दस्तावेज की कीमत (रु.)**: शून्य | |
| **निविदा खुलने की तारीख एवं समय**: 12.02.2025 & 15:30 hrs. | |

**नोटः 1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर खुलने की तिथि और समय तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट शेड्यूल पेज पर ही विचारणीय है। दरे तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी डाक्यूमेंट/फॉर्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **5.** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। **6.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **131/25 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

# जिला कलक्टर व एडीएम ने किया विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिले में दो फरवरी को आयोजित होने वाली राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवा संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (प्रारम्भिक)-2024 के संबंध में बुधवार को जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने सिरोही एवं शिवगंज में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। सिरोही के सेन्ट पॉल्स एवं इमानुअल स्कूल के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने विशेष सर्तकता रखने, जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने तथा परीक्षार्थियों के लिए भी उत्तम व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए साथ ही प्रभावी प्रबंधन की बात भी कही। उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल भी उपस्थित थे। वहीं अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेशराय सापेला ने शिवगंज में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम), राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय महाविद्यालय, मॉडर्न डिफेन्स सीनियर सैकण्डरी स्कूल, सेन्ट पॉल्स सीनियर सैकण्डरी स्कूल एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दादावाडी के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा केन्द्राधीक्षकों को पेपर आने से वितरण तक की जानकारी प्रदान की सापेला ने निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवाराम चौधरी, उपखण्ड अधिकारी शिवगंज नीरज मिश्र, पुलिस उप





अधीक्षक पुष्पेन्द्र वर्मा, तहसीलदार शिवगंज श्यामसिंह चारण, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी विपिन डाबी, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका शिवगंज सुश्री विनिता, ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा अशोक कुमार परमार, नायब तहसीलदार स्नेहदीपसिंह सान्दू, भू-अभिलेख निरीक्षक सुरेन्द्रसिंह आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा मंत्री दिलावर आज आबूरोड आएंगे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राज्य के शिक्षा (विद्यालयी/संस्कृत) एवं पंचायतीराज विभाग मंत्री मदन दिलावर जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार वे गुरुवार सवेरे 4.58 बजे आबूरोड पहुचेंगे। जहां से वे प्रातः 6 बजे सांचौर के लिए रवाना होंगे। वे गुरुवार रात को 9.30 बजे आबूरोड पहुचेंगे जहां से वे रात्रि जयपुर के लिए रवाना होंगे।

## राज्यमंत्री देवासी आज जिले के दौरे पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राज्यमंत्री ओटाराम देवासी गुरुवार को जिले के दौरे पर रहेंगे। देवासी गुरुवार को सिलदर, मेर मांडवाडा एवं नून विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में भाग लेंगे। इसके बाद शाम को सनपुर में सामाजिक कार्यक्रम एवं विद्यालय के वार्षिकोत्सव में भाग लेकर मुंडारा के लिए रवाना होंगे।

## वर्धमान खुला विवि में प्रवेश 15 फरवरी तक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जिसमें विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। जनवरी 2025 से नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों पर राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 की अनुपालना में अधिकतर कार्यक्रमों में विविद्यालय द्वारा सेमेस्टर आधारित परीक्षा लागू की गई है। जिसमें त्रिवर्षीय स्नातक कार्यक्रम को निम्नानुसार पाठ्यक्रम संरचना को बांटा गया है। विद्यार्थी अपने नजदीकी अध्ययन केंद्र पर जाकर भी पाठ्यक्रम से सम्बंधित जानकारी प्राप्त कर सकते है। यह जानकारी आवेदन सहायक कुलसचिव सुरेश कुमार शर्मा ने दी।

## सीएम ने ली ऑनलाइन बैठक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को राजस्थान लोक सेवा आयोग के तत्वावधान में आगामी 2 फरवरी को आयोजित होने वाली राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा एवं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की फरवरी माह में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में मुख्यमंत्री निवास पर विस्तृत समीक्षा की। जिले में वीसी के माध्यम से डीओआईटी सभागार में जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न अधिकारियों ने लिया भाग। डीसीएफ कस्तूरी प्रशांत सुले, अति. जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश चंद अग्रवाल, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 'दूध का दूध पानी का पानी अभियान' शिविर आज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** दूध का दूध पानी का पानी अभियान को लेकर शांतिनगर में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आमजन में काफी उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोगों ने अपने दूध की जांच करवाई। नोडल अधिकारी जवानसिंह बालावत ने बताया कि दूध में मिलावट को रोकने और लोगों को शुद्ध दूध के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए राज्य भर में चल रहे दूध का दूध पानी का पानी अभियान को लेकर बुधवार को बग्गी खाना सिरोही तथा गुरुवार एवं शुक्रवार को आबूरोड में शिविर होगा। विलास कुमार डांगी, भानूप्रतापसिंह, विक्रमसिंह राडबर, भुपेश कुमार, अमरसिंह, लक्ष्मणसिंह, भागवतसिंह, जगदीश कुमार, फिरोज खान आदि मौजूद थे।

## वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय रेबारिओं का गोलुआ में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह मुख्य अतिथि सरपंच परबतसिंह देवड़ा, विशिष्ट अतिथि पीईईओ चेतन कुमार वाणिका एवं अध्यक्ष परेश कुमार गर्ग की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय की शैक्षिक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं विद्यालय में सहयोग करने वाले भामाशाहों का सम्मान किया गया। अध्यक्ष ने सभी का आभार प्रकट किया गया। कार्य' म संचालक राउमावि मंडार के व्याख्याता सुरेंद्रगिरी गोस्वामी ने किया। विद्यालय विकास समिति के अध्यक्ष प्रेमाराम देवासी, शिक्षाविद अमराराम बुनकर, मणि कुमारी सोलंकी, अकवीर कौर, अशोक कुमार विश्नोई, खेताराम अध्यापक समेत विद्यालय के विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहें।



## मनाया कर्त्तव्य बोध दिवस



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) की सिरोही जिले के दायित्ववान कार्यकर्ताओं संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में कर्तव्य बोध दिवस प्राचार्य प्रो. अजय शर्मा, मुख्य वक्ता प्रो. ज्ञान विकास मिश्रा, संगठन के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर रूचि पुरोहित, जिला सचिव खेमराज चौधरी की उपस्थिति में मनाया गया। प्राचार्य प्रो. अजय शर्मा और जिलाध्यक्ष प्रोफेसर पुरोहित ने मां शारदें की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का आगाज किया। प्राचार्य प्रो. अजय शर्मा द्वारा संविधान में उल्लेखित मूल कर्तव्यों से अवगत करवाया और अपने मौलिक अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति जागरुक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्य' म में मुख्य वक्ता प्रो. मिश्रा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उल्लेखित भारतीय ज्ञान परंपरा के बारे में अवगत करवाते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति में ऋषि मुनियों द्वारा मानव धर्म की व्याख्या स्व बोध कर्त्तव्य से प्रेरित है। प्रतिवर्ष विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी व नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी के मध्य कर्तव्यबोध दिवस मनाता है। जिलाध्यक्ष प्रोफेसर पुरोहित ने कहा कि आज के समय में भारतीय मेधा का पूरी दुनिया लोहा मान रही है। यह शिक्षक की कर्तव्य परायणता का ही प्रतिफल है।

## हनुमान गदा रथयात्रा का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** आजाद चौक में हनुमान की 11 मुखी एवं 84 फीट गदा के पोसालिया आगमन पर स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने ढोल-ढमाकों के साथ स्वागत किया। हनुमान गदा रथयात्रा गाजे बाजे के साथ शहर में रामदेव मंदिर आजाद चौक, लक्ष्मी- रामदेव बाबा मन्दिर, हनुमान मंदिर सदर बाजार, रामद्वारा, चामुंडा माता मंदिर, ठाकुरद्वारा, सरियादेवी मंदिर, महादेव मठ, जबरेश्वर महादेव मंदिर श्रीमाली ब्राह्मण समाज बगेची, अनोपदास झोपड़ी व पंचमुखी हनुमान मंदिर आदि स्थानों पर स्वागत किया। डॉ छैल बिहारी शर्मा, पदमाराम कुम्हार, सेशाराम माली सुंदेशा, हिम्मतमल सोनी, छगनलाल परमार, मुकेश कुमार परमार, दिनेश कुमार सुथार, रमेश कुमार लुहार, छोगाराम मीणा, बाबूलाल माली, शंकरलाल माली, देवाराम माली आदि ग्रामीण मौजूद रहे हैं।

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को आत्मा सभागार में आगामी गणतंत्र दिवस पर जिलास्तरीय समारोह की तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर चौधरी ने गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय बनाने एवं सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने नगर परिषद, शिक्षा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पुलिस, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, जलदाय विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियत समय में निर्देशित कार्य पूर्ण कर गणतंत्र दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम डॉ. दिनेश राय सापेला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, एएसपी देवाराम चौधरी, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, सीओ मुकेश चौधरी, तहसीलदार जगदीश विश्नोई आदि मौजूद थे।

## माटासन को ग्राम पंचायत बनाने को सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** माटासन को बांट से अलग कर नई ग्राम पंचायत बनाने को लेकर ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि रेवदर-आबूरोड विधान सभा की ग्राम पंचायत बांट क्षेत्रफल की दृष्टि से बडी ग्राम पंचायत है। जिसकी सीमा ग्राम पंचायत जेतावाडा, जिला जालोर व बापला, वाछोल गुजरात से सटी हुई सीमाए है। बांट ग्राम पंचायत के गांव जुजापुरा व माटासन की दुरी काफी ज्यादा है। जुजापुरा माटासन के ग्रामीणों को ग्राम पंचायत बांट जाने के लिए सड़क की सुविधा नहीं होने के कारण ग्राम पंचायत बापला गुजरात या वाछोल, मण्डार, सोरडा, जेतावाडा होते हुए 25 किलोमीटर की दुरी तय करके जाना पडता है। राज्य सरकार के केबिनेट बैठक के फैसले के अनुसार, ग्राम पंचायतो के पुनर्गठन करके 2000 की आबादी पर अलग से ग्राम पंचायत बनाई जाएगी। जिसमें माटासन को ग्राम पंचायत बनाने पर आस पास के गांवो के लोगो को सरकारी कार्य में आंसानी होगी। जिससे क्षेत्र का भी विकास होगा। माटासन के आस पास के 6000 से अधिक की आबादी के गांवो को मिलाकर उक्त गांवो के केन्द्र बिन्दु माटासन को ग्राम पंचायत का दर्जा दिलाकर आम जन को राहत प्रदान करने की मांग की गई। हरसनराम कोली, जयंतीलाल, कृष्णालाल, भेराराम मेघवाल, नारणाराम नाई, बलवंत कुमार कोली, लेराराम कोली, सवाराम भील, चुनीलाल मेघवाल, मुकेश कुमार मेघवाल, हंजारी राम कोली, करसनराम कोली, बाबूलाल कोली, शंकरा राम भील, प्रतापराम कोली सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## उन्नत भारत अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** केंद्र सरकार के उन्नत भारत अभियान के तहत आईआईटी जोधपुर को क्षेत्रीय समन्वय संस्था और माधव विविद्यालय को जिला समन्वय संस्था के रूप में चुना गया है। इसी अभियान के तहत आईआईटी जोधपुर और माधव विवि के संयुक्त प्रयास से गुरूवार को विविमें ऑरियन्टेशन प्रोग्राम एवं आमथला गांव में विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। विविद्यालय के चैयरमेन डॉ राजकुमार ने बताया कि उन्नत भारत अभियान के तहत समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने बताया कि माधव विश्वविद्यालय की ओर से गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों को कंबल व स्वेटर सहित गर्म वस्त्र वितरित किए जाऐंगे।

## राममंदिर के वार्षिकोत्सव पर हुए कई आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के एक वर्ष पूरे होने पर माधव विवि में एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विवि में सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न संकायों के सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुंदरकांड पाठ के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। विवि के चैयरमेन डॉ. राजकुमार, चेयरपर्सन हिम्मतसिंह देवल, प्रो चांसलर बी. के. गौतम, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत, और विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, सदस्य तथा विद्यार्थी शामिल रहे।कार्य' म की आयोजन समिति में शामिल अकादमिक अधिष्ठाता डॉ महेंद्रसिंह ने प्रभुराम के प्रति श्रद्धा और भक्ति व्यक्त करते हुए इस धार्मिक आयोजन को अत्यंत सफल व प्रेरणादायक बताया।

## हिंदू धर्म की रक्षा को शस्त्र और शास्त्र दोनों की दीक्षा की आवश्यकता :प्रजापति

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर के रामझरोखा मैदान में बुधवार को विश्व हिन्दू परिषद के त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बजरंग दल क्षेत्र के संयोजक किशन प्रजापति नें कहा कि हिंदू धर्म की रक्षा के लिए हिंदू युवाओं को शस्त्र और शास्त्र दोनों की दीक्षा की आवश्यकता है। सनातन धर्म में शस्त्रों और शास्त्रों का हमेशा से ही महत्व रहा है। शास्त्रों की रक्षा के लिए सदैव शस्त्रों की आवश्यकता रही है। हिन्दू धर्म में शस्त्र धारण करने का उद्देश्य राष्ट्र की रक्षा, धर्म और समाज की रक्षा करना रहा है। प्रजापति ने कहा कि हिंदू युवा संस्कार से युक्त हों और नशे से मुक्त हों, इसके लिए बजरंग दल समाज के बीच कार्य कर रहा है। जब जब देश धर्म पर खतरा आया है, देश के हिंदू




युवाओं ने विधर्मियों को मुंह तोड़ उत्तर दिया है और अपनी सनातन संस्कृति व भारत माता का मान रखा है। उन्होने हिन्दू धर्म के इतिहास, मुगल साम्राज्य के कालखण्ड में हुए अत्याचार, राम मंदिर का निर्माण, आज के समय में धर्मांतरण, और युवा पीढ़ियों के लिए देश और सनातन धर्म के प्रति जागरूकता पर व्यापक चर्चा की। प्रजापति ने कहा कि जेहाद के जरिए हिंदू लड़कियों से शादी करने के इरादे हम सब के सामने एक बड़ी चुनौती है।

## समाज की सोई शक्ति को जगाने की जरूरत : साध्वी समाहिता

धर्म सभा को संबोधित करते हुए साध्वी ऋतंभरा की शिष्य साध्वी समाहिता ने कहा कि हमें समाज की सोई हुई शक्ति को जगाने की जरूरत है। उन्होने मातृशक्ति को कहा कि सनातन संस्कृति के गौरवमय इतिहास एवं इसकी विशेषताओं से अवगत कराने का कार्य करना होगा। आजकल विचारों के माध्यम से भ्रमित करने की साजिशें भी खूब चल रही हैं। यह भूमि वीरांगनाओं की है शूरवीरों की है यहां की मिट्टी भी शौर्य की कहानी कहती है। जिन वीरों ने अपने धर्म के लिए शीश कटा दिए किंतु अपना धर्म नहीं छोड़ा। ऐसी वीरों की भूमि में आज अयोध्या में प्रभु रामचंद्र के प्राण प्रतिष्ठा के 1 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित इस



आयोजन में बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों को देखकर मन गोरान्वित है। उन्होंने कहा कि आज सनातन समाज को जातियों में बांटने का धृणित कार्य किया जा रहा है। इससे हमें सावधान रहने की जरुरत है। कार्यक्रम को मंहत तीर्थगिरी, गो सेवक दलपत पुरोहित ने भी संबोधित किया। विहिप के जिला सह मीडिया प्रमुख संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 2100 से अधिक दीक्षार्थियों ने त्रिशूल दीक्षा ली। जिसमें बडी संख्या में महिलाओ की थी।



### » सुबह हुआ राम यज्ञ का आयोजन

त्रिशूल दीक्षा समारोह से पहले सवेरे राम यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित विकास दवे, जयेश ओझा, रोहित ओझा व जेमिश व्यास के सान्निध्य में आहुतियां दी। पंडित विकास दवे ने बताया कि त्रिशूल दीक्षा से पूर्व विश्वकल्याण की कामना के साथ ही वेद मंत्रों के साथ यजमानों द्वारा घृत व साकल्य की आहुतियां दी गई। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर त्रिशूल दीक्षा का शुभारम्भ किया।

### » कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

विहिप के विभाग मंत्री शिवलाल सुथार, जिला मंत्री लक्ष्मण रावल, बजरगंदल के प्रात संयोजक वि' म परिहार, प्रांत सहधर्ताचार्य प्रमुख कन्हैयालाल पुरोहित, जिला संयोजक कैलाश सिंदल, हिमाशु पुरोहित, कपील त्रिवेदी, विक्रमसिंह सोलंकी, प्रशांतसिंह, राजेन्द्रसिंह, मदनलाल सेन, माणक प्रजापत, प्रकाश सैन, मोंटूसिंह, पिकीं राजपुरोहित, इंदिरा खत्री, रंजन बहन सहित कई कार्यकर्ता एवं विशाल जनसमुह उपस्थित थे।

# ड्रग तस्करों की गुप्त सूचनाएं देकर आदर्श नागरिक का कर्तव्य निभाएंः डॉ.अशोक

## हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का ड्रग्स के विरुद्ध एक निर्णायक युद्ध



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** पंचकूला हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और श्रीमती पंखुडी कुमार के नेतृत्व में हरियाणा में ड्रग्स के विरुद्ध एक निर्णायक युद्ध चला हुआ है।

नशा तस्करों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई इस बात का साक्ष्य है कि 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5870 से अधिक अपराधियों को कारागार तक पहुँचाया गया है तो वर्ष 2024 में 3331 अभियोग अंकित कर 5094 नशा तस्करों को कारागार का मार्ग दिखाया है।

इसके साथ कोई नया व्यक्ति इस नशे की दलदल में न फंसे इसके लिए भी अलग से व्यवस्था की गयी है और वह है नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम। ब्यूरो द्वारा पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को जागरूकता कार्यक्रम के लिए नियुक्त किया गया है। वे उच्चाधिकारियों के आदेश से गांव गांव तक साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए पहुँच रहें हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पंचकूला में एक दिवसीय नशा के विरुद्ध जागरूकता कार्यकम आयोजित किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि नशा मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छा होता तो सबसे पहले माता अपने बच्चे को नशा देकर कहती ले खा ले मेरे बच्चा। यदि नशा मनुष्य के लिए अच्छा होता तो पिता कहता ले थोड़ी सी पी ले क्यों करता है चिंता अपना जीवन जी ले। नशे के प्रकार और उनके मनुष्य के मस्तिष्क और स्वास्थ्य पर प्रभाव का वर्णन करते हुए कहा कि प्रतिबंधित नशों में अफीम चरस स्मैक चिट्टा आदि अनेक नशे हैं जो तन मन धन का हनन करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को एक सजग नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि प्रदेश और देश को नशा मुक्त बनाया जाए। ड्रग तस्करों की गुप्त सूचनाएं ब्यूरो के नंबर 9050891508 अथवा भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत मादक पदार्थ निषेध आसूचना केंद्र की वेबसाइट अथवा 1933 पर दी जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गयी।

## सुबह निकली धूप दोपहर को आसमान में छाए बादल

**सादुलपुर।** बुधवार सुबह जहां धूप निकली वहीं जिले के सादुलपुर उपखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में हल्के पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से दोपहर में आसमान में बादल छाए लेकिन बारिश नहीं हुई दो दिनों से अंचल में निकल रही तीखी धूप से राहत मिली मौसम विभाग आईएमडी के अनुसार राज्य के शेखावाटी संभाग सहित पूर्वोत्तर में बुधवार एवं गुरुवार को भी बादलवाही एवं हल्की बारिश बूंदाबांदी की संभावना बनी रहेगी।



## एनएसएस का सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** नाथद्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रंजना शर्मा ने बताया कि शिविर में महाविद्यालय की ओर से गोद लिए गए गांव पलाना कला में आरंभ हुआ। उदघाटन कार्यक्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पालना कलां के संस्था प्रधान कमलेश मालानी, ग्राम सरपंच नीतू जैन, वरिष्ठ अध्यापक देवनारायण वीरवार ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था प्रधान कमलेश मालानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य केवल प्रमाण पत्र प्राप्त कर लेना ही नहीं है अपितु इसके साथ ही साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों की सेवा करना भी प्रमुख कार्य है। इस अवसर पर ग्राम सरपंच नीतू जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्वयंसेवक सेवा कार्य के लिए ही समर्पित होते हैं अत: उन्हें भी इस प्रकार के कार्यों को करते हुए अपना असीम योगदान राष्ट्र की उन्नति में प्रदान करना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ व्याख्याता देवनारायण वीरवार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ सामाजिक कार्यों में भी विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर के हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न प्रकल्प पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का उत्तरदायित्व प्रभावकारी होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ रंजना शर्मा ने बताया कि सेवा योजना में कुल 90 स्वयंसेवक इस शिविर में भाग ले रहे हैं।

## कॅरियर संस्थान राजसमन्द ने सेवा प्रकल्प के तहत जरूरतमंदों में कपड़े वितरित किए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमन्द।** ठंड से बचने के लिए गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राजस्थान की यूथ आइकॉन पैडवूमन भावना पालीवाल के कपड़ा बैंक ने कॅरियर संस्थान राजसमन्द और नेहरु युवा केंद्र के सहयोग से बुधवार को राजसमन्द



के पलेवा मंगरी, गडरियावास, गुर्जरों का गुड़ा, गेला, उमरिया की भागल, गोवालिया, पुठोल रीको एरिया के पीछे,जरूरतमंदों को नए कम्बल एवं गर्म कपड़े का वितरण अलग अलग स्थानों में जाकर किया । कॅरियर संस्थान राजसमन्द के सचिव निलेश पालीवाल ने बताया की ग्रामीण क्षेत्रों में, कच्ची बस्तियों में, दूर दराज के इलाको में जहां निर्धन, असहाय, विक्षिप्त, एवं जरूरतमंद लोग खुले आसमान के नीचे जीवन यापन कर रहे है, ऐसे लोगों को ठंड से बचने के लिए कपडा और कम्बल का वितरण का कार्य नवम्बर माह से जारी है। कॅरियर संस्थान राजसमन्द ने कपड़ा बैंक के माध्यम से नवम्बर माह में वितरण कार्य शुरू किया था जो राजसमन्द, नाथद्वारा, रेलमगरा, भीम, देवगढ़, कुम्भलगढ़, आमेट के कई इलाको में कपडा बैंक के वेन पहुंची और सेवा कार्य करने का कार्य किया। इस बार संस्था द्वारा लगभग दो हजार से अधिक जरूरतमंदों लोगों को कम्बल, तीन हजार पांच से से अधिक जरूरतमंदों को गर्म कपड़े का और कई बच्चो को स्वेटर वितरण करने का कार्य सेवा प्रकल्प के तहत किया जा चुका है। सामाजिक कार्यकर्ता भावना पालीवाल ने बताया की जरूरतमंदों की सेवा, सहायता ही सर्वोपरि धर्म है सेवा के भावों को अंगीकार करते हुए समाज को अनुकरणीय दिशा दी जा सकती है। एक-दूसरे के प्रति प्रेमभाव से सामाजिक एकता, शांति और भाईचारे का आधार बनता है। संस्थान के कार्य के लिए संरक्षक महेश पालीवाल, देवगढ़ प्रभारी भूपेंद्र परिहार, उपाध्यक्ष गुंजन शर्मा, राजसमन्द प्रभारी मीनल पालीवाल, भीम प्रभारी प्रवीण सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष अवंतिका शर्मा, शशिकांत जोशी, भावना सुखवाल, कुम्भलगढ़ प्रभारी गोकुल सेनी, आमेट प्रभारी विजय लक्ष्मी धाभाई, हंसा वैष्णव, दिलखुश सेन, सुमन, आशा, किरण गोस्वामी, अरीना बानो, वेदही परिहार, रिद्धिमा चौहान, निकिता वैष्णव सनी सिंह सहित कई लोगों की ओर से वितरण के लिए मदद की जा रही है।

## अलवर में रामभक्तों ने निकाली ध्वज यात्रा अनेकों मंदिरों में भण्डारे हुए

**अलवर।** अयोध्या में श्रीरामजी की प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूरा होने पर अलवर शहर में बुधवार को राम भक्तों ने ध्वज यात्रा निकाली। जिसमें सैकड़ों भक्ता गाजे-बाजे के साथ नाचते-गाते निकले। साधु वेष में कलाकारों ने कला का प्रदर्शन किया। मुंह से आग के गोले उगलते निकालते हुए कलाकार आकर्षण बने रहे। इधर शहर में अनेको स्थानो पर इस मौके पर भंडारों का आयोजन किया गया इसी कडी में भूरा सिद्ध स्थित राम सुमरिन परिवार द्वारा भव्य भण्डारें का आयोजन किया गया। अलवर शहर के 60 फुट रोड स्थित राठ इंटरनेशनल स्कूल से व्यापार मंडल की तरफ से भगवा ध्वज यात्रा निकाली गई। पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल ने कहा कि भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर एक साल पहले भी शहरवासियों ने ध्वज यात्रा निकली थी। अब भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को एक साल पूरा होने पर व्यापार मंडल की ओर से ध्वज यात्रा निकाली है। जिसमें शहर व आसपास के लोग शामिल हुए हैं।

## यूरोलॉजिस्ट डॉ.उमराव सिंह कुल्हरी का किया स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के निकटवर्ती जिला झुंझुनू आरुणि अस्पताल में स्टेनली मेडिकल कॉलेज चेन्नई के पूर्व चिकित्सक व गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. उमरावं संह का स्वागत किया गया। अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील पूनिया ने बताया कि अस्पताल में अब नियमित यूरॉलोजी सुपर स्पेशिएलिटी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी अस्पताल में ईसीएचएस आरजीएस, चिरंजीवी में इलाज उपलब्ध हैं मरीजों के लिए अत्याधुनिक ट्रोमा सेंटर, आईसीयू व लेजर मशीन द्वारा पथरी का ऑपरेशन, मॉड्यूलर ओटी में घुटने व कूल्हे का जोड़ प्रत्यारोपण, क्रिटिकल यूनिट स्पाइरोमैट्री द्वारा अस्थमा-जांच की सुविधा सभी विभागों में ओपीडी व इनडोर सेवाएं नियमित उपलब्ध हैं।

# कलक्टर के निर्देश पर पहुंची सरकारी मदद

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमन्द ।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा निरंतर समाज के निर्धन तबके के संरक्षण और सहायता की दिशा में प्रयासरत हैं। चार माह से भरण पोषण को लेकर तरस रही एक विधवा महिला का प्रकरण संज्ञान में आते ही जिला कलक्टर के निर्देश पर प्रशासन ने त्वरित राहत प्रदान की है। जिला



जहां एक ओर जिले में पालनहार विशेष अभियान तथा प्रोजेक्ट श्रम संबल जैसे अभियानों से निर्धन और जरूरतमंद तबकों को लाभ मिला है, तो वहीं प्रशासन की ओर से व्यक्तिगत सहायता के प्रकल्प भी जारी हैं। जिले के ओलानाखेड़ा में पति के आकस्मिक निधन के बाद कलक्टर को ओलानाखेड़ा निवासी सोहनीदेवी भील की पीड़ा के संबंध में ज्ञापन प्राप्त हुआ था। जिसमें बताया गया था कि 10 सितंबर को उसके पति का आकस्मिक बीमारी से निधन हो गया है, उसके दो बेटे और दो बेटियां है तथा परिवार का खर्चा चला पाना मुश्किल हो रहा है। शिकायत मिलते ही कलक्टर असावा ने आमेट विकास अधिकारी को महिला के घर जाकर उसका हालचाल पूछकर पात्रता अनुसार अधिकाधिक योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए थे। असावा के निर्देश पर आमेट विकास अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी सोहनी देवी के घर पहुंचे। महिला का हाथों-हाथ मनरेगा जॉब कार्ड बनाकर मास्टरोल में नाम दर्ज कर उसे रोजगार प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभान्वित करने की दृष्टि से आवास प्लान-2024 में नाम शामिल किया गया। विधवा पेंशन योजना के तहत पेंशन स्वीकृति आदेश हाथों-हाथ जारी किया गया। इसके साथ ही पालनहार योजना में उसके बच्चों को जोड़ते हुए प्रतिमाह आर्थिक सहायता सुनिश्चित की।

# कानून व्यवस्था और ट्रैफिक संचालन दुरुस्त करने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे : राजेश सीआई सिहाग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था में सुधार तथा ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। यह बात राजगढ़ के नव नियुक्त थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बुधवार शाम को कहीं। राजगढ़ थाना क्षेत्र सीएलजी तथा शांति समिति की बैठक एसपी किशोरी लाल मीणा के अध्यक्षता में हुई, जिसमें नगर पालिका के नवनियुक्त राकेश कुमार अरोड़ा भी उपस्थित थे। सीआई सिहाग ने कहा कि उन्होंने पूरे शहर का दौरा किया है, ट्रैफिक अव्यवस्था उनके सामने आई है जिसके लिए दुकानदारों और नागरिकों को सहयोग करना होगा। यदि वह स्वेच्छा से सहयोग नहीं करते हैं तो फिर नगर पालिका के साथ मिलकर पुलिस एक्शन लेगी



और दुकानों के आगे के अतिक्रमण को हटाकर व्यवस्था को दुरुस्त करवाएगी। उन्होंने कहा कि अन्य आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए उन्होंने कदम उठाने शुरू कर दिए है और निश्चित ही इसका लाभ आम जनता को मिलेगा। बैठक में उपस्थित ईओ राकेश अरोड़ा ने माना कि नगर पालिका से संबंधित व्यवस्थाएं खराब है और शहर की की हालत बदतर हैं। उन्होंने दो रोज पहले ही कार्यभार संभाला है तथा कार्यवाही आरंभ कर दी है। मुख्य मार्गों की गंदे पानी भराव की समस्या का निदान किया जाएगा। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट का कार्य भी दुरुस्त करवाया जा रहा है। कार्यभार संभालते ही उन्होंने हालातो का जायजा ले लिया है और दो सप्ताह के अंदर वह निश्चित काफी सुधार करवा देंगे। यह भी बताया कि निरीक्षण के दौरान उन्हें 34 अस्थाई सफाई कर्मी अनुपस्थित मिले उसके लिए ठेकेदार को नोटिस दिया गया है। बैठक में बस निजी बस आपरेटर यूनियन के निहाल सिंह, संयुक्त व्यापार समिति के अध्यक्ष पवन मोहता, भाजपा महिला मोर्चा की नीलम पूनियां सहित श्यामलाल सोनी, मनीषा शांडिल्य, यासीन खां पीटीआई, सुमेर सिंह गुलपुरा, वरिष्ठ पत्रकार श्याम जैन, मकसूद चिश्ती, पवन पूनियां आदि ने विभिन्न समस्याओं को उठाया। उल्लेखित बिंदुओं में रात्रि के समय देर रात तक बजने वाले डीजे एवं आवारा बाइकर्स पर नियंत्रण किए जाने, सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त रखे जाने, रात्रिकालीन गश्त बढ़ाए जाने, दिन में मुख्य बाजार में चौपाहियां वाहनों एंट्री पर रोक लगाई जाने जैसे बिंदु शामिल रहे।

# श्री पूर्णमल लाटा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कृत्रिम अंग लगाने के लिए दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** श्री पूर्णमल लाटा चेरिटेबल ट्रस्ट एवं महावीर सेवा समिति द्वारा गांव ढाणी सहारणो वाली में कृत्रिम अंग लगाने हेतु दो दिवसीय दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन हुआ।शिविर में चयनितो को फरवरी में आयोजित होने वाले शिविर में कृत्रिम अंग लगाये जाएँगे । इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अमित चाचाण ने दिव्यांगो की सेवा को सर्वोपरि बताते हुए लाटा ट्रस्ट एवं महावीर सेवा समिति कोलकाता का आभार प्रकट किया । विधायक ने कहा कि अपनी जन्मभूमि के लिए प्रवासियों का हृदय हमेशा खुला रहता है तथा समय समय पर इस प्रकार के आयोजन इनके सहयोग से सम्पन्न होते है जिससे जरूरतमंद को लाभ मिलता है । पूर्व मदरसा बोर्ड अध्यक्षा मेहरुन्निशा टाक ने भी इस सराहनीय कार्य के लिए लाटा परिवार की प्रशंसा की। इस अवसर पर पुलिस उपाधिक्षक ईश्वर सिंह ,तहसीलदार बजरंग लाल ,नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी बसंत सेनी थानाधिकारी ईश्वरानंद शर्मा ,गोशाला अध्यक्ष एड. बाबूलाल चाचान ,नोहर रिलीफ सोसाइटी से ओम प्रकाश चौधरी , विकलांग सेवा समिति के अध्यक्ष कालूराम ,डॉ .महेश शर्मा सरपंच प्रतिनिधि अमर सिंह सहू उपस्थित रहे । अतिथियों ने कृत्रिम अंग लगाने के इस प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की ।अतिथियों ने श्री लाटा ट्रस्ट द्वारा गांव में मुख्य द्वार,धर्मशाला,सडक़,स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था , पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़ लगा कर गर्मी में उनमें नियमित पानी डलवाना तथा गांव के हर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की परम्परा को प्रेरक बताया। लाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रदीप लाटा एवं गोपाल लाटा ने बताया इस शिविर हेतु अभी तक चार सौ से अधिक दिव्यांग पंजीकृत किए जा चुके है जिन्हें इस जांच शिविर के माध्यम से आगामी फरवरी माह में आयोजित होने वाले कृत्रिम अंग हेतु चयनित किए जाएंगे । चयनितो को महावीर सेवा समिति की विशेषज्ञ टीम द्वारा कृत्रिम अंग लगाए जायेगे।इस अवसर पर आयोजित बॉडी चेकअप हेतु डॉ. पवन कस्वा ने करीब एक सौ लोगों का निःशुल्क जाँच की ।ग्रामीण सेवा समिति ढाणी सहारना वाली एवं नोहर रिलीफ सोसाइटी ने व्यवस्थाओं को संभाला।इस मौके पर मोहन शर्मा, डालचंद छींपा,बजरंग शास्त्री, गौरव पारीक,जयपाल सहारण, मुरलीधर छींपा, रामस्वरूप सहारण, कृष्ण सहारण,राम रतन गोस्वामी,श्याम लाल शर्मा,भूप राम सहारण आदि ने भी दिव्यांग जनों के सहयोग हेतु सेवा प्रदान की वही ट्रस्ट द्वारा नोहर के शिवाजी बस स्टेंड से दिव्यांग जनों को शिविर स्थल तक निःशुल्क लाने एवं ले जाने सहित भोजन की व्यवस्था भी रखी गई है। कार्यक्रम का शानदार मंच संचालन कृष्ण लाल सहारण ने किया।



## स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

### गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल के रक्त केंद्र में 11 बजे लगेगा अगला रक्तदान शिविर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** कुरुक्षेत्र स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सुभाष चंद्र बोस की जयंती की पूर्व संध्या पर नए बस अड्डे कुरुक्षेत्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर हरियाणा राज्य परिवहन के महाप्रबंधक शेर सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता शतकवीर पर्यावरण प्रहरी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में यातायात प्रबंधक पवन कुमार और प्रयास फाउंडेशन के प्रधान एवं रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष नरेश सैनी मुख्य रूप से पधारे हुए थे जबकि परिवहन कुरुक्षेत्र से आशुलिपिक आशीष गहलौत विशिष्ट अतिथि रहे। स्टार रक्तदाता प्रशांत शर्मा और सेवाभावी रमेश चंद ने शिविर के संचालन में विशेष सहयोग किया। शिविर में सतीश सैनी ने 52 वीं बार और नवीन वर्मा ने 36 वीं बार रक्तदान किया। मुख्यातिथि पवन कुमार और नरेश सैनी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया। शिविर संयोजक पुलिस डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने अतिथियों एवं रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सुभाष चंद्र बोस की जयंती की पूर्व संध्या पर रक्तदान करने वाले युवा बधाई के पात्र हैं। महानायक सुभाष चंद्र बोस ने नारा दिया था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आज़ादी दूंगा। आज देश स्वतंत्र है। आज रक्त उन लोगों के लिए दान देना चाहिए जो किसी व्याधि से पीड़ित हैं अथवा जिनका उपचार होना है। इसके लिए कुछ अलग से नहीं करना केवल थोड़ा सा रक्तदान करना है। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र के रक्त केंद्र में प्रात: 11 बजे से 1 बजे के मध्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमे कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। नागरिक अस्पताल करनाल के क्षेत्रीय रक्त संचरण अधिकारी डॉ. संजय वर्मा की अध्यक्षता में रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में सतीश सैनी, नवीन वर्मा, मोहन लाल सहित 26 युवाओं ने रक्तदान किया।

## तीन दिवसीय निः शुल्क आयुर्वेद पंचकर्म एवं अग्निकर्म चिकित्सा शिविर 25 तक

**सांचौर।** विशाल तीन दिवसीय निः शुल्क आयुर्वेद पंचकर्म एवं अग्निकर्म चिकित्सा शिविर का शुभारंभ 23से 25जनवरी तक स्थानीय बच्छराज धर्मचंदजी मेहता राजकीय आयुर्वेद औषधालय सांचौर में होगा । जिसमें विशेषज्ञ आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा कमर दर्द, कमर की नस में दबाव, कमर के मनको का खिसकना,घुटनों का दर्द, घुटनों का घिसना,गर्दन की नसों में दबाव, कंधे का दर्द, हाथ का ऊपर ना उठाना, कोहनी का दर्द, हाथ पैरों में सुन्नपन, दर्द एवं जलन का होना, एडी का दर्द तथा पैरों में आटण ) का बिना ऑपरेशन अग्निकर्म द्वारा इलाज एवं उपरोक्त सभी रोगों की चिकित्सा एवं परामर्श किया जाएगा।


## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं0 JHS/Br/L/2024-25/18 दिनांक : 17.01.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

(टू पैकेट सिस्टम)

उप मुख्य इन्जी./ब्रिज/लाइन/ उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये **ई-निविदा** निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **13.02.2025** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :-

| | |
|---|---|
| **निविदा नं. :** Br-JHS-2024- 21 | **अनुमानित मूल्य (रू.) :** Rs. 31.64 Crore/- |
| **कार्यों का विवरण : झाँसी मण्डलः** बीना-झाँसी सेक्शन में किमी 1009/8-10 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 319 के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण। | |
| **बयाने की रकम (रू.) :** Rs. 17,32,500/- | **कार्य समापन की अवधि :** 18 महीना |
| **निविदा बंद की तिथि :** 13.02.2025 | |
| **सिमिलर वर्क के लिए न्यूनतम वांछनीय आधार :** किसी भी प्रकार के पुल का निर्माण। | |

**नोटः (1)** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेब साइट पर समय **15:00** बजे तक निविदा बंद की तिथि दिनांक **13.02.2025** तक उपलब्ध है। **(2)** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(3)** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म / लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **(4)** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **(5)** बयाने की राशि केवल नेट बैंकिग अथवा गेट वे भुगतान या बैक गारण्टी के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। **(6)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये **IREPS** की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **(7)** आनलाइन निविदा दिनांक **13.02.2025, 15:00** बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **123/25 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं. CEN-2024-25-14 दिनांक : 20.01.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य (इंजी0)/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज द्वारा निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिए ई निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 24.02.2025** के समय 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का विवरण इस प्रकार है।

| | |
|---|---|
| **निविदा नं. : निविदा सूचना सं. CEN-2024-25-14** | **अनुमानित मूल्य (रु.) : Rs. 24.19 Cr** |
| **कार्य का विवरण :** खैरार-मानिकपुर के मध्य रेलवे लाइन के दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत खैरार (छोड़कर)-बाँदा (सहित) खण्ड एवं चित्रकूट-मानिकपुर खण्ड में भारतीय रेल मानक/विनिर्देश के अनुसार ट्रैक गिट्टी की आपूर्ति एवं सुव्यवस्थित ढेर लागाना। | |
| **बोली प्रतिभूमि (रु.) Rs. 13,59,500/-** | **कार्य समापन की अवधि : 12 माह** |
| **निविदा बंद करने की तिथि और समय : 24.02.2025 15:00 बजे** | |
| **निविदा खुलने की तिथि : 24.02.2025 15:30 बजे** | |
| **निविदा का प्रकार : ओपेन टेण्डर (दो पैकेट प्रणाली)** | |

**नोट :- 1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर **समय 15:00 बजे** तक निविदा भरने की **तिथि दिनांक 24.02.2025** तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको **IT Act-2000** के अन्तर्गत **CCA** द्वारा जारी **Digital** हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइड पर पंजीकृत करायें। **3.** बोली प्रतिभूति या तो ई-भूगतान गेटवे के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में प्रस्तुत की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। बैंक गारंटी बांड निविदा दस्तावेज में दिये गये अनुलग्नक-वीआईए के अनुसार होगा और बोल बैधता अवधि से परे **90 दिनों** की अवधि के लिय बैध होगा। **4.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **5.** निविदा की राशि 10 करोड़ से अधिक होने पर संयुक्त उद्यम (जे.वी.) /Consortiums/MOUs पर विचार किया जायेगा। **6.** संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **7.** सभी निविदाओं हेतु निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर एक प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। **8.** निविदा दस्तावेज में उल्लिखित योग्यता/मानदण्डों को पूरा करने के दावे के समर्थन में अपलोड किये गये दस्तावेजों/प्रमाण-पत्रों की प्रतिलिपिकी पृष्ठ को टेण्डरर फर्म के निविदाकार या अधिकृति प्रतिनिधि द्वारा स्वयं प्रमाणित/डिजिटल हस्ताक्षरित किया जायेगा। स्वयं प्रमाणन में हस्ताक्षर, मोहर और तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) अंकित होनी चाहिये। केवल वे दस्तावेज जिन्हें निविदाकार द्वारा स्पष्ट रूप से घोषित किया गया है कि निर्धारित पात्रता मानदण्डों की अर्हता प्राप्त करने के दावे का समर्थन करने वाले दस्तावेज को ही उनकी निविदा का मूल्यांकन करने के लिये विचार किया जायेगा। निविदाकार द्वारा दी गयी किसी भी गलत जानकारी के मामले में अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा एवं बोली प्रतिभूमि, परफारमेंस गारण्टी और सिक्योरिटी डिपाजिट जब्त कर ली जायेगी और भारतीय रेलवे में एजेंसी पर 5 (पॉच) वर्ष तक कोई भी व्यवसाय करने पर प्रतिबन्ध लगा दिया जायेगा। **9.** सरकारी अधिकारियों द्वारा समय-समय पर जारी जी.एस.टी. अधिनियम और सरकार/सम्बन्धित प्राधिकरण द्वारा समय समय पर जारी किये गये नियम लागू होंगे। **10.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाइड की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **11.** निविदा आनलाइन **दिनांक 24.02.2025 को समय 15:00 बजे** तक सबमिट किया जा सकता है तथा निविदा **15:30** बजे उसी दिन खोली जायेगी। **136/25 (C)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### बोलेरो की टक्कर से सवारियों से भरी टैक्सी पलटी

# महिला सहित चार लोग घायल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में मंगलवार देर शाम को एक टैक्सी और बोलेरो में चौराहे पर टक्कर हो गई। हादसे में टैक्सी में सवार एक प्रेग्नेंट महिला सहित चार जने घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जिनमें एक वृद्ध की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार पाली शहर के औद्योगिक थाना एरिया के आईटीआई रोड पर एक चौराहे पर सवारियों से भरी टैक्सी को बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे टैक्सी पलट गई। हादसे में टैक्सी में सवार आठ माह की गर्भवती आशापुरा नगर पुलिस लाइन निवासी 25 साल की झूमा देवी पत्नी जितेंद्र सिंह, न्यू शक्ति नगर निवासी 26 साल की दरिया



कंवर पत्नी गोविंद सिंह, मांड़ावास (रोहट) निवासी 72 साल के तुलसाराम पुत्र देवाराम पटेल और टैक्सी ड्राइवर केके नगर राजेंद्र नगर निवासी 23 साल का अरविंद पुत्र चंदनसिंह घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस की सहायता से उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उनका उपचार जारी है। हादसे में वृद्ध तुलसाराम को ज्यादा चोटें आई। ननद–भाभी हॉस्पिटल में टिफिन देने आ रही थी जानकारी के अनुसार दोनों घायल महिलाएं आपस में ननद-भाभी है। जो हॉस्पिटल में भर्ती अपने रिश्तेदार को टिफिन देने आ रही थी। वही वृद्ध तुलसाराम एक शादी अटेंड कर अपने रिश्तेदार के घर जाने के लिए टैक्सी में बैठा था। लेकिन बीच रास्ते हादसा हो जाने से वे घायल हो गए।

# पाली में लेपर्ड की मूवमेंट से दशहत में ग्रामीण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली जिला मुख्यालय के महज कुछ कि.मी. की दूरी पर आबाद गांवों में इन दिनों लेपर्ड की मूवमेंट से होने से ग्रामीण दहशत में है। कई लोगों ने लेपर्ड के हमले के डर से रात को खेतों में रखवाली करने जाना बंद कर दिया। 18 जनवरी की दोपहर को कानेलाव और डेंडा गांव के बीच जंगल में एक युवक जो अपनी गाड़ी लेकर अपनी जेसीबी से जा रहा था। उसने लेपर्ड दिखा और उसका वीडियो भी बनाया। लेपर्ड ने गुंदोज गांव में कुत्ते के पिल्ले पर हमला करने के साथ ही गुंदोज निवासी रूपाराम की भेड़ का भी शिकार किया। पाली जिला मुख्यालय से महज 18 किलोमीटर की दूरी पर आबाद गुंदोज और 20 किलोमीटर की दूरी पर आबाद कानेलाव गांव के पास लेपर्ड की मूवमेंट होने से ग्रामीण दहशत में है। कई लोगों ने रात के समय खेतों में रखवाली करने जाना छोड़ दिया है। उन्हें डर रहता है कि कहीं लेपर्ड उन पर हमला न कर दे। आकेली और मानपुरा गांव में भी जानवर के हमले की दहशत बता दें कि गत दिनों पाली जिला मुख्यालय से महज आठ किलोमीटर की दूरी पर आबाद आकेली गांव और सात किलोमीटर की दूरी पर आबाद मानपुरा भाकरी गांव में भी जंगली जानवर आने की बात ग्रामीणों ने कही। उनका भी दावा था कि गांव में कोई जंगली जानवर का मूवमेंट हुआ है। बाइक के पीछे दौड़ा लेपर्ड पाली जिले के देसूरी क्षेत्र के भोपसिंह गुड़ा रोड पर सोमवार रात करीब नौ बजे लेपर्ड बाइक सवार नारायण गरासिया और नेनाराम के पीछे दौड़ा। लेपर्ड का पंजा लगने से नारायण के घायल हो गया था। दूसरी घटना इसी इलाके में मंगलवार सुबह करीब साढ़े



आठ बजे हुई। गुड़ा भोपसिंह गांव का राजूराम भील बाइक से खेत पर जा रहा था। रास्ते में उस पर लेपर्ड बाइक के पीछे दौड़ा तेजी से बाइक चलाने से बाद में राजूराम बाइक स्लीप होने से गिरकर घायल हो गया। पाली के गुंदोज गांव के निकट शिकार के बाद पड़े भेड़ के अवशेष। दावा किया जा रहा है कि लेपर्ड ने इसका शिकार किया। तखतगढ़ में लेपर्ड की मूवमेंट जिले के तखतगढ़ के बेदाना रोड पर सोमवार रात को खेतों में लेपर्ड का मूवमेंट दिखने की जानकारी ग्रामीणों ने दी। अचलाराम सुथार ने बताया कि उसने खेत में लेपर्ड देखा। मंगलवार को लेपर्ड के पगमार्क भी मिले। जिसमें शावक के भी पगमार्क है। रेंजर बोले- कानेलाव-गुंदोज में नहीं मिले लेपर्ड के पगमार्क मामले में पाली रेंजर प्रकाश पटेल का कहना है कि ग्रामीणों की सूचना पर टीम मौके पर भेजी थी लेकिन वहां उन्हें लेपर्ड के पगमार्क नहीं मिले।

# वरिष्ठ नागरिक समिति की हुई साप्ताहिक बैठक

**नाडोल।** वरिष्ठ नागरिक समिति पाली की साप्ताहिक बैठक का आयोजन। रामजीवन तापड़िया की अध्यक्षता में करण सिंह की चाली स्थित सभागार में किया गया। समिति के महामंत्री नरपत सिंह कुंपावत ने बताया कि इस बैठक में रामजीवन के साहित्यिक योगदान के लिए समिति के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस बैठक में साइबर अपराध और उससे बचने के उपाय विषय पर वार्ता रखी गई।

इस वार्ता पर हिम्मता राम फुलवारी ने पुराने रिकॉर्ड का ऑन लाइन संधारण में त्रुटि, श्रवणकुमार तंवर ने सरकार द्वारा जागरूकता की कमी, गणपत सिंह दैय्या ने अपना है सो जाएगा नहीं, जाएगा सो अपना नहीं, विनोद कुमार शर्मा ने धोखाधड़ी की एफ आई आर करने, दिनेश दवे ने जागरूकता की कमी, गोपाल दास मूंदड़ा ने ट्रू कालर एप का उपयोग करने, जगदीश दुबे ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी तथा प्रशासन का रवैया, कांति लाल मुथा ने अपने अनुभव साझे किए कि किस तरह साइबर धोखा घड़ी से बचे आदि विचार रख कर बैठक की गरिमा बढ़ाई। इस बैठक में श्याम सिंह पंवार, राम लाल गर्ग, पीरू लाल बंजारा, विरदी चंद मेवाड़ा, कृष्ण चंद्र जोशी, ओटा राम सोलंकी, धन सिंह बडगुजर, मोती लाल मेवाड़ा, नवरत्न मल गुप्ता, सज्जन सिंह बोराणा आदि ने भी अपने अनुभव साझा किए। इसी के साथ महामंत्री द्वारा आगंतुक सदस्यों का आभार व्यक्त किया व सभा के समापन की घोषणा की।



# गुरूकुल संस्कार कन्या महाविद्यालय में फूड फेस्टिवल आयोजित

## ▶▶ छात्राओं ने कई व्यंजन बनाकर परोसे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** जवाई बांध रोड़ स्थित वाइब्रेट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन द्वारा संचालित गुरुकुल संस्कार कन्या महाविद्यालय में फूड स्टॉल का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों और अतिथियों ने विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखा। कला, वाणिज्य एवं विज्ञान वर्ग के साथ कम्प्यूटर वर्ग की छात्राओं के द्वारा आयोजन किया गया। फूड स्टॉल आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और रुचि का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करना था। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने अपने हाथों से बनाए गए व्यंजनों को प्रदर्शित किया और अतिथियों को परोसा। महाविद्यालय के निदेशक व सह प्राचार्य डा. नारायण विश्नोई ने




इस आयोजन की सराहना की और कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक अच्छा अवसर था जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिभा और रुचि का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय हमेशा अपने विद्यार्थियों को नई और रचनात्मक गतिविधियों में शामिल होने के अवसर प्रदान करने का प्रयास करता है। संस्थान अध्यक्ष महावीर सिंह सिसोदिया ने विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए व्यंजनों को चख कर छात्रों की कौशल की प्रशंसा की। आयोजन में विद्यार्थियों और अतिथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखा।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन

**देसूरी।** पंचायत समिति स्तर का मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य फॉलोअप एवं रेफरल शिविर सीएचसी देसूरी पर आयोजित किया गया जिसमें ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजेश राठौड़ ने बताया कि बुधवार के आयुष्मान आरोग्य फॉलोअप एवं रेफरल शिविर में पीएचसी/ सीएचसी पे लगे शिविरों से रेफर किए लोगों का निःशुल्क जांच की गई व दवाइयां देकर उचित परामर्श दिया गया। इस शिविर में पाली से नाक कान गले के डाक्टर प्रवीण सिंह चंपावत, शिशु रोग विशेषज्ञ डाक्टर राजेंद्र सिंह राठौड़, स्त्री रोग विशेषज्ञ संजय कालानी, फिजिशियन डाक्टर संजय परमार, दंत चिकित्सक डाक्टर अंकुर माथुर, नेत्र सहायक कोमल सांखला, मनो रोग विशेषज्ञ डा. सुरेंद्र सिंह आए और सीएचसी पीएचसी से रेफर किए गए लोगों की निः शुल्क जांच की गई व उचित परामर्श व उपचार किया गया। साथ ही कैंप में सीएचसी के समस्त कर्मचारियों द्वारा कैंप को सफल बनाने हेतु नर्सिंग अधिकारी, एएनएम, सीएचओ और आशा सहयोगिनियों ने भी सहयोग किया। कैंप में 200 लोगों की आभा भी बनाई गई व लोगों को सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं का लाभ दिलवाया गया। साथ ही आयुष्मान कार्ड वितरण किए गए जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के ई-केवायसी की गई व पात्र लोगों की भी ई-केवायसी की गई जिससे लोगों को पांच लाख तक का मुफ्त मेडिकल इलाज फ्री करवाया जा सके।



### टाटा मुंबई मैराथन

## वरिष्ठ नागरिक दौड़ में सुमेरपुर के किशोर भाटी प्रथम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** एशिया के सबसे बड़े मैराथन आयोजनों में से एक 20वें टाटा मुंबई मैराथन में सुमेरपुर निवासी किशोर भाटी ने वरिष्ठ नागरिक वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। रविवार को आयोजित इस मैराथन का उद्घाटन राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने किया। वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोजित 4.2 किलोमीटर की यह दौड़ छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से शुरू होकर हुतात्मा चौक, ओवल मैदान, मरीन ड्राइव, प्रिंसेज फ्लाई ओवर, मेट्रो आईनॉक्स होते हुए आजाद मैदान में समाप्त हुई। भाटी ने अपनी जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे बेहतरीन पल है। वरिष्ठ नागरिक दौड़ सिर्फ एक आयोजन नहीं बल्कि यह हमारे वरिष्ठ समुदाय के जीवन, शक्ति और सकारात्मक उम्र बढ़ने का उत्सव है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठों को सक्रिय और प्रेरित रहने के अधिक अवसर मिलने चाहिए। मैराथन में 59,967 धावकों ने भाग लिया। विभिन्न श्रेणियों में जैसे हाफ मैराथन, ओपन 10K, ड्रीम रन, सीनियर सिटीजन रन और विकलांग चैंपियंस में बड़ी संख्या में धावकों ने हिस्सा लिया।



# हादसे रोकने 16 दिसंबर से धरना

## धसारत टांक की सरकार से सड़क निर्माण की मांग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** हादसों की चर्चित देसूरी नाल में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने व जानमाल की हानि न हो को लेकर देसूरी नाल में तेजा टांक नामक एक व्यक्ति पिछले सोलह दिसंबर से नाग देवता मंदिर के निकट पुलिए के एक कोने में शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठा हुआ है। इस पुलिए पर रामदेवरा जातरुओं के ट्रक दुर्घटना में 92 लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी।

तेजराज टांक (कलाल) पुत्र भेरूलाल निवासी ओलादर तहसील कुंभलगढ़ जिला राजसमंद ने बताया कि वह शांतिपूर्ण तरीके से देसूरी नाल के नवनिर्माण को लेकर धरने पर बैठा है। टांक ने बताया कि वह न तो पुलिस प्रशासन को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी पैदा करेगा न ही वह सड़क जाम या अन्य प्रकार की कोई ऐसी गतिविधि नहीं करेगा जिससे किसी को कोई नुकसान हो वह बस शांतिपूर्ण तरीके से देसूरी नाल के नवनिर्माण व सड़क दुर्घटनाओं में किसी की जानमाल का कोई नुकसान न हो को लेकर सरकार व प्रशासन की आंखे खोलने धरने



पर बैठा है।

टांक ने बताया कि वह स्नैक केचर भी है उसने समाजसेवा में भी योगदान दिया है मगर देसूरी नाल में सड़क दुर्घटनाओं में हजारों लोगों की असामायिक मौत को लेकर देसूरी नाल को लेकर सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया।

नतीजन कई लोगों की मौत हो रही है, ऐसे में सरकार की आंखे खोलने वह शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठा है। सवांददाता के पूछे जाने पर कि कब तक इस तरह नाल में शांतिपूर्ण धरने पर बैठे रहोगे, देसूरी नाल में घना जंगल है जंगली जानवर है क्या आपको भय नहीं लगता है?

इस पर उसने कहा कि जब तक देसूरी नाल का निर्माण कार्य शुरू नहीं होगा तब तक वह इसी स्थान पर शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठा रहेगा। उसने यह भी बताया कि आगामी 26 जनवरी तक इंतजार कर रहा है सरकार और प्रशासन क्या करता है, 26 जनवरी के बाद वह कुछ अलग ही करने वाला है। उसने बताया कि सरकार उसकी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अभी तक नही जगी है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

एईएम/ओडी/3398 दि. 21.01.2025

**कोटेशन सूचना**

सहायक महापालिका आयुक्त, आर/दक्षिण वॉर्ड द्वारा आर/एस वॉर्ड में कांदीवली (पश्चिम) में विभिन्न स्थानों पर ड्रैन एवं ढापा ड्रैन की डिसिल्टींग हेतु डंपर एवं श्रमिकों की आपूर्ति हेतु मुहरबंद कोटेशन्स आमंत्रित है। कोटेशनों को सहायक आयुक्त आर/दक्षिण वॉर्ड के नाम से एवं कोटेशन पर बडे अक्षरों में आर/एस वॉर्ड में कांदीवली (पश्चिम) में विभिन्न स्थानों पर ड्रैन एवं ढापा ड्रैन की डिसिल्टींग हेतु डंपर एवं श्रमिकों की आपूर्ति हेतु मुहरबंद कोटेशन लिखा जाएं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि (रु.) | जांच शुल्क (रु.) | प्रपत्र विक्रय का प्रारंभ | जमा करने की नियत दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | आर/एस वॉर्ड में कांदीवली (पश्चिम) में विभिन्न स्थानों पर ड्रैन एवं ढापा ड्रैन की डिसिल्टींग हेतु डंपर एवं श्रमिकों की आपूर्ति। | रु. 160000/- | 1320/- + 18% जीएसटी (237.60) = कुल 1557.60 अर्थात 1558/- | 23.01.2025 को प्रातः 11.00 बजे से 29.01.2025 को दोप. 1.00 बजे | 29.01.2025 को दोप. 1.00 बजे तक |

शर्तों एवं नियमों सहित कोरे कोटेशन पत्र हेतु आवेदन पत्र एच.सी. (एक्प.) से उक्त पते से 23.01.2025 को प्रातः 11.00 बजे से 29.01.2025 को दोप. 01.00 बजे के बीच रु. 1558/- के भुगतान पर (अवकाश छोड कर) क्रय कर सकते है। धरोहर राशि (ई.एम.डी.) रु. 160000/- (प्रत्येक) नकद/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में उक्त अंकित पते पर जमा करने की दिनांक से पूर्व जमा किए जाए। चेक के रूप में ईएमडी स्वीकार नहीं होगी। आवश्यक दस्तावेजों सहित लेकर से मुहरबंद आवेदन पत्र 23.01.2025 को प्रातः 11.00 बजे से 29.01.2025 को दोप. 01.00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे।

लेकर से मुहरबंद निविदाएं 29.01.2025 को दोप. 01.00 बजे तक स्वीकार की जाएंगी तथा उन्हें 29.01.2025 को दोप. 3.00 बजे खोली जाएंगी।

सहायक आयुक्त आर/दक्षिण वॉर्ड के पास किसी भी या सभी कोटेशन्स को परिवर्तीत करने या निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

PRO/2320/ADV/2024-25 **सहायक आयुक्त आर/एस वॉर्ड**

बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।


# राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों ने किया आधे दिन कार्य का बहिष्कार

**सुमेरपुर।** राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को राजस्व विभाग प्रमुख शासन सचिव के नाम तहसीलदार दिनेश आचार्य को ज्ञापन देकर आधे दिन का कार्य बहिष्कार किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों के संबंध में कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाती है तो आंदोलन को उग्र करते हुए 22 से 24 जनवरी तक काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करवाने का निर्णय लिया। राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष शेरसिंह जोधा सरवड़ी ने बताया कि राजस्व विभाग सरकार का एक महत्वपूर्ण विभाग है, जो न केवल राजस्व संग्रह करता है, बल्कि आम जनता और किसानों से जुड़े संवेदनशील मामलों का निपटारा भी करता है। विभाग आपदा प्रबंधन, चुनाव, जनगणना और महामारी नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में तहसीलदार पदों पर मंत्रालयिक संवर्ग का कोटा यथावत रखना, राजस्व मंडल और संभागीय आयुक्त कार्यालयों को मंत्रालयिक निदेशालय में शामिल करना, उपखंड अधिकारी कार्यालयों में नए पदों का सृजन और नवगठित जिला कार्यालयों में स्थायी नियुक्तियों के लिए स्पष्ट नीति की मांग की है।

**मांगें नहीं मानने पर आंदोलन की चेतावनी**



साथ ही राजस्व विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्यालयों के समान वेतन और भत्ते दिए जाने, विभाग में फील्ड स्टाफ की नियुक्ति न करने और मंत्रालयिक संवर्ग के कार्यों को अन्य संवर्ग के कर्मचारियों से न करवाने, उपखंड कार्यालयों में पैरोकार सरकार के पद पर नायब तहसीलदार के स्थान पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद सृजित करने, राजस्व मंडल में वर्तमान तहसीलदार संवर्ग के पदों और उपखंड कार्यालयों में नायब तहसीलदार के पदों को समाप्त करने की मांग भी की गई है।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो वे विरोध प्रदर्शन और आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज आईडी नं. | **बोली क्र. 2025-एमसीजीएम-1140060-1** |
| संस्था का नाम | **बृहन्मुंबई महानगर पालिका** |
| विषय | प्रमुख अभि. (एम एंड ई) अंतर्गत महापालिका पॉवर लाँड्री में तीन रोल आयनर (कैलेंडर मशीन-।) का संधारण, सर्विसिंग तथा ओवरहॉलिंग का कार्य। |
| निविदा शुल्क | रु. 3300 + 18% जीएसटी |
| ई-निविदा की लागत | मद दर |
| बोली प्रतिभूति/ईएमडी | रु. 20,000/- |
| निविदा जारी एवं विक्रय की दिनांक | 22.01.2025 को 12.00 बजे से |
| बोली प्रतिभूति जमा करने की अंतिम दिनांक व समय | 28.01.2025 को 12.00 बजे तक |
| लिफाफा ए, बी तथा सी (ऑनलाइन) जमा करना | 28.01.2025 को 16.00 बजे तक |
| प्री-बिड मीटींग | लागू नहीं |
| लिफाफा ए खुलना | 29.01.2025 को 16.00 बजे पश्चात |
| लिफाफा बी खुलना | 29.01.2025 को 16.00 बजे पश्चात |
| लिफाफा सी खुलना | 31.01.2025 को 16.00 बजे पश्चात |
| संपर्क हेतु पता | कार्यालय ई.ई. मैक. (दक्षिण) बीएमसी महापालिका वर्कशॉप, आर.एस. निमकर मार्ग, भायखळा, मुंबई 400008 |
| बोली खुलने का स्थान | ए.ई. (एम.पी.एल.) कार्यालय में ऑनलाइन |
| संपर्क व्यक्तिः ए) नाम बी) मोबाइल नं. सी) ई-मेल पता डी) ई-मेल पता | श्री एन.टी. जाधव 9769005647 aempl.me@mcgm.gov.in http://portal.mcgm.gov.in/tenders |

यह निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय है।

एमसीजीएम के पास किसी भी आवेदन का स्वीकार करने या उक्त विषय में किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

PRO/2315/ADV/2024-25 **कार्य. अभि. मैक. (दक्षिण)**

भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ स्वच्छ धोएं।


# कांग्रेस प्रवक्ता बनने पर किया स्वागत



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं विधायक प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा के निर्देशानुसार सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र से सुमेरपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पद पर सुरेंद्र परमार को नियुक्त करने पर कांग्रेसजनों ने बहुमान किया। ब्लॉक अध्यक्ष नेपाल सिंह पावा, ब्लॉक महासचिव कंचन परमार सहित ग्रामीण एवं युवाओं ने कोसेलाव पहुंच परमार का स्वागत किया। इस मौके पर यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेश भार्गव, समाजसेवी भावेश सेन, दिनेश मेघवाल, विनोद परमार, पुरण गोयल, मोहनलाल, ओमप्रकाश मीणा आदि मौजूद रहे।

# घर से बुलाकर दोस्त को पीटा, इंस्टाग्राम पर डाली रील

**पाली।** शराब पीने के लिए दोस्तों ने कोचिंग छात्र से पैसे मांगे, नहीं देने पर लात-घूसों से बुरी तरह पीटा। आरोपियों ने घटना का वीडियो भी बनाया। वारदात के बाद इंस्टाग्राम पर अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए वीडियो की रील बनाकर अपलोड कर दी। घटना का वीडियो घायल छात्र के पिता ने देखा, जिसके बाद पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया। मामला पाली के औद्योगिक नगर थाना क्षेत्र का है, जहां 16 जनवरी को आरोपियों ने वारदात की। औद्योगिक थाने के एसएचओ जसवंत सिंह राजपुरोहित ने बताया- थाना क्षेत्र के केके नगर भालेलाव रोड रहने वाले पिंटू पुत्र राजूराम ने रिपोर्ट दी। बताया- वह करीब छह महीने से जयपुर में लोको पायलट बनने की कोचिंग कर रहा है। 14 जनवरी को वह जयपुर से पाली अपने घर आया था। आधी रात को कॉल कर गली के बाहर बुलाया 16 जनवरी की रात करीब साढ़े 12 बजे गुरु नगर निवासी उसके परिचित आर्यन ने उसे कॉल किया। जरूरी काम होने की बात कहते हुए गली के बाहर बुलाया। जहां उसके साथ भालेलाव रोड निवासी रितेश और राहुल भी थे। रिपोर्ट में बताया- तीनों युवक नशे में थे और शराब पीने की बात कहते हुए 500 रुपए मांगे। देने से मना किया तो बेरहमी से मारपीट की। सड़क पर पलट कर लातों से मारा। चेहरे पर लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा, जिससे उसे अंदरूनी चोटें भी आई। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसके पायजामे की जेब में रखे 500 रुपए भी ले लिए। पीड़ित दहशत में रहा, परिवार को घटना की जानकारी नहीं बताई रिपोर्ट में बताया कि आरोपी रितेश और राहुल ने उसे जाते समय किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। इसलिए डर के मारे उसने घर पर आकर किसी को भी मारपीट की बात नहीं बताई। इसके बाद 17 जनवरी को वह कोचिंग के लिए वापस जयपुर चला गया। रिपोर्ट में बताया कि आर्यन, रितेश ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर उससे की गई मारपीट का वीडियो अपलोड कर दिया। यह वीडियो उसके एक दोस्त ने उसके पिता को दिखाया, तो उन्होंने कॉल कर जयपुर से उसे पाली बुलाया। पूरे मामले की जानकारी ली।

मलेशिया : महिला अंडर-19 विश्व कप

# इंग्लैंड ने अमेरिका को आठ विकेट से हराया



▶▶ इंग्लैंड ने टॉस जीतकर चुना क्षेत्ररक्षण

▶▶ डेविना-ट्रुडी ने खेली शानदार पारी



**जोहोर।** डेविना पेरिन (74) और ट्रुडी जॉनसन (नाबाद 44) की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी-20 मुकाबले में अमेरिका को आठ विकेट से हरा दिया है। अमेरिका के 119 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर एरिन थॉमस (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई ट्रुडी जॉनसन ने डेविना पेरिन के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 117 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में पूजा शाह ने डेविना पेरिन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। डेविना पेरिन ने 45 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए (74) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। ट्रुडी जॉनसन (44) रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड ने 14.2 ओवर में दो विकेट पर 120 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। अमेरिका की ओर से माही माधवन और पूजा शाह को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले बुधवार यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 29 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिए थे। चेतना पग्यद्याला (10), इसानी वाघेल (10) और दिशा ढींगरा (छह) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे समय मे कप्तान अनिका कोलन ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। रितू सिंह (20) रन बनाकर आउट हुई। अनिका कोलन (46) और पूजा गणेश (10) रन बनाकर नाबाद रही। अमेरिका की महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 119 रन का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से प्रिशा थानावाला, ट्रुडी जॉनसन ने दो-दो विकेट लिये। टिली कॉर्टीन-कोलमैन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## न्यूजीलैंड ने समोआ को 67 रनों से हराया



**कुचिंग।** ईव वोलैंड (48) रन की पारी के बाद ताश वेकलिन और ऋषिका जसवाल (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी-20 मुकाबलों में समोआ को 67 रनों से शिकस्त दी। 107 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी समोआ की टीम का कोई भी बल्लेबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे नही टिक सका। समाओ की पूरी टीम 14.2 ओवर में 40 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। समाओ का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। न्यूजीलैंड की ओर से ताश वेकलिन और ऋषिका जसवाल ने तीन-तीन विकेट लिए। सोफी कोर्ट को दो विकेट मिले। हन्ना ओ'कॉनर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बुधवार को यहां समोआ महिला अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 12 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिए। इसके बाद अनिका टोड और ईव वोलैंड ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी हुई। 10वें ओवर में ए मापु ने अनिका टोड 19 गेंदों में (27) रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद समोआ के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। ईव वोलैंड ने 43 गेंदों में (48) रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 17 ओवरों में नौ विकेट पर 107 रन का स्कोर बनाया।

रणजी ट्रॉफी 2024-25

# टीम इंडिया की 'प्लेइंग 11' उतरेगी

**कोलकाता। रणजी ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे दौर की शुरुआत आज, 23 जनवरी से होने जा रही है। ये पहला मौका है जब रणजी ट्रॉफी को दो पार्ट में खेला जा रहा है। रणजी ट्रॉफी के पहले दौर में सभी टीमों ने पांच-पांच मैच खेले थे। अब दूसरे दौर में हर टीम दो-दो मैच खेलेगी। इस दौरान टीम इंडिया के 11 खिलाड़ी अपनी-अपनी टीमों के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। दरअसल, बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद सख्त रवैया अपनाते हुए किसी भी खिलाड़ी के फिट होने की स्थिति में घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया है। इसी वजह से टीम इंडिया के कई बड़े खिलाड़ियों ने 23 जनवरी से शुरू हो रहे मुकाबलों में खेलने का फैसला किया है, जिसमें 11 बड़े खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं।**



▶▶ दो-दो मैच खेलेंगी टीमें

### 10 साल बाद खेलेंगे रोहित

मुंबई को अगले मैच में जम्मू कश्मीर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जो अभी एलीट ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है। इस मैच में रोहित शर्मा खेलते हुए नजर आएंगे, जो 10 साल के बाद उनका पहला रणजी मैच होगा। रोहित हालांकि अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में खेलेंगे। इस मुकाबले में यशस्वी जायसवाल भी उतरेंगे, जो रोहित के साथ ओपनिंग कर सकते हैं। श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे और शार्दुल ठाकुर जैसे स्टार खिलाड़ी भी इस मैच के लिए मुंबई की टीम में शामिल हैं।

### रवींद्र जडेजा और ऋषभ पंत का आमना-सामना

राजकोट में दिल्ली का सामना दो बार के विजेता सौराष्ट्र से होगा, जिसमें ऋषभ पंत दिल्ली की टीम के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। उनका सामना रवींद्र जडेजा से होगा, जो सौराष्ट्र की टीम का हिस्सा हैं। चेतेश्वर पुजारा और नवदीप सैनी भी इस मुकाबले में नजर आएंगे। दोनों टीम के लिए ग्रुप डी के इस मैच में जीत हासिल करना बेहद जरूरी है। दिल्ली अभी चौथे और सौराष्ट्र पांचवें स्थान पर है। तमिलनाडु और चंडीगढ़ इस ग्रुप में पहले दो स्थान पर हैं।

### शुभमन गिल पर भी सभी की नजर

भारतीय वनडे टीम के उप कप्तान शुभमन गिल भी इस बार रणजी खेलने वाले हैं। वह पंजाब की टीम का हिस्सा हैं। पंजाब ने ग्रुप सी में पांच मैच में अभी तक केवल एक जीत हासिल की है और वह पांचवें स्थान पर है। ऐसे में शुभमन गिल पर सभी की नजर रहने वाली है। उनकी टीम बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में कर्नाटक से भिड़ेगी। पंजाब को इस मैच में अभिषेक शर्मा और अर्शदीप सिंह की कमी खलेगी जो इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया में शामिल हैं। दूसरी तरफ कर्नाटक को देवदत्त पडिक्कल और प्रसिद्ध कृष्णा की वापसी से मजबूती मिलेगी।

# क्रिकेट में वापसी कर सकते डिविलियर्स

▶▶ एसए 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ब्रांड एंबेसडर भी



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स थोड़ी मौज-मस्ती करने और अपने बच्चों को खुश करने के लिए इस तरह की क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं जहां आईपीएल जैसा दबाव नहीं हो और वह सहज होकर खेल सकें।

डिविलियर्स ने अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए नवंबर 2021 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। दक्षिण अफ्रीका के 40 वर्षीय पूर्व कप्तान अब चैरिटी और प्रसारण से संबंधित कार्यों से जुड़े हुए हैं।

वह मौजूदा एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। लेकिन अपने यूट्यूब चैनल पर मेलिंडा फैरेल के साथ बातचीत में डिविलियर्स ने कहा कि वह फिर से क्रिकेट खेलना चाहते हैं।

टी20 सीरीज : शर्मा ने उड़ाए इंग्लैंड के परखच्चे

# पहले मैच में 7 विकेट से जीता भारत



**कोलकाता।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 मैचों की सीरीज में विजयी आगाज किया है। भारत ने बुधवार को पहले टी20 में इंग्लैंड को 7 विकेट से रौंदा। इंग्लैंड ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 133 रनों का टारगेट दिया, जिसे भारत ने 12.5 ओवर में तीन विकेट गंवाकर चेज किया। सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरे अभिषेक शर्मा ने इंग्लैंड के परखच्चे उड़ा दिए। उन्होंने 34 गेंदों में 79 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने 5 चौके और 8 छक्के मारे। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने तेज शुरुआत की। अभिषेक और संजू सैमसन (20 गेंदों में 26, चार चौके और एक सिक्स) ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। यह साझेदारी पांचवें ओवर में टूटी। जोफ्रा आर्चर ने पांचवें ओवर में सैमसन के अलावा कप्तान सूर्यकुमार यादव को आउट किया। सूर्या का का खाता नहीं खुला। इसके बाद, अभिषेक और तिलक वर्मा ने मोर्चा संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 84 रनों की दमदार साझेदारी की। अभिषेक ने महज 20 गेंदों में फिफ्टी की। लग रहा था कि अभिषेक जिताकर लौटेंगे लेकिन 12वें ओवर में आदिल राशिद का शिकार बन गए। तिलक ने चौका लगाकर भारत को जीत की दहलीज पार कराई। वह 16 गेंदों में 19 रन बनाकर नाबाद लौटे, जिसमें तीन चौके शामिल हैं। हार्दिक पांड्या ने नाबाद 3 रन बनाए। इससे पहले, भारत ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी और इंग्लैंड को निर्धारित 20 ओवर में 132 रन समेटा। कप्तान जोस बटलर ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 44 गेंदों में 8 चौकों और 2 छक्कों के दम पर 48 रनों की पारी खेली। हैरी ब्रूक ने 17 और जोफ्रा आर्चर ने 12 रनों का योगदान दिया।

इंटरनेशनल लीग टी-20 2025

# एलेक्स हेल्स ने महारिकॉर्ड बनाकर चौंकाया



2000 बाउंड्री लगाने वाले दूसरे क्रिकेटर बने

**दुबई।** दुबई में खेले जा रहा इंटरनेशनल लीग टी20 2025 में एलेक्स हेल्स ने इतिहास रच दिया है। डेजर्ट वाइपर्स और दुबई कैपिटल्स के बीच खेले गए टूर्नामेंट के 13वें मैच में एलेक्स हेल्स ने शानदार बल्लेबाजी की और एक ऐसा रिकॉर्ड बना दिया है जिसने विश्व क्रिकेट को चौंका कर रख दिया है। इंटरनेशनल लीग टी20 202 में डेजर्ट वाइपर्स की ओर से खेल रहे हेल्स ने दुबई कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान 31 गेंदों में 34 रन की पारी खेली, अपनी पारी में हेल्स ने दो चौके और दो छक्के लगाए। हेल्स ने ऐसा कर एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अब एलेक्स हेल्स टी20 क्रिकेट में 2000 बाउंड्री लगाने में सफल हो गए हैं। हेल्स टी-20 क्रिकेट में 2000 बाउंड्री लगाने वाले दुनिया के केवल दूसरे क्रिकेटर बने हैं। हेल्स के नाम अब टी-20 क्रिकेट में 2001 बाउंड्री लगाने का कमाल दर्ज हो गया है।

# मनोरंजन

# फिर साथ नजर आएंगे प्रभास-दीपिका पादुकोण

साल 2024 की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धुआं उठाया। फिल्म ने 1000 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था। नाग अश्विन की इस फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण के अलावा अमिताभ बच्चन ने भी काम किया था। जिनके रोल की सबसे ज्यादा तारीफ की गई है। तब से ही फिल्म के सीक्वल को लेकर चर्चा चल रही है। अब इस पर बड़ा अपडेट आ गया है। क्या मैटरनिटी लीव के बाद 'कल्कि 2' का शूट शुरू करेंगी दीपिका पादुकोण? फिल्म के पहले पार्ट में तीन अलग-अलग दुनिया की कहानी दिखाई गई है।लेकिन विलेन का काफी कम रोल था। ऐसा कहा गया कि सेकंड पार्ट में विलेन बने कमल हासन का खतरनाक रूप देखने को मिलेगा। अब इस पर बड़ी जानकारी सामने आ गई है। दरअसल फिल्म का शूट इसी साल शुरू होने वाला है। रिपोर्ट से पता लगा कि 'कल्कि 2898 एडी' के पार्ट 2 की शूटिंग इसी साल जून से शुरू हो सकती है। इस वक्त प्रभास अपने अपकमिंग फिल्मों की शूटिंग में बिजी हैं। उनके खाते में पहले से ही कई फिल्में हैं। इस समय वो 'फौजी' पर काम कर रहे हैं, उसके बाद संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' का शूट होगा। ऐसे में क्या सच में जून में 'कल्कि' के पार्ट 2 की शूटिंग हो पाएगी? यह जानने के लिए मेकर्स के ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार करना है। लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, जून में ऐसा हो रहा है। फिल्म के प्रोड्यूसर अश्विनी दत्त ने बताया था कि कल्कि के सीक्वल में जिन तीन एक्टर्स के कैरेक्टर्स पर फोकस रहेगा, वो अमिताभ बच्चन, प्रभास और कमल हासन हैं। जहां पहले पार्ट में विलेन बने कमल हासन की आखिरी वक्त पर एंट्री करवाई गई थी। पार्ट 2 में उन्हें ज्यादा स्क्रीन स्पेस मिलने वाला है। वहीं दीपिका पादुकोण भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि को जन्म देने वाली है। यह सबकुछ भी इसी पार्ट में देखने को मिलेगा।



## महाकुंभ में होगी 'रामायणः द लेजेंड ऑफ प्रिंस रामा' की ऐतिहासिक स्क्रीनिंग

'रामायणः द लिजेंड ऑफ प्रिंस रामा' अपनी थियेट्रिकल रिलीज से पहले एक ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहा है। यह फिल्म आज, 23 जनवरी को प्रयागराज के महाकुंभ मेले में प्रदर्शित होगी, जहां स्कूल के बच्चों और श्रद्धालुओं को वाल्मीकि के रामायण पर आधारित इस इंडो-जापानी एनीमेशन का नया 4K रिमास्टर वर्जन दिखाया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा बच्चों को भारतीय महाकाव्य रामायण से परिचित कराना है, जिसमें जापानी कला के जरिए जान फूंकी गई है। महाकुंभ मेला दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक महासंगम है, जो प्रयागराज में होता है, जहां दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु शहर में आते हैं। यह स्पेशल स्क्रीनिंग महाकुंभ में आयोजित होने वाला पहला ऐसा आयोजन होगा, जो प्रयागराज के सेक्टर छह स्थित दिव्य प्रेम सेवा शिविर में नेटरा कुंभ के पास को सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

## विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना की फिल्म 'छावा' का ट्रेलर रिलीज




विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना की फिल्म 'छावा' के ट्रेलर का काफी समय से इंतजार हो रहा था और अब फाइनली ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी जबरदस्त है। जिस तरह पोस्टर्स इसके जबरदस्त थे उसी तरह इसके ट्रेलर ने दिल जीत लिया है। ट्रेलर की शुरुआत होती है एक वॉइस ओवर से जिसमें बताया जाता है कि छत्रपति शिवाजी के निधन के बाद मुघल मराठा की जमीन पर राज करने के लिए तैयार होते हैं, लेकिन संभाजी महाराज की होती है फिर एंट्री जो बोलते हैं कि हम शोर नहीं करते, हम शिकार करते हैं। विक्की की परफॉर्मेंस देखकर आप भी काफी इम्प्रेस होंगे। रश्मिका का स्क्रीन प्रेजेंस भी काफी ठीक है। विक्की के एक्शन सीन और डायलॉग्स काफी जबरदस्त हैं। ट्रेलर के एंड में शेर और विक्की का सीन आपको फिल्म देखने के लिए काफी एक्साइटेड करेगा। विक्की ने फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाया है। विक्की और रश्मिका की साथ में यह पहली फिल्म है। रश्मिका ने फिल्म में संभाजी महाराज की पत्नी येसूबाई भोसले का किरदार निभाया है। फिल्म में विक्की और रश्मिका के अलावा अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता भी हैं। छावा में उस साहसी योद्धा की कहानी बताई गई है जिसके राज्याभिषेक के दिन 1681 में इसी दिन एक महान शासनकाल की शुरुआत हुई थी। फिल्म में अपने किरदार को लेकर विक्की ने इंटरव्यू में कहा था, 'जब मेरे पास फिल्म की स्क्रिप्ट आई तब सबसे पहले मेरे मन में यही बात आई थी कि क्या मैं इस किरदार के साथ इंसाफ कर पाऊंगा। लेकिन इसके साथ ही मुझे एक्साइटमेंट भी हुई। इसके अलावा ऐसा मौका जब आता है जब आपको एक महान आदमी वो भी छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाना पड़े तो ये काफी खूबसूरत मौका होता है अपने कल्चर को समझने का, उनकी हिस्ट्री जानने का।'

## व्हीलचेयर पर बैठे, मास्क से चेहरा छुपाती दिखीं 'पुष्पा' की श्रीवल्ली

रश्मिका मंदाना साउथ के बाद बॉलीवुड में भी छा चुकी हैं। एनिमल के बाद उन्होंने बॉलीवुड में भी अपनी अलग पहचान बना ली है। रश्मिका जल्द ही सलमान खान के साथ 'सिकंदर' और विक्की कौशल के साथ 'छावा' में नजर आने वाली हैं। हाल ही में रश्मिका के जिम करते दौरान पैर में चोट लग गई थी। अपने पैर की चोट के बारे में रश्मिका ने खुद पोस्ट शेयर करके जानकारी दी थी। चोट लगने के बावजूद रश्मिका अपने काम से छुट्टी नहीं ले रही हैं। बुधवार को उन्हें हैदराबाद से मुंबई जाते हुए एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। जहां पर उन्होंने अपना फेस कवर किया हुआ था और लंगड़ाती हुई नजर आईं। रश्मिका की फिल्म 'छावा' रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म के प्रमोशन के लिए लगता है रश्मिका हैदराबाद से मुंबई पहुंच गई हैं। उनकी एयरपोर्ट से वीडियो वायरल हो रही है जिसमें वो कार से बाहर लंगड़ाती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो में रश्मिका ने सिर पर कैप और फेस पर मास्क लगाया हुआ है। उनके पैर में प्लास्टर बंधा हुआ है। वो कार से निकलती हैं और लंगड़ाते हुए व्हीलचेयर तक जाती हैं। जिसके बाद उन्हें बैठाकर एयरपोर्ट पर अंदर लेकर जा रहे हैं। रश्मिका को दर्द में भी काम करता देख फैंस उनके जल्दी ठीक होने की प्रार्थना कर रहे हैं। रश्मिका के वीडियो पर फैंस कमेंट करके उनके जल्दी ठीक होने की कामना कर रहे हैं।



## री-रिलीज होगी 'पद्मावत'

संजय लीला भंसाली की फिल्म 'पद्मावत' अपनी सातवीं सालगिरह के मौके पर फिर से रिलीज हो रही है। फिल्म को 24 जनवरी को थिएटर्स में रिलीज किया जा रहा है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी भी साझा कर दी है। अब फैंस को एक बार फिर बड़े पर्दे पर इस शानदार फिल्म को देखने का मौका मिलेगा। दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह और शाहिद कपूर जैसे स्टार्स वाली 'पद्मावत' आज भी इंडियन सिनेमा की सबसे कामयाब फिल्मों में से एक रूप में गिनी जाती है। इस फिल्म की कहानी असल घटना पर आधारित थी, जिसे काफी खूबसूरती के साथ कलाकारों और निर्देशक संजय लीला भंसाली ने दर्शकों के सामने पेश किया था। मलिक मुहम्मद जायसी की कविता 'पद्मावत' पर बेस्ड ये ऐतिहासिक ड्रामा रानी पद्मावती की खूबसूरती, सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी के खिलाफ उनकी हिम्मत और उनकी निडरता की कहानी है। फिल्म में जौहर की प्रथा को दिखाया गया है। संजय लीला भंसाली ने फिल्म में भव्यता दिखाने का प्रयास किया, जैसा कि वो अपनी हर फिल्म में अपने डायरेक्शन के जरिए करते हैं। ग्रैंड प्रोडक्शन डिजाइन ने इसे दुनियाभर के दर्शकों के दिलों तक पहुंचाया।



फिल्म को खूब तारीफे मिलीं और इसका फैनबेस आज भी जबरदस्त है। 2018 में जब पद्मावत रिलीज हुई तो इसने हर तरफ तहलका मचा दिया। फिल्म का काफी विरोद भी हुआ। कई समुदायों ने इसे बैन करने की भी मांग की। फिल्म की हीरोइन दीपिका पादुकोण को जान से मारने की धमकी भी मिली। कर्णी सेना पूरी तरह से फिल्म के विरोध में उतर आई थी। जैसे-तैसे मेकर्स ने फिल्म रिलीज की और तमाम विवादों के बीच भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर पाई। फिल्म की कहानी और शानदार एक्टिंग ने दर्शकों का दिल जीत लिया। दीपिका पादुकोण ने रानी पद्मावती के रोल में अपना जलवा दिखाया, रणवीर सिंह ने खिलजी के किरदार में डर और जुनून भर दिया, और शाहिद कपूर ने राजा रतन सिंह की गरिमा को बेहतरीन तरीके से पर्दे पर उतारा। फिल्म की कहानी उसकी भव्यता और डिटेलिंग को लेकर भी खूब बातें हुईं।

# महाकुंभ 2025 : योगी ने सभी मंत्रियों के साथ लगाई संगम में डुबकी



## कैबिनेट बैठक में लिए अहम फैसले



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में योगी कैबिनेट की बुधवार को अहम बैठक हुई, जिसमें कई फैसले लिए गए। वहीं, पूरी कैबिनेट ने महाकुंभ में जाकर संगम तट पर डुबकी लगाई है। साथ ही साथ अपने मंत्रियों के साथ प्रयागराज में पक्षियों को दाना खिलाया। बैठक के बाद सीएम योगी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि प्रयागराज-चित्रकूट विकास क्षेत्र के साथ-साथ वाराणसी में भी नीति आयोग के सहयोग से विकास क्षेत्र विकसित किया जाएगा। योगी ने कहा कि प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों के लिए सतत विकास बनाने के लिए, हम एक विकास क्षेत्र विकसित करेंगे।

### 9.25 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किया स्नान : योगी

- योगी कहा कि पिछले एक सप्ताह में 9.25 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम पर पवित्र डुबकी लगाई है। प्रयागराज नगर निगम प्रयागराज सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए बॉन्ड जारी करेगा। साथ ही साथ केजीएमयू सेंटर को मेडिकल कॉलेज के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। तीन जिलों हाथरस, कासगंज और बागपत में तीन नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। सीएम ने कहा कि 62 आईटीआई, 5 नवप्रवर्तन, अविष्कार और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। पहली बार महाकुंभ में पूरी कैबिनेट मौजूद है।

### वीआईपी घाट पर स्नान

भगवा वस्त्र पहने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में कैबिनेट के संगम स्नान का नेतृत्व किया। मां गंगा की पूजा की गई और नाव में सवार मुख्यमंत्री योगी ने पक्षियों के लिए दाना फेंका। उसके बाद त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने एक विशेष नाव पर सवार हुए। योगी के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्रियों ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई।

### योगी को लंबी उम्र दे भगवान : सुधा मूर्ति

राज्यसभा सांसद और समाजसेवी सुधा मूर्ति ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में भाग लिया और पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। उन्होंने तर्पण कर अपने



पूर्वजों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। महाकुंभ की व्यवस्था के लिए इंफोसिस फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में जितना अच्छा काम किया गया है, वह सराहनीय है। मैं उनके दीर्घायु होने की कामना करती हूं।

एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधियों से बजट पूर्व चर्चा

# सबका साथ, सबका विकास हमारा लक्ष्य : भजनलाल शर्मा



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि एक सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण में एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच की अहम भूमिका है। इनका समाज पर बहुत गहरा प्रभाव होता है तथा वे राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करते हैं। राज्य सरकार बजट में प्रत्येक वर्ग की जरूरतों का समावेश कर सभी के सुझावों को यथासंभव समाहित करेगी जिससे सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को गति मिले। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधियों से बजट पूर्व चर्चा को संबोधित कर रहे थे। एनजीओ, सिविल सोसाइटी एवं उपभोक्ता मंच जैसे संगठन अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं तथा इनके अनुभव का लाभ जनता को मिलना चाहिए। राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा भीमराव अंबेडकर के अंत्योदय की अवधारणा पर काम कर रही है।

### गांवों के विकास से राज्य की समृद्धि

शर्मा ने कहा कि ग्रामीण विकास राज्य की समृद्धि में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमारी सरकार गांवों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मनरेगा के 20 करोड़ मानव दिवस को बढ़ाकर 27 करोड़ मानव दिवस किया गया है। अब तक 24 करोड़ से ज्यादा मानव दिवस का रोजगार दिया जा चुका है। साथ ही, योजना के तहत लगभग सभी श्रमिकों का भुगतान 15 दिन में किया जा रहा है।

### महिला सशक्तीकरण को निरंतर काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। राजीविका के तहत राज्य में 20 हजार से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों का गठन हुआ है तथा लखपति दीदी योजना के तहत 14 लाख से ज्यादा महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 55 हजार से ज्यादा आवासों को स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत बारां जिले में सहरिया जनजाति के लिए विशेष अभियान चलाकर 17 हजार से ज्यादा आवास स्वीकृत किए गए हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी, पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, पंचायती राज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कल मुंबई आएंगे अमित शाह

## राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के कॉर्पोरेट कार्यालय का करेंगे उद्घाटन



**मुंबई।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 24 जनवरी को मुंबई में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त और विकास निगम (NUCFDC) के कॉर्पोरेट कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "सहकार से समृद्धि" विजन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सहकारिता क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया जाएगा। अमित शाह अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान गतिविधियों के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन, देशभर में 10,000 नवगठित बहुउद्देशीय सहकारी समितियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम और प्राथमिक सहकारी समितियों के लिए रैंकिंग फ्रेमवर्क का शुभारंभ भी करेंगे। शाह की दूरदर्शिता और अथक प्रयासों से सहकारी बैंकों को उनके व्यवसाय में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने "राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम (NUCFDC) नाम से एक अंब्रेला संगठन की स्थापना को मंजूरी दी है। इससे लगभग 1,500 शहरी सहकारी बैंकों (UCBs) को आवश्यक IT अवसरंचना और संचालन में सहायता मिलेगी।

# नेपाली नौकरानी ने साथियों संग बुजुर्ग मालकिन को लूटा

- एक सप्ताह पहले ही आई थी काम करने
- 50 लाख के जेवर और 7 लाख नगदी पार


**जयपुर।** जयपुर में एक बड़ी लूट की वारदात सामने आई है, जहां बदमाशों ने एक बुजुर्ग महिला और दो नौकरों को बंधक बनाकर लाखों की नकदी और जेवरात लूट लिए। पुलिस के मुताबिक, लूट में एक सप्ताह पहले काम पर रखी गई नेपाली नौकरानी सावित्री शामिल है। उसने दो लोगों को बाहर से घर में घुसने दिया और वारदात के बाद उनके साथ फरार हो गई।

घटना डूंगरी थाना इलाके में सोनी अस्पताल के पास देवी नगर में हुई। यहां 75 वर्षीय मंजू कोठारी के घर में लूटपाट की गई। नौकरानी सावित्री के साथ बदमाशों ने मंजू कोठारी और उनके दो नौकरों के साथ मारपीट कर उन्हें बंधक बना लिया। फिर अलमारी से 7 लाख रुपए नकद और करीब 50 लाख रुपए के जेवरात लूट लिए। वारदात के बाद सावित्री बदमाशों के साथ कैब में बैठकर फरार हो गई।

एडिशनल डीसीपी ईस्ट आशाराम चौधरी ने बताया कि पीड़िता ने 7 दिन पहले एक परिचित की सलाह पर नेपाली नौकरानी सावित्री को काम पर रखा था। उसने सोमवार रात करीब 11 बजे दरवाजा खोला और दो बदमाशों को घर में घुसने दिया। इस दौरान मंजू कोठारी और उनके दो नौकर अपने कमरों में थे। बदमाशों ने पहले दो नौकरों और फिर मंजू देवी के साथ मारपीट की और उन्हें बंधक बना लिया। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# अरनिया सेक्टर में मिली संदिग्ध टनल

## ▸▸ आतंकियों की घुसपैठ की आशंका



**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के अरनिया सेक्टर में सुरक्षा बलों को संदिग्ध टनल मिली है। दरसअल, अंतर्राष्ट्रीय सीमा के नजदीक सुरक्षाबलों की ओर से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस दौरान सुरक्षा बलों को संदिग्ध टनल मिली है। जांच की जा रही है कि पाकिस्तान की ओर से आतंकियों की घुसपैठ करवाने के लिए कहीं इस टनल को तो नहीं खोदा गया? फिलहाल सुरक्षाबलों ने ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की है। सुरक्षबलों के अनुसार अक्सर आतंकी इंडिया में घुसपैठ के लिए इस तरह की टनल का इस्तेमाल करते हैं।

### बॉर्डर पर बढ़ाई सुरक्षा

सुरक्षाबल लगातार भारत-पाकिस्तान सीमा पर घुसपैठ और हथियार तस्करी पर नजर रखते हैं। यहां टनल का मिलना सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती है। खबर के बाद बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। बीएसएफ और पुलिस ने स्थानीय लोगों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत सूचना देने की अपील की है।

# तरुण दवे बने राजस्थान मीडिया प्रमुख

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** लघु उद्योग भारती उदयपुर इकाई के सह सचिव तरुण दवे को राजस्थान प्रदेश इकाई का मीडिया प्रमुख नियुक्त किया गया है। यह मनोनयन लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख अतीत अग्रवाल द्वारा किया गया। हाल ही में संपन्न 11वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर के संयोजक रहे तरुण दवे को संगठन की सोशल मीडिया गतिविधियों को बढ़ावा देने और डिजिटल रूप से सशक्त बनाने का दायित्व सौंपा गया है। लघु उद्योग भारती उदयपुर के जिलाध्यक्ष मनोज जोशी ने कहा कि दवे के नेतृत्व में डिजिटल प्रचार के क्षेत्र में संगठन को नई गति मिलेगी। तरुण दवे ने अपना नया दायित्व ग्रहण करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वरिष्ठों की प्रेरणा व मार्गदर्शन उन्हें संगठन के लिए बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

# कोटा : एक ही दिन में दो ने की आत्महत्या

## ▸▸ इस महीने 6 ने खत्म कर ली जिंदगी

**कोटा।** राजस्थान के कोटा शहर में एक ही दिन में खुदकुशी का दूसरा मामला सामने आया है। महज 22 दिनों में छह स्टूडेंट द्वारा आत्महत्या कर ली गई।



बुधवार को सुबह जहां गुजरात के अहमदाबाद निवासी छात्रा अफ़्शा शेख ने फांसी लगाई थी। वहीं दिन ढलने के साथ ही असम निवासी पराग ने सुसाइड कर लिया। छात्र के सुसाइड के पीछे कारण फिलहाल सामने नहीं आए हैं। सामने ये भी आया है की छात्र की मां भी उससे मिलने के लिए कोटा आई हुई थी। जेईई की तैयारी कर रहे छात्र पराग, असम के निवासी थे। 27 जनवरी को पराग का पेपर था। छात्र महावीर नगर इलाके में रेजीडेंसी में रह रहा था। वहीं पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है। फिलहाल इस पूरे मामले में पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है। वहीं इस महीने की बात की जाए तो अब तक 6 छात्रों ने मानसिक तनाव के चलते सुसाइड की है।

# अजमेर में घोड़ी पर चढ़ा 'दलित' दूल्हा

## 200 पुलिसकर्मियों की तैनाती में निकली बारात



**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर जिले में दलित समाज के एक दूल्हे की बारात पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच निकली क्योंकि दुल्हन के परिवार को आशंका थी कि गांव के उच्च जाति के लोग इसमें बाधा डाल सकते हैं। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। यह मामला 21 जनवरी को जिले के लवेरा गांव का है जहां युवती अरुणा खोरवाल के परिवार के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन से संपर्क कर बारात व बारातियों की सुरक्षा को लेकर आशंका जताई। प्रशासन ने बारात आदि की सुरक्षा के लिए लगभग 200 पुलिसकर्मियों को तैनात किया। दूल्हा विजय रेगर घोड़ी पर बैठकर दुल्हन के घर पहुंचा जिसके बाद पारंपरिक 'बिंदोली' की रस्म निभाई गई।

### हम डरेंगे तो कैसे काम चलेगा : लड़की के पिता

अरुणा के पिता नारायण खोरवाल ने भी स्थानीय कार्यकर्ताओं से मदद मांगी थी। खोरवाल ने कहा, अगर हम डरे रहेंगे तो कैसे काम चलेगा। हम एक शिक्षित परिवार हैं। पहले भी बारात निकलने के दौरान अप्रिय घटनाएं हो चुकी हैं, इसलिए हमने पुलिस और कार्यकर्ताओं से संपर्क किया। प्रशासन और पुलिस के सहयोग से शादी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने बारात निकासी के लिए मानव विकास एवं अधिकार केंद्र संस्थान के सचिव रमेश चंद बंसल से मदद मांगी थी।

# मां ने बेटे की मौत का लिया बदला





- बहू के भाई की कर दी खौफनाक हत्या

**राजकोट।** गुजरात में राजकोट के सर गांव में शनिवार को दोपहर करीब 3 बजे एक युवक का हत्या किया शव मिला था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक गिरीश राठौड़ अपनी मां के ऑपरेशन के लिए रामोद जाने को सरधार गांव से निकलकर सर गांव पहुंचा था, जहां चाकू के 8 वार करके उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस जांच में पता चला कि मृतक गिरीश राठौड़ की हत्या उसकी बहन की पूर्व सास सोनलबेन उर्फ सालुबेन सोहलिया (उम्र 50) ने दो नाबालिगों के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने नाबालिग और महिला आरोपी दोनों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई की। पूछताछ में पता चला कि आरोपी मां के बेटे ने तलाक से दुखी होकर सुसाइड कर लिया था। इसीलिए मां ने बेटे की मौत का बदला बहू के भाई को मारकर लिया। राजकोट शहर एसीपी साउथ भावेश जाधव ने बताया कि 18 जनवरी 2025 को सर गांव के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। जांच करने पर पता चला कि शव गिरीश दिलीपभाई राठौड़ (उम्र 32) का था, जो सरदार बस स्टैंड पर इलेक्ट्रिकल की दुकान चलाता था। गिरीश अपनी मां लाभुबेन से फोन पर बात करने के बाद उनकी आंख की सर्जरी कराने के लिए सरधार गांव से रामोद जाने के लिए बाइक से जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में सर गांव के पास उसे रोक लिया गया और उसके पेट, सिर और हाथ समेत शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर 8 वार करके उसकी हत्या कर दी गई। लगातार चाकू के वार करने के कारण मृतक की आंतें भी बाहर आ गई थीं। मृतक युवक गिरीश की अंगुलियां भी काट दी गई थीं। पुलिस जांच में पता चला कि मृतक गिरीश राठौड़ की हत्या उसकी बहन की पूर्व सास सोनलबेन उर्फ सालुबेन सोहलिया (उम्र 50) ने दो नाबालिगों के साथ मिलकर की थी। उसने इंस्टाग्राम-फेसबुक पर लाइव होकर बदला लेने को कहा था। हत्या करने का कारण बदला लेना था। पुलिस को आरोपी सोनल से पूछताछ करने पर पता चला कि सोनल के बेटे अजय ने पत्नी जयश्री से तलाक के बाद डेढ़ महीने पहले आत्महत्या कर ली थी। इकलौते बेटे को खोने से दुखी मां सोनल ने बेटे के वियोग में हत्या करने का फैसला किया। सोनल ने बेटे को खोने के गम में उसकी याद में अपने हाथ पर उसकी तस्वीर का टैटू बनवाकर 'मारो सावज' लिखवाया था।

शंभू-खनौरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन

# चर्चा के लिए हम डल्लेवाल से अनुरोध कर सकते : सुप्रीम कोर्ट

## पंजाब सरकार ने कोर्ट को सौंपी रिपोर्ट

- 14 फरवरी को होगी बैठक
- अगली सुनवाई फरवरी के अंत में



**नई दिल्ली।** शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 13 फरवरी 2024 से चल रहे किसान आंदोलन मामले की सुनवाई बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई। एमएसपी सहित अन्य मांगों को लेकर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल आमरन अनशन पर बैठे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम डल्लेवाल से बातचीत फिर से शुरू करने और चिकित्सा देखभाल लेने के साथ-साथ प्रभावी चर्चा में शामिल होने का अनुरोध कर सकते हैं। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केंद्र के प्रतिनिधिमंडल से डल्लेवाल बातचीत करने को तैयार हो गए हैं। 14 फरवरी को बैठक होना तय हुआ है। जस्टिस सूर्यकांत ने भी कहा कि सकारात्मक पहल हुई है। हमें यह भी बताया गया है कि कुछ अन्य किसान नेताओं ने भी अपना अनशन तोड़ दिया है और वार्ता फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की है। सभी हितधारक कार्रवाई करने में सक्षम होंगे। और राष्ट्रीय हित में जो भी मुद्दा होगा उसे हल करेंगे। मामले की अगली सुनवाई फरवरी महीने के अंत में होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह सभी रिपोर्ट्स को एम्स को भेजेगा, ताकि राज्य के दावे की पुष्टि की जा सके। कोर्ट ने एम्स के डायरेक्टर से कहा था कि इस संबंध में चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श करें।

### 26 को ट्रैक्टर मार्च का ऐलान

किसानों ने फैसला किया है कि 26 जनवरी को देशभर में ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे। इसके बाद दिल्ली कूच के बारे में फैसला लिया जाएगा। जबकि 14 फरवरी को किसान चंडीगढ़ में केंद्र सरकार से मुलाकात करेंगे।

# वाराणसी में 406 सरकारी संपत्ति पर वक्फ का दावा

**वाराणसी।** वक्फ बोर्ड संशोधन को लेकर गठित जेपीसी की लखनऊ में अहम बैठक हुई। इस दौरान एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। जिसमें सरकारी संपत्ति पर 78% वक्फ की प्रॉपर्टी होने का दावा किया गया है। इसी बीच वाराणसी जिला प्रशासन द्वारा भी सरकार को एक रिपोर्ट भेजी गई है जिसमें अब तक वाराणसी जनपद में कुल वक्फ संपत्ति और सरकारी प्रॉपर्टी पर वक्फ संपत्ति होने का संपूर्ण विवरण शामिल है। वाराणसी एडीएम ने बताया कि वाराणसी के तीनों तहसील, नगर निगम का सर्वे हुआ है। उत्तर प्रदेश वक्फ बोर्ड एक्ट- 37 के अनुसार वाराणसी जनपद में 1637 वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी हैं, जिसमें 1537 सुन्नी के हैं और 100 शिया वक्फ बोर्ड के हैं। वर्तमान में उनकी क्या स्थिति है इसका सर्वे कराया गया है जिसके अनुसार इनमें 406 ऐसी संपत्ति हैं जो सरकारी भूमि पर ही स्थित हैं और इसकी सूचना हमने शासन को भिजवा दी है।

# भारत में 80 प्रतिशत हिंदू तो खतरा कैसा? : फारुख अब्दुल्ला



- खुद को बचाने के लिए देश आज भी मांग रहा बलिदान

**कश्मीर।** जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने पार्टी मुख्यालय में एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा, देश आज भी खुद को बचाने के लिए बलिदान मांग रहा है। भारत को बाहर से नहीं बल्कि अंदर से खतरा है। देश के अंदर के लोग ही इसे नष्ट कर सकते हैं, बाहर के लोग नहीं। देश को मजबूत बनाने के लिए हमें खुद को, अपने भाइयों और बहनों को मजबूत बनाना होगा। अब्दुल्ला ने खास तौर पर 'हिंदू खतरे में है' जैसे बयानों की उन्होंने निंदा की। इस देश में 80 प्रतिशत हिंदू हैं, तो खतरा कहां है? इस तरह के बयान का उद्देश्य लोगों में डर पैदा करना है। इस झूठ को मिटाना हर किसी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि 1996 में जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से लोगों के बसने के बारे में गलत सूचना फैलाई गई थी।




मुंबई की सामाजिक सांस्कृतिक संस्था अभियान ने उत्तरप्रदेश दिवस समारोह का बुधवार को लोगो (प्रतीक चिह्न) जारी किया। मुंबई बीजेपी के महामंत्री व पूर्व विधायक सुनील राणे ने लोगो का विमोचन किया। इस अवसर पर मुंबई बीजेपी के उपाध्यक्ष व यूपी दिवस के संयोजक अमरजीत मिश्र, अभियान के कार्याध्यक्ष संतोष दीक्षित, घनश्याम मौर्य व राकेश सिंह उपस्थित थे। 24 जनवरी की शाम 5 बजे सांताक्रुज़ पश्चिम के लायंस क्लब ग्राउंड पर भोजपुरी फ़िल्मों के कलाकारों की उपस्थिति में यह आयोजन होगा।

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ : अयोध्या में दिखा उत्सव का माहौल

- 11 हजार दीपक जलाए



**अयोध्या।** भव्य मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि पर जिले भर में उत्सवी माहौल रहा। महबूबगंज स्थित श्री श्रृंगी ऋषि आश्रम पर भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। राजा राम मानव सेवा संस्थान के संयोजन में 11 हजार दीप जलाकर वर्षगांठ की खुशी मनाई गई। दीपोत्सव के साक्षी बनने के लिए हजारों श्रद्धालु भी मौजूद रहे। बुधवार को श्रृंगी ऋषि आश्रम पर दीपोत्सव के क्रम में सुबह 11 बजे से भंडारे का आरंभ हुआ जिसमें लगभग 5000 श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आश्रम के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञानेंद्र मिश्रा ने सजा दो घर को गुलशन सा मेरे प्रभु राम आए हैं...की प्रस्तुति से माहौल को राममय कर दिया। पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य व दर्जा प्राप्त मंत्री विजय विक्रम सिंह ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा की तिथि हर सनातनी के लिए अब उत्सव की तिथि हो गई। उन्होंने बताया कि श्रृंगी ऋषि आश्रम के विकास के लिए सरकार ने धनराशि अवमुक्त की है, जल्द ही इसका सुंदरीकरण होगा। संस्थान के अध्यक्ष आकाश सिंह ने बताया कि उत्सव की तैयारी सुबह से शुरू हो गई थी।

### जगमगाए सरयू तट

शाम पांच बजे सरयू आरती के बाद दुल्हन की तरह सजा श्रृंगी ऋषि आश्रम का प्रांगण दीपों से जगमगा उठा। इस अवसर पर राम विभूति सिंह ,राम केर सिंह ,सूर्यभान सिंह (गुड्डू ) अखंड सिंह, विशाल सिंह, राघवेंद्र सिंह, मुलायम सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

### निकली शोभायात्रा

श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर शोभायात्रा निकाल कर मां ज्वाला मंदिर पर भव्य भंडारे व जागरण का आयोजन किया गया। मां ज्वाला मंदिर से लेकर सोहावल रेलवे क्रॉसिंग तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान सत्यनाम सिंह, एडवोकेट दीपक सिंह, वीरभद्र गुप्ता, अशोक सिंह, सुरेंद्र दुबे, धन्ना सिंह, अखिलेश जायसवाल, पिंटू सिंह, महेश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।